www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

पटना
वर्ष: 25 अंक 84
शुक्रवार 10 जुलाई, 2026

तापमान
अधिकतम 33°C
न्यूनतम 27°C

मूल्य 3 रुपए   पृष्ठ-8

बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित

www.tarunmitra.in

## ईरान के पांच प्रांतों में अमेरिका का हमला, 14 की मौत, 78 घायल

**तेहरान, 09 जुलाई।** बुधवार से शुरू हुए अमेरिका के हमलों में पांच प्रांतों में 14 लोगों की मौत हो गई है और 78 लोग घायल हुए हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य के पास बसे ईरान के तटीय शहरों बुशहर, चाबहार, बंदर अब्बास और सिरिक में गुरुवार को जोरदार धमाके हुए हैं। अमेरिका ने लगातार दूसरी रात ईरानी शहरों पर बमबारी की। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि उसने जवाबी हमलों में बहरीन, कुवैत और कतर में अमेरिकी ठिकानों और रणनीतिक केंद्रों पर हमला किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि यह हमले होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर ईरान के कथित हमलों के बदले में किए गए। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जसीम अल थानी ने ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अरागची के साथ फोन पर बातचीत में होर्मुज जलडमरूमध्य में कमर्शियल जहाजों को निशाना



- अमेरिका ने लगातार दूसरी रात की बमबारी, तेहरान-मशहद रेलवे लाइन क्षतिग्रस्त

बनाकर किए गए हमलों की निंदा की है। उन्होंने कहा कि ऐसी हरकतें भरोसे को कमजोर करती हैं।

कतर के प्रधानमंत्री ने अमेरिका-ईरान के बीच हुए अंतरिम समझौते के तहत तय की गई शर्तों को लागू करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने तनाव को कम करने और एक व्यापक समझौते तक पहुंचने के सभी प्रयासों के लिए कतर के समर्थन को भी दोहराया।

# यूरेनियम समझौते से भारत-ऑस्ट्रेलिया रिश्तों को नई रफ्तार

## मोदी-अल्बनीज शिखर वार्ता: रक्षा, ऊर्जा, व्यापार समेत 18 समझौतों से साझेदारी मजबूत

**मेलबर्न/नई दिल्ली, 09 जुलाई।** भारत और ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को अपनी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाई देते हुए रक्षा, परमाणु ऊर्जा, समुद्री सुरक्षा, व्यापार, साइबर सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), शिक्षा, कौशल विकास, खनन, विज्ञान, हरित ऊर्जा और सांस्कृतिक विरासत समेत विभिन्न क्षेत्रों में 18 महत्वपूर्ण समझौतों और पहलों पर सहमति बनाई।

मेलबर्न में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के बीच तीसरे वार्षिक शिखर सम्मेलन के बाद दोनों देशों ने आर्थिक, सामरिक और तकनीकी सहयोग को अगले स्तर तक ले जाने का रोडमैप पेश किया।

वार्ता की सबसे बड़ी उपलब्धि असैन्य परमाणु सहयोग के तहत ऑस्ट्रेलिया से भारत को यूरेनियम आपूर्ति का रास्ता खुलना रही, जिससे देश की ऊर्जा सुरक्षा और स्वच्छ ऊर्जा कार्यक्रमों को नई मजबूती मिलेगी। संयुक्त प्रेस वार्ता में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया दो जीवंत

**समझौता**

- ऑस्ट्रेलिया से यूरेनियम आपूर्ति का रास्ता खुला, ऊर्जा सुरक्षा को मिलेगा बल
- स्वच्छ ऊर्जा, एआई और महत्वपूर्ण खनिजों में बढ़ेगा सहयोग
- हिंद-प्रशांत में समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी सहयोग पर साझा संकल्प

लोकतंत्र, बहुसांस्कृतिक समाज और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की महत्वपूर्ण समुद्री शक्तियां हैं। दोनों देशों के साझा लोकतांत्रिक मूल्य, आपसी विश्वास और समान वैश्विक दृष्टिकोण ने रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उन्होंने प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि उनके व्यक्तिगत प्रयासों से



द्विपक्षीय संबंधों को नई गति मिली है।

दोनों नेताओं ने वर्ष 2022 में हुए आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौते (ईसीटीए) के सकारात्मक परिणामों की समीक्षा करते हुए व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) को जल्द अंतिम रूप देने का निर्णय लिया। दोनों देशों का मानना है कि इससे व्यापार, निवेश और औद्योगिक सहयोग को व्यापक विस्तार मिलेगा। इसी दौरान ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े पेंशन फंड ऑस्ट्रेलियनसुपर ने भारत के नेशनल इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एनआईआईएफ) में 500 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर के अतिरिक्त निवेश की घोषणा की। इसके बाद भारत में उसका कुल निवेश बढ़कर 3.3 बिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर हो जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे भारत की आर्थिक प्रगति और सुधारों पर वैश्विक निवेशकों के बढ़ते भरोसे का प्रमाण बताया।

### गगनयान को ऑस्ट्रेलिया से मिलेगा अंतरिक्ष ट्रैकिंग का सहारा

**मेलबर्न।** भारत और ऑस्ट्रेलिया ने शिक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष सहयोग को नई दिशा देते हुए कई अहम घोषणाएं की हैं। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों नरेंद्र मोदी और एंथनी अल्बनीज की मौजूदगी में तय हुआ कि ऑस्ट्रेलिया के कोकोस (कीलिंग) द्वीप समूह में भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मानव अंतरिक्ष मिशन के लिए अस्थायी स्पेस ट्रैकिंग टर्मिनल स्थापित किया जाएगा। यह केंद्र गगनयान के शुरुआती चार मिशनों की निगरानी और ट्रैकिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। दोनों देशों ने ऑस्ट्रेलिया-कनाडा-भारत प्रौद्योगिकी एवं नवाचार (एसीआईटीआई) साझेदारी के तहत त्रिपक्षीय तकनीकी सहयोग बढ़ाने के लिए समझौता ज्ञापन का भी स्वागत किया। इसका उद्देश्य उभरती और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में संयुक्त अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना है।

## संक्षिप्त समाचार

### महाराष्ट्र में फिर डोली धरती, कई जिलों में झटके

**मुंबई, 09 जुलाई।** महाराष्ट्र के लातूर, हिंगोली, नांदेड़ और परभणी जिलों में गुरुवार तड़के भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिससे लोगों में कुछ देर के लिए दहशत फैल गई। हालांकि राहत की बात यह रही कि कहीं से भी जान-माल के नुकसान या किसी बड़े हादसे की सूचना नहीं मिली है। जिला आपातकालीन संचालन केंद्र के अनुसार, पहला झटका रात 1:37 बजे, दूसरा 2:15 बजे और तीसरा 2:17 बजे महसूस किया गया। इनकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर क्रमशः 4.6, 3.6 और 3.9 दर्ज की गई।

### न्यूयॉर्क में आईएनएस सुदर्शिनी ने लहराया भारत का नौसैनिक गौरव

**नई दिल्ली, 09 जुलाई।** अमेरिका की आजादी का जश्न मनाने के लिए 250वीं सालगिरह के मौके पर इंटरनेशनल नेवल रिव्यू में इंडियन नेवल सेल ट्रेनिंग शिप (एसटीएस) आईएनएस सुदर्शिनी ने भारत का प्रतिनिधित्व किया है। इस एसटीएस ने महासागरीय पार अभियान के तहत न्यूयॉर्क का पोर्ट कॉल पूरा करके भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को दिखाया है। साथ ही भारत और अमेरिका के बीच सामरिक और सांस्कृतिक साझेदारी को और मजबूत किया है।

### बेकाबू स्कॉर्पियो ने तीन मजदूरों की जान ली

**ग्रेटर नोएडा, 09 जुलाई।** जेवर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से तीन प्रवासी मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा बुधवार देर रात जेवर-खुर्जा मार्ग पर नीमका गांव के सामने हुआ, जहां सड़क किनारे पैदल जा रहे तीन युवकों को तेज गति से आ रही स्कॉर्पियो ने कुचल दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि चालक वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान बिहार के अररिया जिले के रहने वाले करन (22), विश्वजीत (24) और मिथुन (25) के रूप में हुई है। तीनों धान की रोपाई का कार्य करने के लिए जेवर क्षेत्र आए थे और घटना के समय पैदल जा रहे थे।

### कर्नाटक सड़क हादसे में छह मौतें, प्रधानमंत्री मोदी ने जताया शोक

**यल्लापुर/नई दिल्ली, 09 जुलाई।** कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के यल्लापुर तालुक स्थित अरबैल घाट के बलगार क्षेत्र में गुरुवार तड़के एक क्रूजर वाहन और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के समय धारवाड़ के पर्यटक धर्मस्थल और चिक्कमगलूर की यात्रा पर जा रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान बसवराज (48), अभिषेक ईश्वर (28), अक्षय (26), अभिषेक (26) और संजीव (संजय) अंगडी के रूप में हुई है।

घायलों में शिवराज दुर्गप्पा मडिवाल (22), मंजूनाथ अशोक चुलकी (32), सचिन तथा चेन्नबसैया बसलिंगैया संपगांव (28) शामिल हैं। सभी का अस्पताल के आईसीयू में उपचार चल रहा है।

## गलवान के बाद सरकार ने चीन के सामने समर्पण किया: खरगे

**नई दिल्ली, 09 जुलाई।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को केंद्र सरकार पर गलवान संघर्ष के बाद चीन के प्रति नरम रुख अपनाने का आरोप लगाया।

उन्होंने दावा किया कि छह वर्ष बाद भी भारत की अर्थव्यवस्था के कई रणनीतिक क्षेत्रों में चीन पर निर्भरता लगातार बढ़ रही है, जिससे राष्ट्रीय हित प्रभावित हो रहे हैं। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी बयान में खरगे ने कहा कि गलवान में 20 भारतीय सैनिकों के बलिदान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन को 'क्लीन चिट' दे दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि सैनिकों ने सर्वोच्च बलिदान दिया, लेकिन सरकार भारत के हितों की रक्षा करने में विफल रही।

खरगे ने कहा कि वर्ष 2025-26 तक चीन से भारत का आयात गलवान के बाद 101.81 प्रतिशत बढ़ गया, जबकि व्यापार घाटा बढ़कर 112.1 अरब डॉलर पहुंच गया। उनके अनुसार, भारत के एंटीबायोटिक आयात का 86 प्रतिशत तथा एपीआई, बल्क ड्रग और ड्रग इंटरमीडिएट का लगभग 74 प्रतिशत हिस्सा चीन से आता है। उन्होंने दावा किया कि इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में 66 प्रतिशत कंपोनेंट और करीब 75 प्रतिशत लिथियम-आयन बैटरियां चीन से आयात होती हैं।

# सम्राट चौधरी का निर्देश, एक करोड़ नए राशन कार्ड का लक्ष्य जल्द पूरा करें

**पटना, 09 जुलाई।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अधिकारियों को एक करोड़ नए राशन कार्ड बनाने का लक्ष्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि राशन वितरण व्यवस्था की नियमित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रत्येक पात्र लाभार्थी को सम्मानपूर्वक एवं बिना किसी बाधा के खाद्यान्न उपलब्ध हो सके। मुख्यमंत्री चौधरी ने गुरुवार को पटना में लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प' सभागार में केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी के साथ विभागीय योजनाओं एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली की विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में खाद्य



सुरक्षा को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं तकनीक आधारित बनाने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार की ऑनलाइन सार्वजनिक वितरण प्रणाली का प्रदर्शन सराहनीय है और इसे और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जाए। बैठक में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के सफल क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए खाद्यान्न भंडारण व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए स्मार्ट वेयरहाउसिंग विकसित करने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही 'सार्थक पीडीएस' मॉडल, उसके विभिन्न मॉड्यूल, तकनीकी संरचना एवं लागत साझेदारी के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि राज्य के सभी खाद्यान्न गोदामों (वेयरहाउस) की गुणवत्ता, सुरक्षा एवं रख-रखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे खाद्यान्न का सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित हो। सभी खाद्यान्न गोदामों में विद्युत आपूर्ति के साथ-साथ बुनियादी सुविधायें उपलब्ध करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के जो सुझाव प्राप्त हुये हैं उसके आलोक में विभाग समन्वय बनाकर तेजी से लक्ष्य को प्राप्त करे।

चौधरी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने बिहार आकर योजनाओं की समीक्षा की और बिहार की तरक्की के लिये जो सहयोग का आश्वासन दिया है उसके लिये आभार व्यक्त करते हैं।

## तृणमूल के फ्रीज खातों के संचालन को हाईकोर्ट की मंजूरी

**कोलकाता, 09 जुलाई (हि.स.)।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने तृणमूल कांग्रेस के कालीघाट गुट के तीन फ्रीज किए गए बैंक खातों से जुड़े मामले में गुरुवार को अंतरिम राहत देते हुए एक विशेष अधिकारी नियुक्त किया है। अदालत ने निर्देश दिया कि फिलहाल इन खातों का संचालन विशेष अधिकारी करेंगे। साथ ही, पार्टी को दैनिक आवश्यक कार्यों और कानूनी खर्चों के लिए इन खातों से धनराशि उपयोग करने की अनुमति दी गई है, लेकिन यह प्रक्रिया विशेष अधिकारी की निगरानी में होगी। न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य की एकल पीठ ने सेवानिवृत्त न्यायाधीश सुभ्रत तालुकदार को विशेष अधिकारी नियुक्त किया। अदालत के अंतरिम आदेश के अनुसार, 30 सितंबर तक वही तीनों बैंक खातों का संचालन करेंगे।

# अवैध निर्माण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली, 09 जुलाई।** देशभर में अवैध निर्माण और नगर निकायों की कथित मिलीभगत को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि अदालत के आदेशों का पालन नहीं होना बेहद गंभीर मामला है। न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति शील नागू की पीठ ने विशेष रूप से दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अवैध निर्माण रोकने के बजाय केवल नोटिस जारी कर औपचारिकता निभाई गई, जबकि मौके पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि 20 मई को दिल्ली के लाजपत नगर और सरोजनी नगर में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई

**फटकार**



- नगर निकायों को लगाई फटकार
- दिल्ली, लखनऊ और गुरुग्राम समेत कई निगमों-निकायों से मांगा जवाब, आईआईटी टीम करेगी निरीक्षण

के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद निर्माण कार्य जारी रहा। पीठ ने टिप्पणी की कि हाईकोर्ट के रोक संबंधी आदेश के बाद भी यदि अवैध निर्माण होता है तो यह अधिकारियों की गंभीर लापरवाही और कथित मिलीभगत को दर्शाता है। अदालत ने कहा कि यदि न्यायालय के आदेशों की भी अनदेखी होगी तो आम नागरिकों को न्याय कैसे मिलेगा।

कोर्ट ने मालवीय नगर में आग की घटना और भवन दुर्घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे हादसे प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम हैं। वास्तविक स्थिति का आकलन करने के लिए आईआईटी दिल्ली के दो वरिष्ठ सिविल इंजीनियरिंग प्रोफेसरों और दो ड्राफ्ट्समैन की संयुक्त टीम गठित करने का निर्देश दिया गया।

## मानसून का कहर, उत्तर प्रदेश के 27 जिलों में रेड अलर्ट जारी

**लखनऊ, 09 जुलाई।** उत्तर प्रदेश में मानसून ने गुरुवार को विकराल रूप धारण कर लिया। लगातार हो रही भारी बारिश के चलते प्रदेश के 27 जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है, जबकि सभी 75 जिलों में किसी न किसी स्तर की मौसम चेतावनी लागू है। पिछले 24 घंटों में बारिश और उससे जुड़े हादसों में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि सहारनपुर में उफनती नदी में बह रहे तीन लोगों को ग्रामीणों ने सुरक्षित बचा लिया। नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, बुलंदशहर, बागपत, हाथरस और मथुरा समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई शहरों में जलभराव से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित रहा। नोएडा और गाजियाबाद की प्रमुख सड़कों पर एक से दो फीट तक पानी भर गया, जबकि गाजियाबाद में जलभराव के बीच एक सड़क धंसने से कार गड्ढे में जा गिरी। बुलंदशहर के बाजार और रिहायशी इलाके जलमग्न हो गए तथा बागपत में दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर पानी भरने से लंबा जाम लग गया। सहारनपुर की सहंश्रा नदी में तेज बहाव के दौरान मोटरसाइकिल सहित बह रहे तीन लोगों को ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

## राज्य बाढ़ के मौसम में प्रवेश कर चुका, सभी तैयारियां समय रहते पूरी रहनी चाहिए : उपमुख्यमंत्री

**पटना, 09 जुलाई (हि.स.)।** संभावित बाढ़ 2026 को लेकर राज्य सरकार पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में सिंचाई भवन स्थित विभागीय सभागार में गुरुवार को उप मुख्यमंत्री (जल संसाधन) मंत्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में बाढ़ संघर्षात्मक कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई। समीक्षा के दौरान उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि राज्य बाढ़ के मौसम में प्रवेश कर चुका है।

ऐसे में किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए सभी तैयारियां समय रहते पूरी रहनी चाहिए। उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी ने कहा कि कटाव निरोधक कार्यों की स्वीकृति वर्ष के प्रारंभ में ही इसलिए दी गई थी ताकि बाढ़ अवधि शुरू होने से पहले सभी कार्य पूरे हो जाएं। अधिकांश स्थलों पर कार्य पूर्ण हो चुके हैं, जबकि जहां कार्य शेष हैं, उन्हें हर हाल में एक सप्ताह के भीतर पूरा करने का निदेश दिया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि तटबंधों की नियमित एवं



प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करें। विजय चौधरी ने कहा कि मुख्यालय स्तर से विभाग के सचिव एवं वरीय अभियंताओं द्वारा लगातार स्थल निरीक्षण किया जा रहा है एवं अद्तन स्थिति की मॉनिटरिंग की जा रही है। वहीं क्षेत्रीय अधिकारी भी तटबंधों की लंबाई के अंतिम छोर तक निगरानी कर रहे हैं तथा नदियों के जलस्तर पर निरंतर नजर बनाए हुए है।

सभी मुख्य अभियंता सप्ताह में कम-से-कम दो बार रात्रि में औचक निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि संबंधित अभियंता एवं श्रमिक स्थल पर कैंप कर रहे हैं, संवेदनशील/अतिसंवेदनशील स्थलों पर हटमेंट की व्यवस्था तथा बाढ़ संघर्षात्मक कार्यों के लिए पर्याप्त मात्रा में आवश्यक सामग्री का भंडारण है।

## उत्तरी सीमाओं पर वायुसेना प्रमुख ने परखीं सैन्य तैयारियां, बढ़ाया हौसला

**नई दिल्ली, 09 जुलाई।** भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने उत्तरी क्षेत्र के अग्रिम सैन्य ठिकानों का दौरा कर परिचालन तैयारियों की व्यापक समीक्षा की। उन्होंने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के रणनीतिक क्षेत्रों में तैनात वायुसेना इकाइयों की युद्धक क्षमता, त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली और मिशन तैयारियों का आकलन किया। इस दौरान उन्होंने विषम परिस्थितियों में सीमाओं की सुरक्षा कर रहे वायु योद्धाओं से मुलाकात कर उनके साहस, पेशेवर दक्षता और समर्पण की सराहना की।

दौरे के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने वायुसेना प्रमुख को क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति, तैनाती और मौजूदा परिचालन व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

### 80 गांवों पर बसेगा न्यू नोएडा, एक्सप्रेसवे और एयरपोर्ट से मिलेगी सीधी कनेक्टिविटी

# एनसीआर को मिलेगा नया शहर, बदलेगी विकास की तस्वीर

प्रतिभा सिन्हा

**नोएडा, 09 जुलाई।** दिल्ली-एनसीआर के तेजी से बढ़ते शहरी विस्तार को नया आयाम देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने बहुप्रतीक्षित 'न्यू नोएडा' परियोजना को आगे बढ़ा दिया है। गौतमबुद्ध नगर और बुलंदशहर के करीब 80 गांवों को मिलाकर विकसित होने वाला यह नया शहर भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य केवल एक नई टाउनशिप बसाना नहीं, बल्कि ऐसा आधुनिक औद्योगिक, आवासीय और व्यावसायिक केंद्र विकसित करना है जो आने वाले दशकों तक एनसीआर की बढ़ती आबादी और निवेश की मांग को पूरा कर सके। दिल्ली-एनसीआर मास्टर प्लान-2041 के तहत प्रस्तावित इस परियोजना का दायरा लगभग 210 वर्ग किलोमीटर होगा। योजना के पहले चरण में

**तैयारी**

- 210 वर्ग किलोमीटर में फैलेगी टाउनशिप, पहले चरण में 37 गांवों में भूमि अधिग्रहण की तैयारी

गंगा, यमुना और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा शहर, निवेश और रोजगार को मिलेगा बड़ा आधार

37 गांवों की भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी है। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से बाकी गांवों को भी विकास योजना में शामिल किया जाएगा। इस परियोजना में उद्योग, आवास, संस्थागत क्षेत्र, हरित क्षेत्र और आधुनिक नागरिक सुविधाओं का संतुलित विकास प्रस्तावित है। न्यू नोएडा की सबसे बड़ी ताकत इसकी बहुस्तरीय कनेक्टिविटी होगी। नोएडा प्राधिकरण लगभग 20 किलोमीटर लंबी लिंक रोड विकसित करने की योजना पर काम कर रहा है, जिससे यह शहर बुलंदशहर के रास्ते सीधे गंगा एक्सप्रेसवे से जुड़ सकेगा। साथ ही इसका संपर्क ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे और यमुना एक्सप्रेसवे से भी होगा। इससे पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दिल्ली और आसपास के राज्यों के बीच आवागमन पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान होने की उम्मीद है।

परियोजना का एक महत्वपूर्ण पहलू नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर से सीधी कनेक्टिविटी भी है। एयरपोर्ट चालू होने के बाद न्यू नोएडा लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग, निर्यात और औद्योगिक निवेश का बड़ा केंद्र बन सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि एयरपोर्ट और एक्सप्रेसवे नेटवर्क के कारण यहां देश-विदेश की कंपनियों का निवेश बढ़ेगा और बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

## कर्नाटक में लोकायुक्त के छापे, अफसरों की बेहिसाब दौलत का खुलासा

**बेंगलुरु, 09 जुलाई।** कर्नाटक में आय से अधिक संपत्ति के मामलों पर लोकायुक्त ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए राज्य के सात शहरों में 10 सरकारी अधिकारियों के ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इस दौरान बेंगलुरु एपीएमसी में डिप्टी डायरेक्टर (प्रशासन) पुष्पा डी.आर. के आवास से भारी मात्रा में सोने के आभूषण और चांदी की वस्तुएं बरामद हुईं। बरामद संपत्ति का मूल्यांकन कराया जा रहा है।

लोकायुक्त को लंबे समय से कुछ अधिकारियों द्वारा घोषित आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायतें मिल रही थीं। प्रारंभिक जांच के बाद विशेष टीमों ने बेंगलुरु, रायचूर, चित्रदुर्ग, तुमकुरु, शिवमोगा और कलबुर्गी समेत सात शहरों में एक साथ छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान घरों, कार्यालयों और अन्य परिसरों की गहन तलाशी ली गई।

जांच के दायरे में कृष्णा भायर जल निगम लिमिटेड के कार्यकारी अभियंता बसनगौड पाटिल, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता नरेंद्र कुमार, कृषि अभियांत्रिकी विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर शंकर एम., केआरआईडीएल के अधीक्षण अभियंता प्रवीण बी. श्रीहरि, वाटरशेड विकास विभाग के रेंज फॉरेस्ट अधिकारी दुग्गप्पा बी.एच., लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता मधुसूदन एन., वन अनुसंधान प्रभाग के सहायक संरक्षक किरण अंगडी, पंचायत विकास अधिकारी थिम्मे गौड़ा तथा जीआईएससीसीओएम के सहायक कार्यकारी अभियंता अमृत राव भी शामिल हैं।

# स्वास्थ्य सुविधा से वंचित दक्षिण सिमरिया पंचायत

## 15 किलोमीटर दूर इलाज को मजबूर ग्रामीण

**कोलासी, कटिहार, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** बिहार सरकार जहां एक ओर गांवों को स्मार्ट गांव बनाने और ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का दावा कर रही है, वहीं कटिहार जिले के कोढ़ा प्रखंड की दक्षिण सिमरिया पंचायत इन दावों की हकीकत बयां कर रही है।

लगभग पूरी पंचायत आज भी एक सरकारी स्वास्थ्य केंद्र की सुविधा से वंचित है। इसका खामियाजा हजारों ग्रामीणों को रोजाना भुगतना पड़ रहा है। पंचायत के ग्रामीणों का कहना है कि गांव में प्राथमिक उपचार तक की कोई सरकारी व्यवस्था नहीं है। ऐसे में बुखार, सर्दी, खांसी, चोट, गर्भवती महिलाओं की जांच अथवा अन्य सामान्य बीमारियों के इलाज के लिए भी उन्हें करीब 15 किलोमीटर की दूरी तय कर कोढ़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या कटिहार सदर अस्पताल जाना पड़ता है।

### झोलाछाप डॉक्टरों का बढ़ा बोलबाला

कई बार समय पर वाहन उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीजों की परेशानी और बढ़ जाती है।सरकारी स्वास्थ्य सुविधा के अभाव का सबसे अधिक फायदा झोलाछाप डॉक्टर उठा रहे हैं। पंचायत और आसपास के क्षेत्रों में बिना मान्यता के कई लोग डॉक्टर बनकर मरीजों का इलाज कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि ये कथित डॉक्टर मनमाने तरीके से फीस वसूलते हैं और बिना उचित जांच के दवाइयां देकर मरीजों की जान जोखिम में डालते हैं। कई मामलों में मरीजों की हालत बिगड़ने पर उन्हें बाद में बड़े अस्पताल रेफर किया जाता है।

ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में यदि एक स्वास्थ्य उपकेंद्र या हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की व्यवस्था हो जाए तो हजारों लोगों को राहत मिल सकती है। खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को समय पर प्राथमिक उपचार उपलब्ध होगा तथा झोलाछाप डॉक्टरों पर भी काफी हद तक रोक लगेगी। इस संबंध में जब कोढ़ा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अमित आर्या से बात की गई तो उन्होंने बताया कि विभाग इस समस्या से अवगत है।

उन्होंने कहा कि बहुत जल्द दक्षिण सिमरिया पंचायत में एक एएनएम को आवश्यक दवाइयों के साथ तैनात किया जाएगा, ताकि पंचायत के लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकें और छोटी-मोटी बीमारियों के इलाज के लिए उन्हें दूर नहीं जाना पड़े। अब देखना यह होगा कि स्वास्थ्य विभाग का यह आश्वासन धरातल पर कब तक उतरता है। फिलहाल दक्षिण सिमरिया पंचायत के ग्रामीण सरकारी स्वास्थ्य सुविधा की आस लगाए हुए हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि जल्द ही उनकी वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होगा।

## संयुक्त निरीक्षण किया गया

**गया, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** उपराष्ट्रपति, राज्यपाल, बिहार एवं मुख्यमंत्री, बिहार के प्रस्तावित गया आगमन के मद्देनजर गुरुवार को डीएम, एसएसपी, सीटी एसपी द्वारा बिपार्ड, गया का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास मार्ग, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, बैरिकेडिंग, ड्यूटी प्वाइंट, आपातकालीन सेवाओं, नियंत्रण कक्ष तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था संबंधी तैयारियों का गहन निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

# बीच सड़क दो लोगों की जिंदा जलने से मौत, गयाजी में कार-ट्रक की टक्कर

**गयाजी, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** शहर में तेज रफ्तार कार और ट्रक की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद कार में आग लग गई। इस टक्कर के बाद कार में सवार दो लोग की जिंदा जलने से मौत हो गई। जबकि ड्राइवर गंभीर रूप से झुलस गया। मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। बताया जाता है कि कार सवार झारखंड से आ रहे थे। घटना बोधगया थाना क्षेत्र के सिजुआ गांव के पास बुधवार रात के करीब 1:30 बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा इतना भयानक था कि कार सवार को संभलने का मौका तक नहीं मिला। खाद लोडेड ट्रक सर्विस लेन से गलत दिशा (रॉन्ग साइड) में फोरलेन पर चढ़ने की कोशिश कर रहा था।उसी समय डोभी की तरफ से पटना जा रही कार अनियंत्रित हो गई और सीधे ट्रक के दाहिने हिस्से में बने डीजल टैंक से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक का डीजल टैंक तुरंत फट गया। टैंक फटते ही उसमें से डीजल बहने लगा और देखते ही देखते दोनों गाड़ियों में आग लग गई।

आग इतनी तेजी से फैली कि कार सवार लोगों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिल सका। कुछ ही मिनटों में पूरी गाड़ी आग का गोला बन गई। अंदर बैठे दो लोग उसी में जिंदा जल गए।गाड़ी का ड्राइवर किसी तरह बाहर निकल पाया, लेकिन वह भी बुरी तरह झुलस गया है। घटना के तुरंत बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है।हालत नाजुक बनी हुई है। हादसे के बाद ट्रक का ड्राइवर और खलासी गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। आग इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह से जलकर राख के ढेर में तब्दील हो गई, जबकि ट्रक का अगला हिस्सा काफी हद तक क्षतिग्रस्त हो गया।

इस बीच, पुलिस जब जांच-पड़ताल के लिए कार के मलबे के पास पहुची, तो उन्हें वहां से शराब की कुछ खाली बोतलें भी मिली हैं।पुलिस इस बिंदु पर भी जाच कर रही है कि कहीं लोग नशे में तो नहीं थे।जानकारी मिलते ही बोधगया थाना के अपर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह और एएसआई नीरज कुमार सिंह पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे।रात में ही आग पर काबू पाने और राहत-बचाव का काम शुरू किया गया।गुरुवार की सुबह पुलिस ने जेसीबी और क्रेन की मदद से दोनों जले हुए वाहनों को बीच सड़क से हटवाया, जिसके बाद इस फोरलेन पर यातायात को दोबारा सुचारू रूप से शुरू कराया जा सका।

# सीयूएसबी के 24 स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू, आवेदन की अंतिम तिथि 16

**टिकारी (गया), 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** शैक्षणिक उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर अग्रसर राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक से ए++ ग्रेड प्राप्त तथा यूजीसी श्रेणी-1 विश्वविद्यालय, दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 से बायोटेक्नोलॉजी, बायोइनफॉर्मेटिक्स एवं एनवायर्नमेंटल साइंस में तीन नए पाँच वर्षीय एकीकृत स्नातक-स्नातकोत्तर (यूजी-पीजी) पाठ्यक्रम प्रारंभ किए हैं।

विश्वविद्यालय ने इस शैक्षणिक सत्र के लिए 24 स्नातक (यूजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन काउंसलिंग के लिए आवेदन प्रक्रिया गुरुवार (9 जुलाई) को प्रारंभ कर दी है। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि बिहार तथा देश के अन्य राज्यों के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए इन नए पाठ्यक्रमों की शुरूआत की गई है, जिससे उन्हें रोजगार एवं उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे।जन संपर्क पदाधिकारी मो. मुदस्सीर आलम ने बताया कि परीक्षा नियंत्रक डॉ. शांतिगोपाल पाइन ने इस संबंध में विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट ( सीयूईटी-यूजी -2026) में सम्मिलित सभी अभ्यर्थी ओपन काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. शांतिगोपाल पाइन ने बताया कि विश्वविद्यालय ने 24 स्नातक पाठ्यक्रमों की कुल 858 सीटों पर प्रवेश हेतु ओपन रजिस्ट्रेशन आमंत्रित किया है। इनमें पाँच वर्षीय एकीकृत बी.ए. एलएल.बी. (ऑनर्स), पाँच वर्षीय एकीकृत बीबीए एलएल.बी., चार वर्षीय बी.एससी. (ऑनर्स) एग्रीकल्चर, दो वर्षीय डिप्लोमा इन फामेर्सी (डी.फार्मा) तथा पाँच वर्षीय एकीकृत यूजी-पीजी कार्यक्रम क्रमशः बायोटेक्नोलॉजी, बायोइनफॉर्मेटिक्स, एनवायर्नमेंटल साइंस, लाइफ साइंस, कंप्यूटर साइंस, भूविज्ञान, पत्रकारिता एवं जनसंचार, भूगोल, सांख्यिकी, रसायन विज्ञान, गणित, मनोविज्ञान, राजनीति विज्ञान एवं अंतरराष्ट्रीय संबंध, इतिहास, समाजशास्त्र, भौतिकी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, वाणिज्य तथा हिन्दी शामिल हैं।

उप कुलसचिव (शैक्षणिक एवं परीक्षा) कुमार कौशल ने बताया कि सीयूएसबी में स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों को सीयूएसबी समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा।सामान्य, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए प्रत्येक पाठ्यक्रम हेतु ?500 तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए ?200 (अप्रतिदेय) पंजीकरण शुल्क निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पाठ्यक्रम की मेरिट सूची केवल उन्हीं अभ्यर्थियों के आधार पर तैयार की जाएगी, जिन्होंने निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन पंजीकरण कराया होगा।केवल सीयूएसबी समर्थ पोर्टल पर पंजीकृत अभ्यर्थियों को ही काउंसलिंग एवं प्रवेश की प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा।

## सहयोग पोर्टल पर प्राप्त आवेदन को पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादित करें : डीएम

**दरभंगा, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** डीएम कौशल कुमार की अध्यक्षता में सहयोग पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न विभागों से संबंधित पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों की अद्यतन स्थिति, लंबित मामलों एवं उनके निष्पादन की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। बैठक के दौरान डीएम ने सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सहयोग पोर्टल पर प्राप्त प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करें। सभी विभाग नियमित रूप से पोर्टल चेक करें तथा प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन करते हुए उसकी अद्यतन जानकारी पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों की प्रतिदिन समीक्षा कर उनका शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें। बैठक में सहायक समाहर्ता कल्पना रावत, अपर समाहर्ता (राजस्व) मनोज कुमार सहित विभिन्न संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 27 को कोढ़ा सीएचसी में लगेगा दिव्यांग प्रमाण-पत्र शिविर

**कोलासी, कटिहार, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** कटिहार जिले के दिव्यांगजनों के लिए राहत भरी खबर है। असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, कटिहार के ज्ञापांक-2578 दिनांक 25 जून 2026 के निर्देश के आलोक में आगामी 27 जुलाई 2026 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी), कोढ़ा में दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनाने के लिए विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य ऐसे दिव्यांगजनों को प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराना है, जो अब तक इससे वंचित हैं। स्वास्थ्य विभाग ने इस विशेष अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोढ़ा के अंतर्गत कार्यरत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी (सीएचओ), एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं आशा फैसिलिटेटरों को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया है। उन्हें गांव-गांव जाकर लोगों को शिविर की तिथि, स्थान एवं उद्देश्य की जानकारी देने तथा अधिक से अधिक पात्र दिव्यांगजनों को शिविर में पहुंचने के लिए प्रेरित करने को कहा गया है।

स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि दिव्यांग प्रमाण-पत्र केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की महत्वपूर्ण कड़ी है। प्रमाण-पत्र बनने के बाद पात्र दिव्यांगजन पेंशन योजना, शिक्षा, छात्रवृत्ति, आरक्षण, सहायक उपकरण, यात्रा रियायत सहित केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। विभाग ने अपील की है कि जिन दिव्यांग व्यक्तियों का अब तक प्रमाण-पत्र नहीं बना है, वे निर्धारित तिथि 27 जुलाई 2026 को आवश्यक दस्तावेजों के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोढ़ा पहुंचकर अपना पंजीकरण एवं चिकित्सीय जांच कराएं। साथ ही स्थानीय स्वास्थ्य कर्मियों से भी सहयोग लेने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य विभाग को उम्मीद है कि व्यापक जनजागरूकता अभियान के माध्यम से इस विशेष शिविर में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन भाग लेंगे और सरकारी योजनाओं से जुड़ने का अवसर प्राप्त करेंगे।

## मीम नाज़िश पीएचडी के उपाधि से हुए सम्मानित

**गया जी, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** अल हम्द इस्लामिक स्कूल के निदेशक, मीम नाज़िश को मगध विश्वविद्यालय बोध गया द्वारा,डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी, के उपाधि से अलंकृत किया गया।वे हाजी शकील अहमद के पुत्र हैं, उनके शोध का विषय था स्टडी ऑन द इंसेक्ट पेस्ट बायोडायवर्सिटी ऑन ग्राम क्रॉप एट गया, बिहार।उनके शोध पत्र के निरीक्षक, प्रोफेसर डॉक्टर अबुल फतह, मिर्जा गालिब कॉलेज गया, तथा संरक्षक डॉक्टर सरफराज अली मगध विश्वविद्यालय बोध गया रहे,जबकि परीक्षक डॉक्टर तुमुल सिंह प्रोफेसर एवं हेड यूपी कॉलेज वाराणसी उपस्थित रहे।मीम नाज़िश के इस उपलब्धि के लिए उनके परिवार के अतिरिक्त शिक्षा जगत, एवं सामाजिक क्षेत्र से बधाईयां एवं शुभकामनाएं मिल रही हैं।

## लोगों की समस्या को ध्यानपूर्वक सुना गया

**गया, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** सीटी एसपी अभिनव के द्वारा गुरुवार को जनता दरबार में आमजनों की शिकायतें सुनी गई।जिसमें फरियादी अपनी-अपनी समस्या लेकर उपस्थित हुए।सीटी एसपी के द्वारा सभी लोगों की समस्या को ध्यानपूर्वक सुना गया और उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

## 18 को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत की तैयारी तेज

**गया, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गया प्रदीप कुमार मलिक के निदेशानुसार 18 जुलाई को आयोजित होने वाली परक्राम्य लिखत अधिनियम (एन आई एक्ट) से संबंधित विशेष लोक अदालत की तैयारियों को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के चैंबर में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजीएम), सभी अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (एसीजीएम) तथा सभी प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अधिक से अधिक एन आई एक्ट से संबंधित वादों को चिन्हित करने, पक्षकारों को समय पर नोटिस निर्गत करने तथा प्री-सिटिंग के माध्यम से आपसी समझौते के प्रयास तेज करने का निर्देश दिया, ताकि अधिकाधिक मामलों का निष्पादन विशेष लोक अदालत में सौहार्दपूर्ण ढंग से किया जा सके।बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अरविंद कुमार भी उपस्थित थे।उन्होंने विशेष लोक अदालत की सफलता के लिए न्यायिक पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए पक्षकारों को समझौते के लिए प्रेरित करने तथा आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने पर बल दिया।

# रंगदारी व अंधाधुंध फायरिंग कांड का खुलासा, एसटीएफ के साथ संयुक्त कार्रवाई में दो और गिरफ्तार

**कटिहार, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** कटिहार जिला पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में बरारी थाना क्षेत्र के चर्चित रंगदारी एवं अंधाधुंध फायरिंग कांड का सफल उद्भेदन करते हुए दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले इस मामले में पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है।

पुलिस के अनुसार, बरारी थाना क्षेत्र के बकिया दियारा निवासी फुलो यादव ने 14 दिसंबर 2025 को दर्ज कराए गए आवेदन में आरोप लगाया था कि आठ बदमाशों ने उनसे दो लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। रंगदारी नहीं देने पर 12 दिसंबर 2025 की रात करीब नौ बजे आरोपितों ने उनके घर को चारों ओर से घेर लिया, गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और दहशत फैलाने के उद्देश्य से अंधाधुंध फायरिंग की। इस संबंध में बरारी थाना में कांड संख्या 363/25 दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सदर-2 के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं एसटीएफ के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम (एसआईटी) का गठन किया गया।

तकनीकी अनुसंधान और मानवीय सूचना के आधार पर बकिया सुखाय दियारा में छापेमारी कर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान नीरो यादव उर्फ निरंजन यादव (पिता- लक्ष्मण यादव) तथा अनीश यादव (पिता- महेंद्र यादव), दोनों निवासी बकिया सुखाय दियारा, थाना बरारी, जिला कटिहार के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित नीरो यादव उर्फ निरंजन यादव का पूर्व से भी आपराधिक इतिहास रहा है। उससे जुड़े एक अन्य मामले में आरोप पत्र भी न्यायालय में समर्पित किया जा चुका है। पुलिस ने दोनों आरोपितों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई के लिए भेज दिया है।

## इसीआरकेयू द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया

**गया, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन गया शाखा द्वारा आज दिनांक 9 जुलाई 2026 को संध्या 15:30 बजे से लोको रनिंग रूम डेल्हा साइड गया में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।स्वर्गीय बंगाली चंपीया चीफ लोको इंस्पेक्टर (सीएलआई), धनबाद डिवीजन की आकस्मिक मृत्यु कोडरमा स्टेशन पर गाड़ी निरीक्षण के दौरान राजधानी एक्सप्रेस के चपेट में आने के कारण विगत सोमवार को हो गई थी जैसा की ज्ञात सूत्रों से पता चला है कि वह काफी तनाव में थे विभागीय उच्च अधिकारियों द्वारा डांट फटकार एवं अपमानित किए जाने के कारण वह कुछ दिनों से काफी तनाव में ड्यूटी कर रहे थे। ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन उच्च अधिकारियों द्वारा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को प्रताड़ित एवं अपमानित किए जाने की घटना से मर्माहत है तथा मांग करता है कि इस घटना की उच्च स्तरीय कमेटी द्वारा जांच हो एवं स्वर्गीय बंगाली चंपीया के परिवार को उचित न्याय मिल सके।

# एनसीवीटी मान्यता प्राप्त सुतारा प्राइवेट आईटीआई में नामांकन शुरू, छात्रों के लिए सुनहरा अवसर




**कुरसेला, कटिहार, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** समेली प्रखंड के सुरेश्वर नगर, देवीपुर स्थित एनसीवीटी मान्यता प्राप्त सुतारा प्राइवेट आईटीआई में नए शैक्षणिक सत्र के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। तकनीकी शिक्षा के माध्यम से रोजगार की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए यह सुनहरा अवसर माना जा रहा है। संस्थान के निदेशक प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि इस सत्र में इलेक्ट्रीशियन, फिटर, सर्वेयर एवं डीजल मैकेनिक ट्रेड में दो वर्षीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश लिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि संस्थान में तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ इंटरमीडिएट की पढ़ाई की भी सुविधा उपलब्ध है, जिससे विद्यार्थी एक साथ तकनीकी कौशल और शैक्षणिक योग्यता दोनों हासिल कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सीआईटीएस प्रशिक्षित अनुदेशकों की देखरेख में आधुनिक मशीनों एवं उपकरणों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाता है।

विद्यार्थियों को निःशुल्क कंप्यूटर शिक्षा, प्रयोगात्मक कक्षाएं तथा व्यवहारिक प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाता है, ताकि वे उद्योगों की वर्तमान जरूरतों के अनुरूप दक्ष बन सकें। निदेशक ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए पूरी तरह तैयार करना है। इसके लिए रेलवे, सेल , भेल , गेल , एनटीपीसी सहित विभिन्न सरकारी एवं सार्वजनिक उपक्रमों की प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी भी कराई जाती है।

संस्थान प्रबंधन ने इच्छुक छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों से शीघ्र नामांकन कराने की अपील करते हुए कहा कि सीमित सीटों पर प्रवेश जारी है। नामांकन एवं अन्य जानकारी के लिए संस्थान कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### डिग्री कॉलेज में शैक्षणिक एवं आधारभूत सुविधा पठन पाठन कार्य शुरू होने से पूर्व करने का निर्देश

**दरभंगा, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** जिले के विभिन्न प्रखंडों में संचालित होने वाले डिग्री कॉलेजों में पठन-पाठन प्रारंभ करने तथा आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। डीएम कौशल कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में कुशेश्वरस्थान, कुशेश्वरस्थान पूर्वी, किरतपुर, तारडीह, हनुमाननगर, सिंहवाड़ा, गौड़ाबौराम एवं अलीनगर प्रखंडों में संचालित डिग्री कॉलेजों के प्राचार्यों ने भाग लिया। बैठक में डीएम ने कहा कि संबंधित डिग्री कॉलेजों में गुणवत्तापूर्ण पठन-पाठन का संचालन शीघ्र प्रारंभ किया जाना है। इसके लिए सभी आवश्यक शैक्षणिक एवं आधारभूत तैयारियां निर्धारित समय-सीमा के भीतर हर हाल में पूर्ण करें। सभी महाविद्यालयों में उपलब्ध शैक्षणिक सामग्री, फर्नीचर सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की जहां भी कमी है उसे प्राथमिकता के आधार पर ससमय पूर्ण करें। बैठक के दौरान डीएम ने स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन (एल.ए.ई.ओ.) के अभियंताओं से विभिन्न अवसंरचना विकास कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि महाविद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन बिना किसी बाधा के प्रारंभ किया जा सके। बैठक में सहायक समाहर्ता कल्पना रावत, जिला पंचायती राज पदाधिकारी पवन कुमार यादव, जिला शिक्षा पदाधिकारी विद्यानंद ठाकुर, संबंधित डिग्री कॉलेजों के प्राचार्य तथा स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन (एल.ए.ई.ओ.) के अभियंता उपस्थित थे।

### 203 ग्राम स्मैक के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

**कटिहार, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** अमदाबाद थाना पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 203 ग्राम स्मैक के साथ एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी है। पुलिस के अनुसार, अमदाबाद थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के भोलामारी गांव में एक महिला अवैध मादक पदार्थ की तस्करी कर रही है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने गांव में छापेमारी की। पुलिस को देखते ही महिला भागने लगी, लेकिन जवानों ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया। पूछताछ में गिरफ्तार महिला ने अपनी पहचान मरकुरा बीबी, पति मुबारक हुसैन, निवासी भोलामारी, थाना अमदाबाद, जिला कटिहार के रूप में बताई। तलाशी के दौरान उसके पास से 203 ग्राम स्मैक बरामद किया गया। पुलिस ने बरामद मादक पदार्थ को जब्त कर महिला को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में अमदाबाद थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि बरामद स्मैक की आपूर्ति कहां से हुई और इसके नेटवर्क में अन्य कौन-कौन लोग शामिल हैं।

### विश्व स्किन हेल्थ डे पर त्वचा रोगों के प्रति किया जागरूक

**कटिहार, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** कटिहार मेडिकल कॉलेज के त्वचा एवं यौन रोग (डमेटीलॉजी) विभाग की ओर से बुधवार को विश्व स्किन हेल्थ डे-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कुलाधिपति डॉ. अहमद अशफाक करीम के मार्गदर्शन तथा विभागाध्यक्ष डॉ. सीबा हुसैन के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों, नर्सिंगकर्मियों, स्वास्थ्यकर्मियों, कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में मरीजों ने भाग लिया। इस दौरान लोगों को त्वचा संबंधी रोगों की समय पर पहचान, उचित उपचार और बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने स्वस्थ त्वचा के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता, तेज धूप से बचाव, संतुलित आहार और त्वचा रोगों के शुरूआती लक्षणों की पहचान पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बिना चिकित्सकीय सलाह के स्वयं दवा लेने से बचने की अपील करते हुए कहा कि त्वचा संबंधी किसी भी समस्या को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और समय पर त्वचा विशेषज्ञ से परामर्श लेना जरूरी है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने त्वचा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने और स्वस्थ समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।




# कस्तूरबा विद्यालयों की सुरक्षा, निजी विद्यालयों के निबंधन, 25 प्रतिशत आरक्षण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं आधारभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देने का निर्देश



**दरभंगा, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** प्रमंडलीय आयुक्त हिमांशु कुमार राय की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें दरभंगा प्रमंडल के अंतर्गत आने वाले दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारी ने भाग लिया।

बैठक के दौरान आयुक्त ने शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की सुरक्षा व्यवस्था एवं आधारभूत सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने - अपने जिलों में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करें तथा विद्यालय परिसरों की चाहरदीवारी, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा मानकों को हर हाल में सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि छात्राओं को सरकार द्वारा संचालित सभी कल्याणकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ उपलब्ध कराए। बैठक में आयुक्त ने तीनों जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निजी विद्यालयों के निबंधन की स्थिति की जांच करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि सभी निजी विद्यालय विधिवत निबंधित हो। साथ ही शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12(1)(सी) के अंतर्गत निजी विद्यालयों में आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए निर्धारित 25 प्रतिशत सीटों पर नामांकन का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराए।उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी विद्यालयों में शौचालय, पेयजल, बेंच-डेस्क, पंखे, स्मार्ट टीवी सहित अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध एवं कार्यशील रहें। साथ ही विद्यालय परिसरों में जलजमाव की समस्या उत्पन्न न हो इसके लिए समय रहते आवश्यक कारवाई सुनिश्चित करें।

आयुक्त ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को अपने-अपने जिलों के विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों का नियमित एवं प्रभावी निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जो शिक्षक उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के निर्माण में योगदान दे रहे है ऐसे शिक्षकों की पहचान कर जिला स्तर पर सम्मानित करें ताकि अन्य शिक्षकों को भी उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा मिल सके।

बैठक में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना की भी विस्तृत समीक्षा की गई तथा पात्र विद्यार्थियों को समय पर योजना का लाभ उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान आयुक्त के सचिव ने भूमिहीन विद्यालयों के लिए उपयुक्त सरकारी भूमि चिन्हित कर उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को दिया। बैठक में आयुक्त के सचिव सुशील कुमार मिश्रा, उप निदेशक (शिक्षा) असगर अली, सहायक निदेशक (योजना) प्रीति कुमारी, दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर के जिला शिक्षा पदाधिकारी तथा शिक्षा विभाग के अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मद्य निषेध पुलिस ने 146 .880 लीटर विदेशी शराब किया बरामद



**दरभंगा, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** सिमरी क्षेत्र के शोभन (एन.एच.) के समीप एक तीन पहिया वाहन की तलाशी के दौरान वाहन से 146.880 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई है। इस कार्रवाई में वैशाली जिला के गोरौल थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटी चांदपुर खुर्द निवासी मोहम्मद सहीम एवं रोहित कुमार को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी देते हुए सहायक आयुक्त मद्य निषेध प्रदीप कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर मद्य निषेध पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए शराब के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि बरामद शराब के साथ प्रयुक्त तीन पहिया वाहन को भी विधिवत जब्त कर लिया गया है। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के प्रावधानों के तहत अग्रेतर कारवाई की जा रही है।

# महिला हत्याकांड में शामिल तीन मुख्य अपराधकर्मी गिरफ्तार

**भागलपुर, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** जिले के सुलतानगंज थानान्तर्गत एक महिला के हत्याकांड के तीन मुख्य अपराधकर्मी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उक्त आशय की जानकारी गुरुवार को सिटी एसपी अतुलेश झा ने आयोजित प्रेस वार्ता में दी। सिटी एसपी ने बताया कि बीते 22 को सुलतानगंज थाना को सूचना प्राप्त हुआ था कि सुलतानगंज थानान्तर्गत ग्राम-मिरहट्टी के समीप पीरबाबा के पास एक बोरा में अज्ञात महिला का शव रखा हुआ है।



जिसके उपरांत सुलतानगंज थानाध्यक्ष के द्वारा सशस्त्र बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचकर घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए विधिवत साक्ष्य का संकलन किया गया। इस संबंध में गश्ती पदाधिकारी के लिखित आवेदन पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध सुलतानगंज थाना में सुसंगत धाराओ में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया।

जिसके उपरांत शव की पहचान तेतरी देवी पत्ति-बंटी तांती सा०-मोहम्मदपुर थाना-मधुसूदनपुर जिला-भागलपुर के रूप में की गयी। इस घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक भागलपुर के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर भागलपुर के निगरानी एवं अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी विधि-व्यवस्था, भागलपुर तथा सुलतानगंज थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जहाँ उक्त गठित टीम के द्वारा प्रारंभिक अनुसंधान में वैज्ञानिक, तकनिकी अनुसंधान, सीसीटीवी फुटेज तथा मानवीय सूचना और साक्ष्यों के आधार पर इस कांड में संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी के क्रम में तीन अपराधकर्मी अजय कुमार चौरसिया उर्फ अजय मोदी, अर्जुन यादव और मंतोष कुमार को पाँच मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त किए गए ई-रिक्शा के साथ विधिवत गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त से पूछ-ताछ के क्रम में पता चला कि इनके द्वारा सुलतानगंज थाना अंतर्गत मिर्जा गाँव स्थित अभियुक्त अजय कुमार चौरसिया के बगीचा में इस घटना को कारित कर ई-रिक्शा से मिरहट्टी गाँव के किनारे पीरबाबा के समीप शव को फेक दिया गया। इस संबंध में आवश्यक पुछ-ताछ करते हुए अग्रतर कार्रवाई कि जा रही है।

## नवविवाहिता के साथ मारपीट के बाद जबरन कीटनाशक पिलाने का आरोप

**भागलपुर, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** जिले के सजौर थाना क्षेत्र के दरियापुर पंचायत स्थित घोरगांव से दहेज प्रताड़ना का एक गंभीर मामला सामने आया है। खैरा निवासी नवविवाहिता निशा ने अपने पति, सास और ससुर पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट करने और जबरन कीटनाशक पिलाने का आरोप लगाया है। गंभीर हालत में उसका इलाज मायागंज अस्पताल में चल रहा है। पीड़िता ने गुरुवार को बताया कि करीब एक वर्ष पहले उसकी शादी घोरगांव निवासी मोहम्मद शाहबाज से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगा। निशा का आरोप है कि पहले 25 हजार रुपये, फिर 50 हजार रुपये लिए गए और बाद में चार लाख रुपये लाने का दबाव बनाया जाने लगा।

# तटबंध से अस्पताल तक डीएम का निरीक्षण, बाढ़ सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर फोकस

**किशनगंज, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी नवीन कुमार ने गुरुवार को भ्रमण कार्यक्रम के दौरान किशनगंज प्रखंड के गाछपाड़ा मौजाबाड़ी एवं डॉ. कलाम कृषि महाविद्यालय तटबंध का निरीक्षण कर बाढ़ से बचाव की तैयारियों का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को तटबंधों के समीप पर्याप्त मात्रा में खाली बोरे, बालू, बोल्डर समेत सभी आवश्यक बाढ़ निरोधी सामग्री सुरक्षित रखने का निर्देश दिया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। निरीक्षण के दौरान कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण विभाग ने बताया कि किशनगंज प्रखंड के महानंदा नदी के बाएं तट पर स्थित



साल्की-कमारमनी क्षेत्र में बाढ़ संघर्षात्मक कार्य तेजी से चल रहा है और इसे शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा।

इसके बाद डीएम ने पोठिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। अस्पताल परिसर में वेस्ट डिस्पोजल व्यवस्था पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए। साथ ही दवा काउंटर पर उपलब्ध सभी आवश्यक दवाओं की अद्यतन सूची डिस्प्ले बोर्ड पर प्रदर्शित करने और चिकित्सकों का अद्यतन रोस्टर मुख्य द्वार पर लगाने का निर्देश दिया।

भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने पोठिया प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के आरटीपीएस काउंटर सहित विभिन्न कार्यालयों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी को लंबित आवेदनों का पारदर्शिता के साथ निर्धारित समय-सीमा में निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## बिना मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों पर होगी कार्रवाई

**बक्सर, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** जिले में बिना सरकारी मान्यता के संचालित निजी विद्यालयों पर शिक्षा विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। विभागीय जानकारी के अनुसार जिले में कुल 258 निजी विद्यालयों को सरकारी मान्यता मिल चुकी है, जबकि बड़ी संख्या में ऐसे विद्यालय अब भी बिना प्रस्वीकृति के संचालित हो रहे हैं। इसे देखते हुए जिला शिक्षा प्रशासन ने संबंधित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को ऐसे स्कूलों की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

आंकड़ों के अनुसार सदर प्रखंड में सर्वाधिक 93 निजी विद्यालयों को मान्यता मिली है, जबकि डुमरांव में 42 विद्यालयों को ही स्वीकृति प्राप्त है। इसके अलावा राजपुर में 29, इटाढ़ी में 23, ब्रह्मपुर और चौसा में 17-17, सिमरी में 16, नावानगर में 13, चक्की में 4, केसठ में 3 तथा चौगाईं में केवल एक विद्यालय को सरकारी मान्यता मिली है। शिक्षा विभाग का कहना है कि जिन निजी विद्यालयों ने निर्धारित समय सीमा तक ऑनलाइन आवेदन नहीं किया है या आवश्यक अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए हैं, उनके विरुद्ध बिहार राज्य विद्यालय मान्यता नियमावली के तहत कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों का मानना है कि सभी निजी विद्यालयों को गुणवत्ता, सुरक्षा और शिक्षा के निर्धारित मानकों का पालन करना अनिवार्य है। विभाग की इस कार्रवाई से बिना मान्यता संचालित विद्यालयों में हड़कंप मच गया है, वहीं अभिभावकों से भी अपने बच्चों का नामांकन केवल मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कराने की अपील की गई है।

## डॉ. अंबेडकर आवासीय बालिका विद्यालय में सखी वार्ता, बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने का संदेश

**किशनगंज, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी नवीन कुमार की पहल पर गुरुवार को डॉ. अंबेडकर आवासीय बालिका विद्यालय, हालामाला (मोतिहारा) में किशोरियों के लिए सखी वार्ता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को उच्च शिक्षा, करियर, महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का आयोजन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, आईसीडीएस सह महिला एवं बाल विकास निगम की नोडल पदाधिकारी अंकिता सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान छात्राओं को लैंगिक समानता, बाल विवाह, दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, मानव तस्करी तथा महिला एवं बालिका कल्याण से जुड़ी सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास निगम के जेंडर स्पेशलिस्ट सुशील झा और वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) किशनगंज की केस वर्कर टुंपा दास ने छात्राओं से संवाद किया।

छात्राओं ने करियर, प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा और भविष्य की संभावनाओं को लेकर कई सवाल पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने सरल और प्रेरणादायक ढंग से उत्तर दिया। जेंडर स्पेशलिस्ट सुशील झा ने कहा कि हर बेटी में सफलता हासिल करने की असीम क्षमता होती है। स्पष्ट लक्ष्य, निरंतर मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर कोई भी सपना पूरा किया जा सकता है। उन्होंने छात्राओं से शिक्षा को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाकर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अंकिता सिंह ने कहा कि बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सही मार्गदर्शन और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। ऐसे कार्यक्रम छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ उन्हें अपने अधिकारों और भविष्य के प्रति जागरूक बनाते हैं।

उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास निगम का उद्देश्य प्रत्येक बेटी को सुरक्षित, शिक्षित, आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास निगम और वन स्टॉप सेंटर की टीम का आभार जताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम छात्राओं के लिए अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक रहा।

## आयुष्मान सारथी चैटबॉट से मिलेगी स्वास्थ्य योजनाओं की डिजिटल सुविधा

**बक्सर, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन-आरोग्य योजना के लाभार्थियों के लिए अब शिकायतों के त्वरित समाधान और आयुष्मान कार्ड से जुड़ी सेवाओं हेतु एआई आधारित व्हाट्सएप चैटबॉट 'आयुष्मान सारथी' की सुविधा शुरू की गई है। जिला कार्यक्रम समन्वयक अभिषेक कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) की यह सेवा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। चैटबॉट के माध्यम से लाभार्थी आयुष्मान कार्ड की पात्रता जांच, नया कार्ड बनाने के लिए आवेदन, ई-केवाईसी, आधार लिंक, कार्ड डाउनलोड, सूचीबद्ध अस्पतालों की जानकारी, शिकायत दर्ज करने तथा उसकी स्थिति जानने जैसी सेवाएं घर बैठे प्राप्त कर सकेंगे। 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान वय वंदन कार्ड से संबंधित जानकारी और आवेदन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। लाभार्थी 7290823838 नंबर पर व्हाट्सएप पर भेजकर इस सेवा का उपयोग कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कल उपराष्ट्रपति के गया आगमन के अवसर पर विशेष यातायात व्यवस्था लागू

**गया, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** उपराष्ट्रपति, भारत सी. पी. राधाकृष्णन के 11 जुलाई 2026 को गया आगमन एवं भ्रमण कार्यक्रम के मद्देनजर जिला प्रशासन एवं यातायात पुलिस द्वारा आमजन की सुविधा तथा वीवीआईपी सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए विशेष यातायात व्यवस्था लागू की गई है।यह व्यवस्था दिनांक 11 जुलाई 2026 को प्रातः 08:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक प्रभावी रहेगी। यातायात पुलिस द्वारा जारी ट्रैफिक प्लान के अनुसार निर्धारित अवधि में कुछ मार्गों पर वाहनों के प्रवेश एवं परिचालन पर प्रतिबंध रहेगा तथा आम नागरिकों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं।मानपुर से बाईपास होते हुए बोधगया (अंडरपास) तक बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।आपातकालीन सेवाओं को इससे छूट रहेगी।खटका चक से बिपार्ड, 05 नंबर गेट, हवाई अड्डा मोड़ एवं धनावां मोड़ तक सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।आपातकालीन सेवाओं को इस प्रतिबंध से मुक्त रखा गया है। सिकरिया मोड़ मगध मेडिकल कॉलेज ? चेरकी रोड होकर अपने गंतव्य तक जा सकेंगे। मानपुर केंदुई राजापुर बोधगया मार्ग का उपयोग कर अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे।जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय के दौरान यातायात नियमों एवं डायवर्जन योजना का पालन करें, अनावश्यक रूप से प्रतिबंधित मार्गों पर आवागमन से बचें तथा यातायात पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करें।प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि आवश्यक एवं आपातकालीन सेवाओं के वाहनों का आवागमन पूर्ववत जारी रहेगा।आमजन से सहयोग की अपेक्षा की गई है ताकि वीवीआईपी कार्यक्रम शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुचारु रूप से संपन्न कराया जा सके।

### टीचर के बंद घर से 12 लाख की चोरी

**गयाजी, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** शहर में टीचर के बंद घर को चोरों ने निशाना बनाया है।बुधवार देर रात चोर मेन डोर पर लगे लॉक को तोड़कर अंदर घुसे।2 लाख और 10 लाश के जेवरात ले उड़े। सुबह पड़ोसियों ने ताला टूटा देखा, जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ।घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के नई गोदाम मोहल्ले की है।उक्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित अभिषेक कुमार मानपुर के उर्दू मध्य विद्यालय अबगिला में तैनात हैं।उनकी मां पोस्ट ऑफिस की एजेंट हैं।1 जुलाई को अभिषेक पत्नी और मां के साथ पटना गए थे।बंद घर का चोरों ने फायदा उठाया।बड़ी आसानी से मुख्य दरवाजे का ताला काटा और अंदर दाखिल हो गए। इसके बाद अलमारी और लॉकर का ताला तोड़ा।कैश, जेवरात, डॉक्यूमेंट्स ले भागे।उक्त जानकारी के मुताबिक अभिषेक की शादी पिछले साल पटना जिले के मसौढ़ी में हुई थी।उपहार में मिले पत्नी के नए और कीमती जेवरात चोर अपने साथ समेट ले गए।घर में मां के भी गहने रखे थे, उसे भी नहीं छोड़ा।पीड़ित परिवार के अनुसार, अभिषेक की पत्नी के सभी महत्वपूर्ण शैक्षणिक दस्तावेज और उनकी मां के काम से संबंधित पोस्ट ऑफिस के दर्जनों पासबुक भी गायब है।इन जरूरी दस्तावेजों के चोरी होने से परिवार के लोग परेशान हैं।गुरुवार की सुबह जब पड़ोस के लोगों ने घर का मुख्य ताला टूटा हुआ देखा तो अनहोनी की आशंका हुई।तुरंत फोन कर इसकी जानकारी पटना में मौजूद अभिषेक को दी गई।चोरी की खबर सुनते ही पैरों तले जमीन खिसक गई।सूचना मिलने के तुरंत बाद कोतवाली थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया और पीड़ित परिवार के बयान के आधार पर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे में दो बाइक सवार घायल, पटना रेफर

**नवादा, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** जिले के कौआकोल-रोह मुख्य पथ पर बिन्दीचक गांव से पहले चौराही आहर टर्निंग के पास गुरुवार को हुए सड़क हादसे में दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,थाना क्षेत्र के सोखोदेवरा गांव निवासी अर्जुन महतो अपने रिश्तेदार शेखपुरा जिले के उक्सी गांव निवासी यमुना महतो के साथ बाइक से नवादा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार चारपहिया वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) कौआकोल पहुंचाया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने अज्ञात वाहन चालक की लापरवाही पर नाराजगी जताई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तथा फरार वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

### नशा मुक्ति जागरूकता अभियान, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया गया स्वस्थ जीवन का संदेश

**भागलपुर, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** जिले के सबौर प्रखंड में ‡नशे की लत को छोड़ो, स्वस्थ जीवन से नाता जोड़ो‡ अभियान के तहत गुरुवार को व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जीविका दीदियों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया और समाज को नशा मुक्त बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभात रंजन, बीसीओ विकास कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राकेश कुमार, जीविका स्कूल संघ की अध्यक्ष मानुषी देवी सहित प्रखंड के कई अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में जीविका दीदियां मौजूद रहीं। सभी ने नशे से दूर रहने और स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने की अपील की। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने यह दिखाया कि शराब और अन्य मादक पदार्थों की लत न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि परिवार की आर्थिक स्थिति, सामाजिक सम्मान और बच्चों के भविष्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प भी लिया।

### एनएच-120 का 19 करोड़ की लागत से शहर के 5 किलोमीटर मार्ग का होगा नवनिर्माण-सुद्रढीकरण

**बक्सर, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** जिले में नगर से होकर गुजरने वाले एनएच-120 की जर्जर हालत शहरवासियों और व्यापारियों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गई है। हालांकि विधायक राहुल सिंह की पहल पर अगले कुछ दिनों में डुमरांव शहर के 5 किलोमीटर एरिया में 19 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति के उपरांत रोड का नवनिर्माण सुद्रढीकरण उन्नयन एवं सड़क के दोनों तरफ नाली का निर्माण करने की योजना अलग से स्वीकृत हुई है। जो पिछले करीब दो वर्षों से मुख्य स्टेशन रोड, जलजमाव, कीचड़ और बड़े-बड़े गड्ढों के कारण लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है उससे निजात मिलने वाला है। सड़क की बदहाली का सीधा असर स्थानीय बाजार और कारोबार पर पड़ रहा है। दुकानदारों का कहना है कि खराब सड़क और लगातार लगने वाले जाम के कारण ग्राहक बाजार आने से कतरा रहे हैं, जिससे बिक्री में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है।

# सड़क दुघर्टना में महिला की मौत, आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

**भागलपुर, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** जिले के सन्हौला थाना क्षेत्र के सन्हौला-घोघा मुख्य मार्ग किनारे स्थित ताड़र गांव के समीप गुरुवार को एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार हाइवा ने एक महिला को कुचला दिया। जिससे महिला की मौत मौके पर ही हो गयी। महिला सुबह टहलने के लिए निकली थी।



घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग को पूरी तरह जाम कर दिया। मृतका की पहचान सन्हौला थाना क्षेत्र के ताड़र गांव निवासी स्वर्गीय दिलीप दास की 45 वर्षीया पत्नी पूनम देवी के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि पूनम देवी रोजाना की तरह अपने घर से मुख्य मार्ग की ओर मॉर्निंग वॉक के लिए निकली थीं। इसी दौरान सन्हौला की ओर से आ रहे एक बेहद तेज रफ्तार और अनियंत्रित हाइवा ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया और कुचलते हुए मौके से फरार हो गया। घटना के बाद सैकड़ों की संख्या में आक्रोशित ग्रामीण सड़क पर उतर आए।

ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ताड़र गांव के पास ही मुख्य मार्ग पर बांस और बल्ले लगा दिए और सड़क को दोनों ओर से वाहनों की आवाजाही बाधित कर दिया। उग्र प्रदर्शन और सड़क जाम किए जाने के कारण सड़क के दोनों तरफ मालवाहक और यात्री वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। स्थानीय लोगों और परिजनों की मांग है कि फरार हाइवा चालक को अविलंब गिरफ्तार किया जाए, इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं और पीड़ित परिवार को उचित सरकारी मुआवजा दिया जाए।

उधर घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद जाम हटाया गया और सड़क मार्ग पर वाहनों कि आवाजाही शुरू हो पाती। वहीं घटना के बाद से मृतका के परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

## जिले में वर्तमान में यूरिया सहित अन्य फॉस्फेटिक उर्वरकों की कोई कमी नहीं

**गया, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** खरीफ मौसम प्रारम्भ होने के साथ ही किसानों द्वारा लगातार यूरिया सहित अन्य उर्वरकों की माँग काफी बढ़ गई है।किसानों को सुगमतापूर्वक उर्वरक की उपलब्धता हेतु जिले में उपलब्ध उर्वरको का नियमित रुप से भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है।जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि उर्वरक वितरण पर सख्त निगरानी रखी जा रही है एवं उर्वरक वितरण में दोषी पाये जाने विक्रेताओं के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जायेगी।साथ ही किसानों से प्राप्त हो रही षिकायतों का त्वरित निष्पादन कराया जा रहा है।

गया जिला को उर्वरक आपूर्ति के लिये निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण कराने लगातार प्रयास किया जा रहा है।जिले को पिछले 24 घंटे में यूरिया की रेक पहूँची है। मे० हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रसायन लि० द्वारा 2457 मे० टन, जबकि इन्डोरामा इंडिया लि० द्वारा 1302 मे० टन लगभग कुल- 3759 मे०टन यूरिया की आपूर्ति हुई, जिसे प्रखंडों के फसल आच्छादन के लक्ष्य अनुरुप प्रखंडों को आपूर्ति कराया जा रहा है।

## शादी की खुशियां मातम में बदली, डीजे वाहन ने कईयों को कुचला, एक की मौत, तीन गंभीर

**अररिया, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** जिले में फारबिसगंज के गोढ़ियारे में बीती रात डीजे पर गाना बजाने को लेकर विवाद में डीजे चालक की पिटाई से उत्पन्न विवाद में डीजे संचालक द्वारा तेज अनियंत्रित गति से वाहन भगाने के क्रम में कई लोगों को कुचल डाला। जिससे वधु पक्ष के एक युवक की मौत हो गई। जबकि तीन अन्य लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। डीजे गाड़ी के चपेट में कई बाराती लोग भी आए,जो घायल हुए हैं। सभी घायलों का इलाज फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया। वहीं मृतक 20 वर्षीय मिट्ठू कुमार राय पिता अनिल कुमार राय की नाजुक हालत देखते हुए हायर सेंटर रेफर करने के दौरान रास्ते में ही ले जाने के क्रम में मौत हो गई। घटना के बाद शादी का उत्सव मातम में छा गया।गंभीर रूप से घायलों में एक 12 साल का सुशांत कुमार,24 वर्षीय सुमन सागर और डीजे संचालक का भाई बबलू मंडल है। मामले को लेकर मिली जानकारी के अनुसार,गोढ़ियारे चौक वार्ड संख्या 20 निवासी राजकुमार राय की बेटी की शादी सुपौल जिला के सिमराही बाजार वार्ड संख्या 12 निवासी ललन दास के पुत्र विकास कुमार से तय हुई थी। बारात देर रात फारबिसगंज पहुंची।

दरवाजा लगने से पहले डीजे पर गाना बजाया जा रहा था और लोग नाचते झूमते दरवाजे पर पहुंचने ही वाले थे कि डीजे पर मनमुताबिक गाना बजाने को लेकर विवाद शुरू हो गया। जिसके बाद किसी ने डीजे गाड़ी की चालक की पिटाई कर दी। डीजे चालक गाड़ी लेकर तेज गति से भागने लगा। जिसके चपेट बाराती और सराती दोनों पक्ष के लोग आ गए। घटना के बाद घायलों को इलाज के लिए फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना को कारित करने वाले दिन गाड़ी का चालक सुनील कुमार गाड़ी लेकर फरार हो गया है। अस्पताल में चिकित्सकों ने एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया, जबकि दो अन्य घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही फारबिसगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, फरार डीजे चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।

# बैंक से 20 लख रुपये का फर्जी लोन निकालने से मचा हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस

**नवादा, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** जिले के हिसुआ प्रखंड से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां कथित तौर पर फर्जी दस्तावेज के जरिए दूसरे के पुश्तैनी मकान पर 20 लाख रुपये का लोन उठा लिया गया। इस पूरे फजीर्वाड़े का खुलासा तब हुआ, जब बैंक के कर्मचारी वसूली के लिए असली मकान मालिक के घर पहुंच गए.। अचानक बैंक कर्मियों की बात सुनकर परिवार के लोग हैरान रह गए और मामला सामने आते ही इलाके में सनसनी फैल गई।



मामला नवादा जिले के तुंगी पंचायत के रामपुर मंझवे गांव का बताया जा रहा है. यहां के निवासी और पूर्व पैक्स अध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद के पुत्र अंकित कुमार उर्फ जितेंद्र यादव ने बताया कि गुरुवार को उत्कर्ष बैंक के कर्मचारी उनके घर पहुंचे. उन्होंने बताया कि सुलेखा देवी, पति हीरा विश्वकर्मा के नाम पर 20 लाख रुपये का लोन लिया गया है और उसकी वसूली के लिए वे आए हैं. यह सुनकर पूरा परिवार सन्न रह गया, क्योंकि जिस मकान के नाम पर लोन लिया गया, वह उनकी पुश्तैनी संपत्ति है। पीड़ित अंकित कुमार ने आरोप लगाया है कि उनके ही पड़ोसी ने उनकी संपत्ति के कथित फर्जी कागजात और वीडियो का इस्तेमाल कर अपनी पत्नी के नाम से बैंक से लोन ले लिया। बिना असली मालिक की जानकारी के इस तरह से कर्ज स्वीकृत होना कई सवाल खड़े करता है. परिवार का कहना है कि उन्हें इस पूरे मामले की कोई जानकारी नहीं थी और अचानक बैंक की वसूली टीम के पहुंचने से उन्हें इस धोखाधड़ी का पता चला।

घटना सामने आने के बाद गुरुवार को पीड़ित परिवार ने तुरंत हिसुआ थाना में आवेदन देकर पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने इसमें संबंधित लोगों को नामजद करते हुए निष्पक्ष जांच और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इधर, हिसुआ थानाध्यक्ष मृत्युंजय ने बताया कि पीड़ित परिवार से आवेदन प्राप्त हो गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आखिर किन दस्तावेजों के आधार पर बैंक से किस कदर लोन लिया गया है जो फर्जी वाले के श्रेणी में पहुंच चुका है।

## 13 जुलाई को डीएम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करेंगी आशा कार्यकर्ता



**बक्सर, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** बक्सर जिला आशा एवं आशा फैसिलिटेटर संघ की आवश्यक बैठक पुरानी सदर अस्पताल परिसर में गुरुवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता आशा फैसिलिटेटर प्रमिला कुमारी ने की, जबकि संचालन जिला संयोजक सह राज्य उपाध्यक्ष अरुण कुमार ओझा ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए अरुण कुमार ओझा ने कहा कि आवंटन उपलब्ध रहने के बावजूद जिले की कई आशा कार्यकताओं और आशा फैसिलिटेटरों को प्रोत्साहन एवं पारितोषिक की बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सिमरी प्रखंड में अब तक एक भी भुगतान नहीं हुआ है, जबकि अन्य प्रखंडों में भी आंशिक भुगतान किया गया है।

साथ ही राज्य सरकार से मिलने वाली राशि तथा डिलीवरी एवं ऑपरेशन से जुड़े लाभार्थियों के भुगतान भी लंबे समय से लंबित हैं। बैठक में लंबित सभी मांगों का शीघ्र समाधान, लाभार्थियों को समय पर भुगतान, प्रोत्साहन राशि में हो रही देरी की जांच तथा दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की गई। इन मांगों के समर्थन में संघ ने 13 जुलाई को दोपहर 12 बजे जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रदर्शन करने और मांगपत्र सौंपने का निर्णय लिया। संघ ने जिले की सभी आशा कार्यकताओं एवं आशा फैसिलिटेटरों से अधिक से अधिक संख्या में नगर भवन, बक्सर के समीप पहुंचकर प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील की। बैठक में बिंदु देवी, अनु देवी, सरस्वती देवी, जामवंती देवी, प्रमिला देवी, विमला देवी, संजू देवी, पूनम देवी और उर्मिला देवी सहित कई सदस्य उपस्थित रहीं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
शुक्रवार, 10 जुलाई 2026
विक्रम संवत्– 2083, आषाढ़ कृष्ण पक्ष, एकादशी

## ट्रम्प के पास रास्ता?

ट्रंप के आक्रामक बयानों के बावजूद ईरान से बातचीत ही बेहतर विकल्प है। क्यों कि डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में ईरान के साथ संबंधों में तनाव और वार्ता का एक जटिल चक्र देखने को मिल रहा है। ट्रंप बार-बार आक्रामक बयान देते हैं। ईरान को 'बीमार आदमी' कहते हैं, सैन्य हमलों की धमकी देते हैं और स्ट्रेट ऑफ हरमुज को खुला रखने के लिए कड़ी चेतावनी जारी करते हैं। फिर भी वास्तविकता यह है कि पूर्ण युद्ध से बचने और क्षेत्रीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए बातचीत के अलावा कोई व्यवहारिक विकल्प नहीं दिखता। 2025-26 के घटनाक्रम इस सच्चाई को उजागर करते हैं। ट्रंप प्रशासन ने अधिकतम दबाव की नीति अपनाई, 60 दिन की समय सीमा, सैन्य हमले, इजराइल के साथ समन्वय। ईरान पर हमले हुए, परमाणु सुविधाओं को निशाना बनाया गया और प्रॉक्सी समूहों पर दबाव बढ़ाया गया। परिणामस्वरूप तेल की कीमतें बढ़ीं, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई और क्षेत्र में अस्थिरता फैली। ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई की, हार्मुज पर हमले, खाड़ी में अमेरिकी ठिकानों पर बम बारी। दोनों पक्षों के बीच संघर्ष चक्र चलता रहा, जिसमें युद्धविराम घोषित होते-होते टूट जा रहे। इस पृष्ठभूमि में बातचीत क्यों अनिवार्य है? सबसे पहले, पूर्ण युद्ध की कीमत बहुत ऊंची होगी। ईरान का परमाणु कार्यक्रम जड़ें जमा चुका है। हमलों से इसे पूरी तरह नष्ट करना कठिन है, जबकि ईरान के पास बैलिस्टिक मिसाइलें, प्रॉक्सी नेटवर्क (हिजबुल्लाह, हूती आदि) और क्षेत्रीय प्रभाव है। लंबा युद्ध अमेरिका के सैनिकों, सहयोगियों (खासकर इजराइल और सऊदी अरब) और वैश्विक अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान पहुंचाएगा। तेल निर्यात बाधित होने से विश्व स्तर पर मुद्रास्फीति बढ़ेगी। दूसरा, ट्रंप की अपनी रणनीति 'आक्रामकता के साथ सौदा' पर टिकी है। वे पहले दबाव बनाते हैं, फिर 'डील' की बात करते हैं। 2025 में परमाणु समझौते की कोशिश, हरमुज खोलने की मांग और प्रॉक्सीस पर रोक जैसी शर्तें इसी का हिस्सा हैं। हाल के बयानों में वे दावा करते हैं कि ईरान खुद डील चाहता है। यह दशार्ता है कि सैन्य विकल्प अंतिम सहारा है, प्राथमिकता कूटनीति है। तीसरा, क्षेत्रीय जटिलताएं। चीन और रूस ईरान के करीबी हैं। पूर्ण युद्ध इन शक्तियों को और निकट ला सकता है। वहीं, अमेरिका-इजराइल संबंध मजबूत हैं, लेकिन इजराइल अकेले ईरान को नियंत्रित नहीं कर सकता। कतर, ओमान जैसे मध्यस्थ देश वार्ता की सुविधा दे रहे हैं। दोहा और जेनेवा जैसे स्थानों पर अप्रत्यक्ष या प्रत्यक्ष बातचीत जारी है। बातचीत के फायदे स्पष्ट हैं। एक मजबूत समझौता ईरान के परमाणु हथियार कार्यक्रम को रोक सकता है, हार्मुज को सुरक्षित कर तेल व्यापार बहाल कर सकता है और प्रॉक्सी युद्धों को कम कर सकता है। ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति के अनुरूप यह सस्ता और प्रभावी विकल्प है। युद्ध से बचकर वे घरेलू अर्थव्यवस्था, चीन जैसे बड़े प्रतिद्वंद्वियों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। आलोचक कह सकते हैं कि आक्रामक बयान कमजोरी दिखाते हैं या ईरान को फायदा पहुंचाते हैं। लेकिन कूटनीति में 'बैड कॉप' की भूमिका भी जरूरी है। ट्रंप का तरीका भी शायद यही है, धमकी और सौदेबाजी का मिश्रण। इतिहास गवाह है कि हाल के समझौते कमजोर साबित हुए, इसलिए नया सौदा अधिक कठोर शर्तों वाला होना चाहिए। पूर्ण निरीक्षण, स्थायी रोक और क्षेत्रीय व्यवहार परिवर्तन। ईरान भी आर्थिक दबाव झेल रहा है। उसके लोग युद्ध नहीं चाहते। अगर ट्रंप स्मार्ट डिप्लोमेसी से परमाणु महत्वाकांक्षा छुड़ा सकें और तेल बाजार स्थिर कर सकें, तो यह उनकी बड़ी कूटनीतिक जीत होगी। इस बार आक्रामक बयान ट्रंप की ब्रैंडिंग का हिस्सा हैं, लेकिन रणनीतिक वास्तविकता बातचीत की मांग करती है। पूर्ण युद्ध न तो व्यावहारिक है, न ही वांछनीय। सही दबाव और लचीलेपन के साथ डील संभव है। मध्य पूर्व की शांति और वैश्विक स्थिरता के लिए यही एकमात्र बुद्धिमान रास्ता है।

## बेटियां सुरक्षित कैसे होंगी?


रोहित माहेश्वरी

**महिलाओं और मासूम बच्चियों के खिलाफ लगातार हो रहे अपराध बेहद चिंताजनक हैं और समाज को झकझोर कर रख देते हैं। हाल ही में राजस्थान के श्रीगंगानगर और पश्चिम बंगाल के बारुईपुर में नाबालिग बेटियों के साथ हुई जघन्य और दर्दनाक घटनाओं ने पूरे देश को अंदर तक हिला दिया है।**

एक और बच्ची। एक और परिवार बिखर गया। एक और बार पूरा देश पूछ रहा है– आखिर कब तक? नेशनल क्राइम रेकॉर्ड्स ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, 2022 में भारत में औसतन प्रतिदिन लगभग 90 बलात्कार की घटनाएं दर्ज की गईं। राजस्थान के श्रीगंगानगर में बारह वर्षीय बालिका को चार दिन बंधक बनाकर दो दर्जन लोगों द्वारा दुराचार किया गया। इस मामले में 18 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं और कुछ गिरफ्तारियां बाकी हैं।

दूसरी घटना पश्चिम बंगाल की है जहां बारुईपुर में एक किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई। शव परीक्षण में पाया गया कि उसके सिर व निजी अंगों पर गंभीर चोटें थी। इतना ही नहीं, दुराचार के बाद उसे बोरे मे बंद करके जिंदा ही तालाब में डुबो दिया गया। बारुईपुर क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के बलात्कार के बाद हत्या से पश्चिम बंगाल में गुस्से का माहौल है। इस घटना के बाद भीड़ ने हत्या के शक में एक युवक की भी पिटाई कर दी जिससे उसकी मौत हो गई। रेप मामले के मुख्य आरोपी प्रभास मंडल को पुलिस एनकाउंटर में मार गिराया गया है। दोनों ही घटनाएं विचलित करने वाली हैं, लेकिन श्रीगंगानगर की घटना हर संवेदनशील इंसान को हिला देने वाली है।

जन आक्रोश के चलते प्रशासन ने न केवल 18 लोगों को गिरफ्तार किया बल्कि उन होटलों को भी ध्वस्त किया गया जहां अलग-अलग जगहों में बच्ची को बंधक बनाकर देह व्यापार कराया गया। इसमें कोई दो राय नहीं है कि, मोबाइल के बढ़ते हस्तक्षेप से परिवार संस्था की चूलें हिली नजर आती हैं। कथित सोशल मीडिया समाज में विद्रूपताओं को जन्म दे रहा है। श्रीगंगानगर की बारह वर्षीय लड़की शहर से सौ किमी दूर अपने एक इंस्टाग्राम फ्रेंड से मिलने जाती है, जो उससे वहां दुराचार करता है। वहां से देर रात शहर लौटने पर एक रिक्शेवाले के झांसे में आकर होटल पहुंचती है और फिर उसके साथ दुराचार का अंतहीन सिलसिला शुरू हो जाता है। परिजनों के लापता किशोरी के तलाश में थाने पहुंचने के बाद पुलिस हरकत में आती हैं, फिर उसे मुक्त कराया जाता है।

बिना शक, ये घटनाएं इंसानियत को शर्मसार करने वाली हैं। घटना के बाद से श्रीगंगानगर में लगातार लोग सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन कर रहे हैं और अभियुक्तों को कड़ी सजा देने की मांग उठाई जा रही है। जन आक्रोश को देखते हुए 18 लोगों की गिरफ्तारी हुई। कुछ और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। श्रीगंगानगर की किशोरी के साथ हुई बर्बरता के बारे में सोचकर भी आत्मा कांप जाती है। जो शायद ही आजीवन इस त्रासदी से उबर पाये। लेकिन सवाल यह कि भारतीय समाज में हो रहे यौन लिप्साओं के विस्फोट की वजह क्या है? ये नैतिक पतन की पराकाष्ठा क्यों हो रही है?

हवस के भूखे भेड़िए न उम्र देखते हैं, न किसी बेटी की बेबसी। आखिर महिलाओं के खिलाफ ऐसे बर्बर मामलों पर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है? इस सवाल पर सरकारों और समाजशास्त्रियों के नजरिए में अंतर है। मुश्किल यह है कि सरकारें या पुलिस प्रशासन ऐसे मामलों में कभी अपनी खामी कबूल नहीं करते। इसके अलावा इन घटनाओं के बाद होने वाली राजनीति और लीपापोती की कोशिशों से भी समस्या की मूल वजह हाशिए पर चली जाती है। यही वजह है कि कुछ दिनों बाद सब कुछ जस का तस हो जाता है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि कहीं न कहीं इंटरनेट व सोशल मीडिया पर यौन स्वच्छंदता की पश्चिम की आंधी हमारे समाज को पतित कर रही है। हमारे परंपरागत शुचिता के रिश्तों को तार-तार करके निरंकुश यौन व्यवहार को तार्किक बताने की साजिश रची जा रही है। बच्चों को भी त्याग-तपस्या से लालन-पालन करने वाले मां-बाप की बजाय आभासी दुनिया के छद्म मित्र रास आ रहे हैं। हवस के भेड़िये भी परिस्थितियों की मारी लड़कियों को ही अपने शिकंजे में लेते हैं। ऐसे में बेटियों को भी घर से निकलते वक्त समय की संवेदनशीलता और लोगों की विश्वसनीयता को परखना चाहिए।

घर वालों से चोरी-छिपे अनजान लोगों पर यकीन करने की वजह से अकसर बेटियां अपराधियों की आसान शिकार बनती हैं। माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों के साथ खुला संवाद रखें, ताकि बेटियां किसी भी खतरे या परेशानी पर बेझिझक अपने परिवार से बात कर सकें। इंटरनेट और सोशल मीडिया के दौर में बच्चियों को डिजिटल रूप से सुरक्षित रखने और उनके साथ सही-गलत की पहचान साझा करने की बेहद आवश्यकता है। ऐसे मामलों में समाज की भूमिका पर भी सवाल खड़े होते हैं। 13 वर्ष की बेटी से लोग चार दिनों तक दुष्कर्म करते रहे, लेकिन होटल मालिक ने अपना दायित्व नहीं निभाया। समाज ऐसी घटनाओं को रोकने का प्रयास नहीं करेगा तो कौन करेगा? समाज में 'इज्जत' का पूरा बोझ बेटियों पर डालने के बजाय, लड़कों को महिलाओं का सम्मान करने और सही परवरिश देने पर जोर दिया जाना चाहिए। आए दिन सामने आने वाली दिल दहला देने वाली वारदातें दिखाती हैं कि सिस्टम और समाज दोनों स्तरों पर सुरक्षा और मानसिकता में सुधार की कितनी आवश्यकता है। अब तक इस मुद्दे पर हुए तमाम शोधों से साफ है कि बलात्कार के बढ़ते हुए इन मामलों के पीछे कई वजहें हैं। मिसाल के तौर पर ढीली न्यायिक प्रणाली, कम सजा दर, महिला पुलिस की कमी, फास्ट ट्रैक अदालतों का अभाव और दोषियों को सजा नहीं मिल पाना जैसी वजहें इसमें शामिल हैं। इन सबके बीच महिलाओं के प्रति सामाजिक नजरिया भी एक अहम वजह है। समाज में मौजूदा दौर में भी लड़कियों को लड़कों से कम समझा जाता है।

भारत में रेप के मामलों में सजा की दर बेहद कम है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, 2022 तक 3,58,749 रेप के मामले दर्ज हुए, लेकिन फांसी की सजा सिर्फ पांच अपराधियों को मिली। वास्तविक आंकड़ा संभवतः इससे कहीं अधिक होगा, क्योंकि प्रतिशोध के भय, पीड़ितों के प्रति प्रचलित सामाजिक कलंक और पुलिस जांच में विश्वास की कमी के कारण ऐसे कई अपराध दर्ज नहीं किए जाते हैं। नए कानूनों में सख्त सजा का प्रावधान है, लेकिन अपराधियों में कानून का डर नहीं है। निर्भया कांड के बाद कानूनों में संशोधन के बावजूद अगर ऐसे मामले लगातार बढ़ रहे हैं तो इसके तमाम पहलुओं पर दोबारा विचार करना जरूरी है। महज कड़े कानून बनाने का फायदा तब तक नहीं होगा जब तक राजनीतिक दलों, सरकारों और पुलिस में उसे लागू करने की इच्छा शक्ति नहीं हो। इसके साथ ही सामाजिक सोच में बदलाव भी जरूरी है। वहीं, यौन अपराधों के उफान के दौर में पुलिस और स्त्री रक्षा से जुड़ी एजेंसियों को भी नये दौर की नई चुनौतियों के मुताबिक तैयार करना होगा। इसमें चाइल्ड वेलफेयर से जुड़ी संस्थाओं की सजगता-सक्रियता बढ़ाने तथा पॉक्सो व जुवेनाइल जस्टिस एक्ट को सख्त बनाने की जरूरत है।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## आखिर मौत की इन सड़कों का जिम्मेदार कौन है?


प्रकाश चन्द्र शर्मा

राजस्थान की सड़कें इन दिनों विकास के बजाय विडंबना की ऐसी इबारत लिख रही हैं, जहां डामर की काली पट्टी पर हर दिन किसी न किसी परिवार की खुशियां लाल हो जाती हैं। निरंतर रफ्तार पकडती दुर्घटनाओं के चलते यह कहना गलत नहीं होगा कि सड़कें अब गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचने सफर का नहीं, बल्कि काल के गाल में समाने के लिए श्मशान का रास्ता बनती जा रही हैं। शासन-प्रशासन हर दुर्घटना के बाद संवेदना की मोमबत्ती जलाता है, जांच के आदेशों का ढोल पीटता है और फिर सब कुछ 'ढाक के तीन पात' साबित होता है।

सवाल यह है कि आखिर कब तक रफ्तार का यह राक्षस लोगों की जिंदगी निगलता रहेगा और सिस्टम आंखों पर पट्टी बांधे तमाशबीन बना रहेगा? प्रदेश के ताजा आंकड़े किसी चेतावनी की घंटी नहीं बल्कि खतरे का सायरन हैं। वर्ष 2024 और 2025 के दौरान राजस्थान में 48 हजार से अधिक सड़क दुर्घटनाएं हुईं और 23 हजार से ज्यादा लोगों की जान चली गई। हैरानी की बात यह है कि दुर्घटनाओं की संख्या में मामूली कमी आई लेकिन मौतों का आंकड़ा और ऊंचा हो गया। यानि बीमारी वही है, बस उसका जहर और तेज हो गया है।

देश में सड़क दुर्घटनाओं और मौतों के मामले में राजस्थान का छठा स्थान यह बताने के लिए काफी है कि यहां सड़क सुरक्षा का पहिया कहीं न कहीं दलदल में धंस चुका है। सबसे बड़ा व्यंग्य यह है कि प्रदेश के कुल सड़क नेटवर्क का मात्र 3.4 प्रतिशत हिस्सा नेशनल हाईवे है लेकिन मौत का सबसे बड़ा कारोबार भी वहीं चलता है। लगता है जैसे इन राजमार्गों पर गति सीमा नहीं, बल्कि यमराज की खुली छूट लिखी हो। स्टेट हाईवे और अन्य सड़कें भी इससे बहुत पीछे नहीं हैं। सड़कें जितनी चौड़ी हुई हैं, उतनी ही संकरी होती गई है-शासन की जिम्मेदारी। विकास का रथ तो दौड़ा लेकिन सुरक्षा की लगाम कहीं रास्ते में ही छूट गई।

दुर्घटनाओं के विश्लेषण में सबसे बड़ा अपराधी 'तेज रफ्तार' सामने आई है। कुल हादसों में 63 प्रतिशत से अधिक दुर्घटनाएं ओवरस्पीडिंग के कारण हुईं, जबकि सड़क हादसों में होने वाली लगभग 83 प्रतिशत मौतों के पीछे भी यही वजह रही। इसके साथ शराब पीकर वाहन चलाना, गलत दिशा में ड्राइविंग, मोबाइल फोन पर बातचीत और हाईवे पर आवारा पशुओं की मौजूदगी आग में घी का काम कर रही है। नियम पुस्तकों में कैद हैं और लापरवाही खुलेआम सड़कों पर परेड कर रही है। सबसे दर्दनाक तथ्य यह है कि इन हादसों में सबसे अधिक शिकार 18 से 25 वर्ष के युवा हो रहे हैं। देश की सबसे ऊर्जावान पीढ़ी सपनों की मंजिल तक पहुंचने से पहले ही सड़क पर दम तोड़ रही है। जयपुर के अजमेर रोड पर हुआ हालिया हादसा केवल एक दुर्घटना नहीं बल्कि व्यवस्था के चेहरे पर पड़ा ऐसा तमाचा है जिसकी गूंज लंबे समय तक सुनाई देनी चाहिए। बस का इंतजार कर रहा एक परिवार पल भर में उजड़ गया।

पिता और तीन मासूम बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मां गंभीर रूप से घायल हुई और चिकित्सकों को उसकी जान बचाने के लिए दोनों पैर काटने पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना भयावह था कि बच्चों के शव दूर तक जा गिरे। यह दृश्य केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं बल्कि उस व्यवस्था की तस्वीर है जिसने रफ्तार को कानून से बड़ा बना दिया। इस पूरे प्रकरण का सबसे कड़वा सच यह है कि जिस ट्रोले ने यह कहर बरपाया, उसके खिलाफ पहले से 12 यातायात चालान दर्ज थे। इसी वर्ष छह चालान हुए, पांच लंबित रहे, लेकिन वाहन बेखौफ सड़क पर दौड़ता रहा। इससे बड़ा प्रशासनिक व्यंग्य और क्या होगा? लगता है चालान अब दंड नहीं बल्कि सड़क पर मौत का वार्षिक सदस्यता-पत्र बन चुके हैं। यदि बार-बार नियम तोड़ने के बाद भी वाहन सड़कों पर दौड़ते रहें, तो फिर कानून की सख्ती केवल कागजों की शोभा बनकर रह जाती है। आखिर ऐसे वाहनों का पंजीकरण निलंबित क्यों नहीं होता? लंबित चालानों की वसूली समय पर क्यों नहीं होती? तकनीक का ढोल पीटने वाली व्यवस्था लगातार ओवरस्पीडिंग करने वाले भारी वाहनों पर प्रभावी निगरानी क्यों नहीं कर पा रही? सरकार ने अगले दस वर्षों के लिए सड़क सुरक्षा कार्य योजना बनाई है, ट्रॉमा सेंटरों की स्वीकृति भी दी है। यह स्वागतयोग्य कदम है लेकिन सवाल यह है कि क्या केवल अस्पताल बढ़ाने से दुर्घटनाएं रुक जाएंगी? यदि कुएं में गिरने के बाद रस्सी ढूंढी जाए, तो उसे दूरदर्शिता नहीं कहा जा सकता। आवश्यकता इस बात की है कि हादसे होने ही न दिए जाएं। बार-बार नियम तोड़ने वाले वाहनों का संचालन तत्काल बंद हो, ओवरस्पीडिंग पर त्वरित कार्रवाई हो, इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम प्रभावी बने, ब्लैक स्पॉट सुधारे जाएं और कानून का भय वास्तव में सड़कों पर दिखाई दे। अब समय केवल शोक संदेशों और मुआवजों का नहीं बल्कि जवाबदेही तय करने का है।

हर हादसे के बाद संवेदना व्यक्त करना आसान है लेकिन किसी अगली त्रासदी को रोकना ही असली शासन है। यदि आज भी व्यवस्था नहीं जागी, तो सड़कें विकास की पहचान नहीं बल्कि लापरवाही की कब्रगाह बनती रहेंगी। आखिर हर दुर्घटना के बाद यह प्रश्न हवा में तैरता रहेगा–अगला उजड़ने वाला परिवार किसका होगा?

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

### दरिंदगी समाज पर ये हावी है !


कृष्णेन्द्र राय

ऐ रानी बिटिया, तू माफ कर देना ।
दरिंदगी समाज पर ये हावी है ।।
आ के तू देख मा की हालत को ।
बिन तेरे गोद उसकी सूनी है ।।

पतन मनुष्यता का ।
दरिंदगी का साया ।।
मन में जालिमों के ।
डर नहीं आया ।।

दर्द अपनों को मिला ।
दुःख हुआ है भारी ।।
समाज निर्दयी और ।
हो चुका अत्याचारी ।।

## भारतीय वायुसेना की बढ़ती ताकत


महेन्द्र तिवारी

भारतीय वायुसेना को लेकर हाल ही में सामने आई विश्व स्तर की रैंकिंग ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि आधुनिक युद्ध केवल हथियारों की संख्या से नहीं, बल्कि उनकी गुणवत्ता, संचालन क्षमता, प्रशिक्षण, तकनीकी दक्षता और रणनीतिक तैयारी से जीते जाते हैं। वर्ल्ड डायरेक्टरी ऑफ मॉडर्न मिलिट्री एयरक्राफ्ट यानी WDMMA द्वारा जारी नवीनतम ग्लोबल एयर पावर रैंकिंग में भारत को चीन से ऊपर स्थान दिया गया है। यह उपलब्धि केवल एक रैंकिंग भर नहीं है, बल्कि पिछले कई वर्षों से भारतीय वायुसेना द्वारा किए जा रहे आधुनिकीकरण, बेहतर प्रशिक्षण, तकनीकी उन्नयन और परिचालन क्षमता में निरंतर सुधार की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिली मान्यता भी है। WDMMA ने 103 देशों की 129 सैन्य वायु इकाइयों तथा लगभग 48,082 सैन्य विमानों का अध्ययन करके यह मूल्यांकन तैयार किया है। इसमें केवल विमानों की संख्या नहीं, बल्कि उनकी वास्तविक युद्ध क्षमता, रखरखाव, उपलब्धता, तकनीकी स्तर, प्रशिक्षण, हथियार प्रणाली, लॉजिस्टिक सहायता और भविष्य की क्षमता जैसे अनेक पहलुओं को शामिल किया गया है।

रैंकिंग में अमेरिका की वायुसेना पहले स्थान पर है और उसके बाद अमेरिकी नौसेना तथा रूस की वायुसेना का स्थान आता है। इसके बाद अमेरिकी सेना और मरीन कॉर्प्स की विमानन शाखाएं हैं। भारतीय वायुसेना छठे स्थान पर है जबकि चीन की वायुसेना सातवें स्थान पर है। पहली नजर में यह परिणाम कई लोगों को चौंकाने वाला लग सकता है क्योंकि चीन के पास भारत की तुलना में कहीं अधिक संख्या में सैन्य विमान हैं। फिर भी भारत को आगे रखा गया है।

इसका कारण यह है कि आधुनिक सैन्य मूल्यांकन में केवल संख्या निर्णायक नहीं होती। किसी भी वायुसेना की वास्तविक ताकत इस बात से तय होती है कि वह अपने विमानों का कितनी प्रभावी ढंग से उपयोग कर सकती है, उसके पायलट कितने प्रशिक्षित हैं, उसकी युद्धक रणनीति कितनी मजबूत है और वह किसी भी संकट की स्थिति में कितनी तेजी से प्रतिक्रिया देने में सक्षम है। भारतीय वायुसेना की सबसे बड़ी विशेषता उसका व्यापक परिचालन अनुभव है।

स्वतंत्रता के बाद से भारत ने अनेक युद्धों, सीमित सैन्य अभियानों, आतंकवाद विरोधी अभियानों तथा मानवीय राहत कार्यों में अपनी वायु शक्ति का सफल उपयोग किया है। चाहे 1971 का युद्ध हो, कारगिल संघर्ष हो या हाल के वर्षों में सीमा पर उत्पन्न तनावपूर्ण परिस्थितियां, भारतीय वायुसेना ने समय पर, सटीक और प्रभावी कार्रवाई करके अपनी क्षमता का परिचय दिया है। इस लंबे अनुभव ने उसे केवल तकनीकी रूप से ही नहीं बल्कि रणनीतिक रूप से भी अधिक परिपक्व बनाया है। भारत ने पिछले एक दशक में वायुसेना के आधुनिकीकरण पर विशेष ध्यान दिया है। आधुनिक लड़ाकू विमान, लंबी दूरी की मिसाइलें, उन्नत रडार, नेटवर्क आधारित युद्ध प्रणाली, स्वदेशी तकनीकों का बढ़ता उपयोग और निगरानी क्षमता में उल्लेखनीय सुधार ने भारतीय वायुसेना को नई शक्ति प्रदान की है। फ्रांस से प्राप्त राफेल लड़ाकू विमानों ने भारतीय वायुसेना की मारक क्षमता में महत्वपूर्ण वृद्धि की है।

इनके साथ आधुनिक मिसाइल प्रणालियां और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली भी जुड़ी हुई हैं, जिससे किसी भी संभावित संघर्ष में भारत की प्रतिक्रिया क्षमता पहले की तुलना में कहीं अधिक मजबूत हुई है। साथ ही तेजस जैसे स्वदेशी लड़ाकू विमान भारत की आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। भारत की भौगोलिक स्थिति भी उसकी वायु रणनीति को विशेष महत्व देती है। एक ओर पाकिस्तान की सीमा है तो दूसरी ओर चीन जैसी बड़ी सैन्य शक्ति। उत्तर में ऊंचे पर्वतीय क्षेत्र, पश्चिम में रेगिस्तान, पूर्वोत्तर के कठिन पर्वतीय इलाके और दक्षिण में विशाल समुद्री क्षेत्र भारतीय वायुसेना के सामने विविध प्रकार की चुनौतियां प्रस्तुत करते हैं। ऐसी परिस्थितियों में किसी भी वायुसेना को बहुआयामी क्षमता विकसित करनी पड़ती है। भारतीय वायुसेना ने इन सभी परिस्थितियों के अनुरूप प्रशिक्षण और संसाधनों का विकास किया है। यही कारण है कि उसकी परिचालन क्षमता को विश्व स्तर पर सराहा जा रहा है।

चीन के पास विमानों की संख्या अधिक होने के बावजूद भारत का आगे आना यह भी दशार्ता है कि आधुनिक युद्ध में गुणवत्ता का महत्व लगातार बढ़ रहा है। किसी देश के पास हजारों विमान होने से वह स्वतः सबसे शक्तिशाली नहीं बन जाता। यदि उन विमानों का रखरखाव, प्रशिक्षण, तकनीकी उन्नयन और युद्ध के समय उनका समन्वित उपयोग प्रभावी नहीं है तो संख्या का लाभ सीमित हो जाता है। WDMMA का मूल्यांकन इसी व्यापक दृष्टिकोण पर आधारित है। इसी कारण भारतीय वायुसेना को उसके वास्तविक परिचालन प्रदर्शन और समग्र युद्ध क्षमता के आधार पर बेहतर स्थान मिला है।

हालांकि यह उपलब्धि महत्वपूर्ण है, लेकिन भारत के सामने कई चुनौतियां भी मौजूद हैं। भारतीय वायुसेना लंबे समय से अपने स्वीकृत लड़ाकू स्क्वाड्रनों की संख्या से कम स्क्वाड्रनों के साथ कार्य कर रही है। पुराने लड़ाकू विमानों को चरणबद्ध तरीके से सेवा से हटाया जा रहा है और उनकी जगह नए विमानों की आवश्यकता लगातार बनी हुई है। आने वाले वर्षों में तेजस के नए संस्करण, उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान कार्यक्रम और पांचवीं पीढ़ी के स्वदेशी लड़ाकू विमान परियोजना जैसे कार्यक्रमों की सफलता भारत की वायु शक्ति को और अधिक मजबूत बनाएगी। भविष्य के युद्धों का स्वरूप भी तेजी से बदल रहा है। अब केवल लड़ाकू विमान ही निर्णायक नहीं होंगे बल्कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मानव रहित विमान, स्वार्म ड्रोन, साइबर युद्ध, अंतरिक्ष आधारित निगरानी, नेटवर्क आधारित कमान प्रणाली और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध जैसी तकनीकें भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। भारत इन क्षेत्रों में भी तेजी से निवेश कर रहा है। रक्षा अनुसंधान संस्थानों और निजी उद्योगों की भागीदारी बढ़ने से देश की रक्षा उत्पादन क्षमता में सुधार हो रहा है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत रक्षा उपकरणों का स्वदेशी निर्माण भविष्य में भारत की सामरिक स्वतंत्रता को और मजबूत करेगा। भारतीय वायुसेना केवल युद्ध लड़ने वाली संस्था नहीं है। प्राकृतिक आपदाओं, बाढ़, भूकंप, महामारी और अन्य संकटों के समय भी उसने हजारों लोगों की जान बचाई है। राहत सामग्री पहुंचाना, दूरदराज के क्षेत्रों से नागरिकों को निकालना, विदेशों से भारतीयों की सुरक्षित वापसी और मानवीय सहायता पहुंचाना उसके नियमित कार्यों का हिस्सा बन चुका है। इस कारण भारतीय वायुसेना की छवि केवल एक सैन्य शक्ति की नहीं बल्कि राष्ट्रीय सेवा के विश्वसनीय संगठन की भी है।

आज दुनिया में सैन्य शक्ति का अर्थ केवल आक्रमण की क्षमता नहीं बल्कि प्रभावी प्रतिरोध की क्षमता भी है। मजबूत वायुसेना किसी भी देश के लिए सुरक्षा कवच का कार्य करती है। यदि किसी देश की वायु शक्ति सक्षम होती है तो संभावित विरोधी भी आक्रामक कदम उठाने से पहले कई बार सोचने को विवश होता है। भारत की बढ़ती वायु शक्ति इसी दृष्टि से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह क्षेत्रीय स्थिरता और राष्ट्रीय सुरक्षा दोनों को मजबूत करती है।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

### सूडोकु नवताल- 7851

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | | | 6 |
| 7 | | 2 | | 5 | | | | 9 |
| | | 4 | | | 2 | 7 | 5 | |
| 5 | 7 | | | | 9 | | 1 | 8 |
| | | | | 6 | | | | |
| 6 | 1 | | 3 | | | | 2 | 4 |
| | 5 | 1 | 9 | | | 8 | | |
| 2 | | | | 8 | | 9 | | 1 |
| 9 | | | | | 3 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7850 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 4 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 |
| 8 | 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 2 |

## आज का राशिफल

**मेष**– कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी।

**वृष**– अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**मिथुन**– कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सभा-गोष्ठियों में सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क**– कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**सिंह**– रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा।

**कन्या**– धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**तुला**– पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

**वृश्चिक**– अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**धनु**– हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। परिवारजन का सहयोग मिलेग। काम आसानी से बनते चले जाएंगे।

**मकर**– परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ के लिए किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा।

**कुंभ**– विद्यार्थियों को लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा।

**मीन**– शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

पं0 सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# आंदर में डकैती की साजिश नाकाम, आठ अपराधी गिरफ्तार



**सीवान, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** सीवान जिले के आंदर थाना क्षेत्र में डकैती की योजना बना रहे आठ अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर बड़ी वारदात टाल दी। गिरफ्तार आरोपितों के पास से दो अवैध हथियार, 10 कारतूस, एक कार और छह मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस ने सभी के खिलाफ आंदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि 8 जुलाई को आंदर थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम गड़ार में कुछ अपराधी हथियारों के साथ डकैती की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी कर आठ अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया।एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में हुसैनगंज थाने के बघौनी निवासी स्व. लाल बहादुर चौहान का पुत्र प्रकाश कुमार, प्रभु बिन का पुत्र दिलीप कुमार, भगरासन बिन का पुत्र गोलू कुमार, हरिंद्र बिन का पुत्र अमित कुमार, स्व. मदन मांझी का पुत्र अभिषेक कुमार, अनिल साह का पुत्र अनुज कुमार एवं आंदर थाने के भरौली निवासी स्व. जयप्रकाश प्रसाद का पुत्र अजीत कुमार बिन उर्फ अमर शामिल है।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक देशी पिस्टल, एक देशी कट्टा, 10 जिंदा कारतूस, एक कार और छह मोबाइल फोन बरामद किए गए। इस संबंध में आंदर थाना में बीएनएस एवं आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कांड दर्ज कर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

एसपी पूरन कुमार झा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित अजीत कुमार बिन उर्फ अमर के विरुद्ध आर्म्स एक्ट, डकैती की साजिश, डकैती तथा एनडीपीएस एक्ट के कई मामले पूर्व से दर्ज हैं।वहीं प्रकाश कुमार के खिलाफ भी बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत कई कांड दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि जिले में अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# विशेष लोक अदालत का आयोजन 18 को



**पूर्वी चंपारण, मोतिहारी, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** आगामी विशेष लोक अदालत दिनांक 18 जुलाई 2026 के सफल आयोजन एवं अधिकाधिक वादों के निष्पादन को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के सचिव नितिन त्रिपाठी की अध्यक्षता में सभी न्यायालयों के कार्यालय लिपिकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सचिव श्री त्रिपाठी ने बताया कि इस विशेष लोक अदालत में मुख्य रूप से चेक बाउंस (परक्राम्य लिखत अधिनियम, धारा 138) से संबंधित वादों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निष्पादन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से वादों का त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निस्तारण होने से वादकारियों के समय, धन एवं अनावश्यक न्यायिक प्रक्रिया की बचत होती है। उन्होंने बताया कि संबंधित वादों के दोनों पक्षों को नोटिस के माध्यम से सूचित किया जा चुका है। साथ ही सभी कार्यालय लिपिकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने स्तर से संबंधित अधिवक्ताओं एवं वादकारियों से समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक मामलों को विशेष लोक अदालत में लाकर उनका निष्पादन सुनिश्चित करें।बैठक में सभी कर्मियों से विशेष लोक अदालत को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहयोग करने तथा अधिकाधिक मामलों के सुलहपूर्ण निस्तारण हेतु गंभीरता एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया।

# विधायक ने किया उन्नत आधार सेवा केंद्र का उद्घाटन

**पूर्वी चम्पारण , 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** मोतिहारी के विधायक प्रमोद कुमार ने गुरुवार को पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी) में उन्नत आधार सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपमहापौर डॉ लाल बाबू प्रसाद की भी गरिमामयी रूप से उपस्थित रहीं।

इस उन्नत आधार सेवा केंद्र का उद्घाटन पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी) और आसपास के क्षेत्रों में आधार सेवाओं की डिलीवरी को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस केंद्र को उन्नत तकनीकी सुविधाओं और बेहतर अवसंरचना के साथ विकसित किया गया है, ताकि आधार नामांकन और अद्यतन सेवाएँ अधिक तेज, पारदर्शी और निवासी अनुकूल तरीके से उपलब्ध कराई जा सकें। पूर्व में बिहार में यूआईडीएआई के आधार सेवा केंद्र केवल चार जिलों-पटना, मुजफ्फरपुर भागलपुर पूर्णिया में ही उपलब्ध थे। अब इन मौजूदा केंद्रों के साथ-साथ चरणबद्ध तरीके से नए आधार सेवा केंद्र 11 अन्य जिलों में आधार केंद्र स्थापित हो चुके है तथा 17 नए जिलों में आधार केंद्र खोलने का कार्य चल रहा है आने वाले दो महीनो में ये सारे केंद्र कार्य करने लगेंगे इस अवसर पर विधायक प्रमोद कुमार ने आधार पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और लोगों को आधार सेवाओं तक सहज पहुंच उपलब्ध कराने के लिए यूआईडीएआई के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहले सार्वजनिक सेवा वितरण में पारदर्शिता, दक्षता और सुविधा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों के 5 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर तथा पुनः 15 वर्ष की आयु पर अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट अवश्य कराएं, ताकि बच्चे छात्रवृत्ति जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें तथा जहां लागू हो, वहाँ NEET, CUET जैसी प्रवेश परीक्षाओं के पंजीकरण में किसी प्रकार की समस्या न हो।

मीडिया से बातचीत के दौरान उपमहापौर डॉ लाल बाबू प्रसाद ने भी अभिभावकों को अपने बच्चों का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट कराने के लिए प्रोत्साहित किया और वि?द्यालयों से आग्रह किया कि वे

## लोक शिकायत निवारण में सुपौल जिला बिहार में प्रथम

**सुपौल, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।**बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन में सुपौल जिले ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जून 2026 की राज्य स्तरीय रैंकिंग में सुपौल 89.61 अंक प्राप्त कर पूरे बिहार में प्रथम स्थान पर रहा है। यह रैंकिंग निर्धारित मापदंडों और कार्य निष्पादन के आधार पर तय की गई है। अपर समाहर्ता (लोक शिकायत निवारण)-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी ने बताया कि जिले ने समयबद्ध तरीके से परिवादों के निष्पादन और शिकायतों के निवारण में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

# एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित



**मोतिहारी , 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** प्रभारी जिलाधिकारी सह उप विकास आयुक्त पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी डॉ प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) के तहत प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद सभागार, मोतिहारी में किया गया। कार्यशाला में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले सर्वेक्षण की प्रक्रिया तथा डेटा संकलन की विस्तृत जानकारी संबंधित पदाधिकारियों को प्रदान की गई, साथ हीं विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये मोबाईल एप्लिकेशन एवं वेब पोर्टल के माध्यम से सर्वेक्षण कार्य संपादित करने की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी गई।

जिला कल्याण पदाधिकारी, मोतिहारी द्वारा बताया गया कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के क्रियान्वयन हेतु 16 प्रखण्ड के 37 पंचायत में 42 ग्राम का चयन किया गया है। इस योजना का उद्देश्य चयनित ग्रामों का एकीकृत विकास करना है, ताकि सभी अपेक्षित आधारभूत संचरनाओं का निर्माण कराया जा सके। आदर्श ग्राम योजना के घटक के तहत 10 डोमेन के अन्तर्गत 50 मॉनिटरेबल इंडिकेटर निर्धारित है। इस योजना के सफल क्रियान्वयन एवं वार्षिक कार्य योजनाओं का मुल्यांकन हेतु जिला स्तर पर जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में मुल्यांकन सह- अभिसरण समिति का गठन किया जा चुका है। ग्राम स्तर पर सभी चयनित ग्रामों में संबंधित ग्राम पंचायत के मुखिया की अध्यक्षता में ग्राम स्तर पर योजना मूल्यांकनसह अभिसरण समिति का गठन करते हुए सभी चयनित ग्रामों में आधारभूत आँकड़ों के संग्रहण हेतु सर्वेक्षण टीम का गठन किया जा चुका है।

# सुपौल नगर वासियों को मुख्य पार्षद की बड़ी सौगात

## आधुनिक मुक्तिधाम में निशुल्क विद्युत शवदाह की शुरूआत

**सुपौल, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** सुपौल नगर परिषद के मुख्य पार्षद राघवेंद्र झा राघव की पहल से शहर वासियों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित मुक्तिधाम की सौगात मिली है।यहां अत्याधुनिक विद्युत शवदाह गृह का संचालन शुरू कर दिया गया है, जहां निशुल्क दाह संस्कार की व्यवस्था की गई है। यह सुविधा विशेष रूप से गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों को ध्यान में रखकर शुरू की गई है, जिससे अंतिम संस्कार का आर्थिक बोझ काफी हद तक कम होगा।

मुख्य पार्षद राघवेंद्र झा ने बताया कि नगरवासियों को सम्मानजनक अंतिम विदाई की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना नगर परिषद की प्राथमिकता रही है। इसी उद्देश्य से मुक्तिधाम में प्रतीक्षालय, पूजा-पाठ के लिए अलग स्थान, सुंदर एवं स्वच्छ पोखर, बैठने की समुचित व्यवस्था तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया है।पूरे परिसर को इस तरह विकसित किया गया है कि यहां आने वाले लोगों को स्वच्छ और शांत वातावरण मिल सके। उन्होंने बताया कि पहले शहर के कई लोग मुक्तिधाम के आसपास दिन में भी आने से कतराते थे, लेकिन अब परिसर पूरी तरह बदल चुका है। साफ-सफाई, हरियाली और बेहतर प्रकाश व्यवस्था के कारण अब लोग रात के समय भी यहां बैठकर बातचीत करते दिखाई देते हैं।यह बदलाव नगर परिषद के विकास कार्यों का प्रत्यक्ष उदाहरण बन गया है। मुख्य पार्षद ने जानकारी दी कि नगरवासियों की सुविधा के लिए निशुल्क शव वाहन की भी व्यवस्था की गई है। पहले लोगों को शव को काफी दूर तक कंधे पर ले जाना पड़ता था, लेकिन अब शव वाहन की सुविधा मिलने से अंतिम यात्रा अधिक सम्मानजनक और सुविधाजनक हो गई है। नगर परिषद द्वारा संचालित यह आधुनिक मुक्तिधाम आज सुपौल शहर के लिए एक नई पहचान बनता जा रहा है। आधुनिक विद्युत शवदाह गृह, निशुल्क दाह संस्कार, स्वच्छ परिसर, पूजा-पाठ की व्यवस्था और शव वाहन जैसी सुविधाओं के साथ यह मुक्तिधाम नगरवासियों को सम्मानजनक एवं सुगम अंतिम संस्कार की नई व्यवस्था प्रदान कर रहा है।

## ट्रैक्टर के नीचे दबने से किसान की मौत

**सुपौल, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** जिले के पिपरा थाना क्षेत्र के दुलारी गांव में गुरुवार की दोपहर एक दर्दनाक हादसे में किसान की मौत हो गई। खेत से पटुआ (जूट) काटकर ट्रैक्टर से उसकी बोराई कराने जा रहे किसान की ट्रैक्टर के ट्रेलर के नीचे दब जाने से मौत हो गई। मृतक की पहचान दुलारी गांव निवासी 55 वर्षीय राधेश्याम साह के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि राधेश्याम साह ट्रैक्टर पर पटुआ लादकर बोराई के लिए जा रहे थे। इसी दौरान वह अचानक ट्रैक्टर से नीचे गिर गए और ट्रेलर के चक्के की चपेट में आ गए। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

# सीवान के उत्पाद निरीक्षक के पांच ठिकानों पर ईओयू का छापा

**सीवान, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में सीवान के उत्पाद निरीक्षक अंकेश कुमार गोंड़ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। गुरुवार की सुबह ईओयू की टीम ने सीवान कार्यालय, आवास, पटना और मुंगेर के उनके पांच ठिकानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की।

सभी स्थानों पर पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारियों के नेतृत्व में तलाशी अभियान चलाया गया। बिहार पुलिस मुख्यालय (आर्थिक अपराध प्रभाग) के अनुसार, विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के सत्यापन के दौरान अंकेश कुमार गोंड़ के विरुद्ध ज्ञात आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के साक्ष्य मिले। जांच में प्रथम दृष्टया उनके पास 2 करोड़ 36 लाख 31 हजार रुपये की ऐसी संपत्ति पाई गई, जो उनकी ज्ञात आय से लगभग 201.97 प्रतिशत अधिक है।

इस आधार पर आर्थिक अपराध इकाई थाना में कांड संख्या-13/26 दिनांक 8 जुलाई 2026 को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित 2018) की धारा 13(2) सहपठित धारा 13(1)(बी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। इसके बाद विशेष न्यायालय (निगरानी), पटना से तलाशी वारंट प्राप्त कर गुरुवार को कार्रवाई शुरू की गई। ईओयू की टीम ने दानापुर (पटना) स्थित आवास, मुंगेर के चंदनबाग स्थित पैतृक घर, लल्लूपोखर स्थित व्यावसायिक भवन, सीवान स्थित उत्पाद विभाग के कार्यालय कक्ष तथा नगर थाना क्षेत्र के कचहरी रोड स्थित किराये के आवास पर एक साथ तलाशी ली।

## संक्षिप्त समाचार

### कोबेया HP गैस प्लांट के सामने रस्सी फँसने से बाइक सवार की सड़क हादसे में मौत

**हरसिद्धि, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** हरसिद्धि बाजार निवासी राजेश कुमार अपनी बाइक से बुधवार रात को हरसिद्धि-छपवा मुख्य मार्ग पर छपवा से अपने घर हरसिद्धि आ रहा था उसी दौरान कोबेया गांव के पास ल्ढ गैस प्लांट के सामने एक दुखद सड़क दुर्घटना में उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान हरसिद्धि बाजार, शीतला माई मंदिर निवासी राजेश कुमार के रूप में हुई है।पुलिस और स्थानीय लोगों के अनुसार राजेश छपवा से हरसिद्धि मुख्य सड़क से बाइक से जा रहे थे तभी एचपी गैस प्लांट के ठीक सामने मुख्य सड़क पर गैस वाले टैंकर के चक्का को मिट्टी के फंसे होने से निकलने के लिए गाड़ी चालक द्वारा सड़क के बीचो-बीच एक तार वाले रस्सी से बांधकर सड़क के दूसरी ओर एक पेड़ में बांध दी गई थी उसी दौरान सड़क के बीच में टैंकर से खिंची रस्सी के कारण उनकी गर्दन फँस गई। वह बाइक से गिर गए और मौके पर ही गंभीर रूप से घायल हो गए। अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उनकी मौत हो गई। अरेराज के एसडीपीओ रवि कुमार ने बताया कि घटना के बाद ल्ढ गैस प्लांट के मैनेजर रंजन कुमार को सुरक्षा कारणों से थाने ले जाया गया। प्लांट के मैनेजर ने पुलिस को बताया कि मृतक के परिजनों को नौकरी तथा आर्थिक सहायता दी जाएगी। घटना के बाद मृतक के परिजनों व ग्रामीणों ने HP गैस प्लांट प्रबंधन की लापरवाही के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और मुआवजे की मांग की। पुलिस ने बड़ी संख्या में तैनाती कर शांति व्यवस्था बनाए रखी और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मामले की जांच प्रगति पर है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने प्राथमिक पूछताछ में बताया कि आरोपी पक्ष के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच की जाएगी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट व सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद ही दुर्घटना के सटीक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### सोनपुर में जनगणना निदेशक ने मकान मालिकों से खुद किया प्रगणकों के डेटा का मिलान

**सारण, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** जनगणना कार्य सह नागरिक निबंधन की निदेशक रंजीता ने गुरुवार को सोनपुर नगर परिषद क्षेत्र में चल रहे द्वितीय चरण जनसंख्या गणना के प्री-टेस्ट कार्यों का जमीनी जायजा लिया।उन्होंने सीधे फील्ड में पहुंचकर प्रगणकों द्वारा एचएलओ मोबाइल ऐप में भरे गए डेटा की रैंडम जांच की और मकान मालिकों से मिलकर परिवार के मुखिया का नाम, आयु, पेशा, वैवाहिक स्थिति और आधार-वोटर आईडी जैसे विवरणों का मिलान किया।निदेशक ने कहा कि प्री-टेस्ट का उद्देश्य फील्ड की दिक्कतों, ऐप की गुणवत्ता और प्रश्नों की व्यवहारिकता को समझना है, ताकि मुख्य जनगणना से पहले आवश्यक सुधार किए जा सकें।उन्होंने प्रगणकों को प्रश्नों का सही कॉन्सेप्ट समझकर डेटा भरने और चार्ज अधिकारी शशि कुमार को नियमित रूप से डेटा की शुद्धता जांचने के निर्देश दिए। लोगों की सहभागिता बढ़ाने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मदद और जनजागरण पर जोर दिया गया।इसके अलावा निदेशक ने एसआरएस यूनिट में जाकर जन्म-मृत्यु के बायोप्सी टेस्ट और केस हिस्ट्री का भी सत्यापन किया।इस अवसर पर जनगणना निदेशालय के उप निदेशक हेमंत कुमार, सहायक निदेशक शिवेन्द्र कुमार, जिला संख्यकी पदाधिकारी अंजनी कुमार लाल, एसडीएम स्निग्धा नेहा, जिला नोडल अदिति आनंद, आयुषी कुमारी सहायक चार्ज अधिकारी रईस अहमद, बीपीआरओ राजेश प्रसाद, जिला कोषांग के सुनील कुमार, संतोष कुमार, राकेश कुमार सिन्हा आदि उपस्थित थे।

### सुपौल में टीबी मुक्त भारत अभियान तेज, 100 प्रतिशत स्क्रीनिंग का लक्ष्य

**सुपौल, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** जिले को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने अभियान को मिशन मोड में तेज कर दिया है। गुरुवार को समाहरणालय स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी सावन कुमार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग समेत सभी संबंधित विभागों को निर्धारित समयसीमा के भीतर 100 प्रतिशत टीबी स्क्रीनिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में प्रतिदिन निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप टीबी स्क्रीनिंग, एक्स-रे, टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट (टीपीटी), डिफरेंशिएटेड टीबी केयर, निश्चय मित्र योजना तथा फूड बास्केट वितरण जैसे सभी संकेतकों पर शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियान में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। डीएम ने निर्देश दिया कि प्रत्येक प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, जीविका के प्रखंड प्रबंधक, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी तथा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी संयुक्त रूप से अभियान की नियमित निगरानी करेंगे।

**NOTICE**

I, Sudama Pandit S/o Sairu Pandit R/o Ward No-10, Sangibaita, Sangalbahita, Sangibaita, Bhagalpur, Kahalgaon, Bihar-813203, have changed my minor son's name from Ayush Kumar aged 10 years to Rohit Kumar forever

# बांध निर्माण पर उठे सवाल, ग्रामीणों ने गुणवत्ता पर जताई नाराजगी

**सुगौली, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** मोतिहारी के सुगौली प्रखंड के सुकुल पाकड़ पंचायत के धुमनी टोला में बाढ़ सुरक्षा के लिए कराए गए बांध की मरम्मत और मिट्टी भराई का कार्य अब सवालों के घेरे में है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर आपत्ति जताते हुए कहा है कि बांध की न तो पर्याप्त ऊंचाई है और न ही चौड़ाई। ग्रामीण हृदया सहनी समेत कई लोगों का आरोप है कि यदि समय रहते निर्माण में सुधार नहीं किया गया तो बरसात के दौरान यह बांध बाढ़ के पानी का दबाव नहीं झेल पाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि यह इलाका हर वर्ष बाढ़ की मार झेलता है और इस बार भी बारिश का बड़ा दौर अभी बाकी है। ऐसे में अधूरे और कमजोर निर्माण से लोगों की चिंता बढ़ गई है। एक ओर बांध बनने से राहत की उम्मीद जगी है, वहीं दूसरी ओर इसकी गुणवत्ता को लेकर नाराजगी भी साफ दिखाई दे रही है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या यह बांध बाढ़ के पानी को रोक पाएगा या फिर ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्या एक बार फिर बरकरार रहेगी।

# बालू-शराब माफिया पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, वांछित प्रकाश उपाध्याय समेत चार गिरफ्तार



**सीवान, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** जिले के दरौली थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन, पुलिस टीम पर हमला और शराब तस्करी से जुड़े मामलों में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात बालू एवं शराब माफिया प्रकाश उपाध्याय समेत चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से एक देशी पिस्टल, चार कारतूस, एक बोलेरो वाहन और छह मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपितों की अवैध कमाई से अर्जित संपत्ति जब्त करने की भी तैयारी शुरू कर दी है।

पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि 28 जून 2026 को दरौली थाना क्षेत्र में अवैध बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।

घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम पर उग्र भीड़ ने हमला कर दिया था, जिसमें दो पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। इस मामले में दर्ज कांड के अनुसंधान के दौरान अब तक आठ आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है।एसपी ने बताया कि जांच में सामने आया कि दुर्घटना करने वाला ट्रैक्टर चालक त्रिभूवन राजभर वाहन मालिक वेदप्रकाश उपाध्याय उर्फ भोला और प्रकाश उपाध्याय के कहने पर अवैध बालू खनन में लगा था।उन्होंने बताया कि 7 जुलाई को गुप्त सूचना मिली कि मामले का वांछित आरोपित प्रकाश उपाध्याय अपने सहयोगियों के साथ बोलेरो से दरौली आ रहा है। सूचना मिलते ही दरौली थाना पुलिस, जिला आसूचना इकाई और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने ग्राम टड़वा स्थित बंद पड़े पुराने पेट्रोल पंप के समीप वाहन जांच शुरू की। पुलिस को देखकर बोलेरो चालक भागने लगा, लेकिन घेराबंदी कर वाहन को रोक लिया गया।

तलाशी के दौरान वाहन से एक देशी पिस्टल, चार कारतूस, छह मोबाइल फोन और बोलेरो बरामद किए गए। मौके से प्रकाश उपाध्याय, मिक्कू उपाध्याय, उज्जवल उपाध्याय और शिवम पांडेय को गिरफ्तार कर लिया गया।एसपी पूरन कुमार झा ने बताया कि प्रकाश उपाध्याय जिले के बालू और शराब माफियाओं की सूची में शामिल है।

# 0 से अधिक बच्चों की पढ़ाई दो शिक्षकों के भरोसे, डीएम को सौंपा गया मांग पत्र

**सुपौल, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत बरूआरी पंचायत के मधुबन टोला स्थित प्राथमिक विद्यालय में शैक्षणिक व्यवस्था की बदहाली का मामला सामने आया है। विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे युवा कांग्रेस के बिहार प्रदेश सचिव लक्ष्मण कुमार झा ने विद्यालय में शिक्षकों की कमी, कमरे के अभाव और मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर चिंता जताई।

उन्होंने इस संबंध में जिला पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपकर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की है। लक्ष्मण कुमार झा ने बताया कि मधुबन टोला स्थित प्राथमिक विद्यालय में पहली से पांचवीं कक्षा तक की पढ़ाई होती है, जहां 100 से अधिक छात्र-छात्राएं नामांकित हैं।इसके बावजूद विद्यालय का संचालन महज दो शिक्षकों के भरोसे किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना दो शिक्षकों के लिए काफी कठिन है, जिसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में कमरों की कमी को भी गंभीर समस्या बताया। उन्होंने कहा कि पर्याप्त कक्ष उपलब्ध नहीं होने के कारण एक ही कमरे और बरामदे में तीन-तीन कक्षाओं का संचालन करना पड़ रहा है। इससे शिक्षकों को पढ़ाने में परेशानी होती है और बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होती है।उन्होंने बताया कि विद्यालय में बच्चों के बैठने के लिए पर्याप्त डेस्क-बेंच की सुविधा भी नहीं है। कई बच्चे असुविधाजनक स्थिति में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षकों के साथ-साथ बेहतर आधारभूत संरचना और शैक्षणिक संसाधनों की उपलब्धता जरूरी है।जिला पदाधिकारी को सौंपे गए मांग पत्र में युवा कांग्रेस नेता ने विद्यालय में अतिरिक्त शिक्षकों की नियुक्ति, नए कक्षों का निर्माण, पर्याप्त डेस्क-बेंच की व्यवस्था और अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को भी बेहतर शिक्षा का समान अधिकार मिलना चाहिए।लक्ष्मण कुमार झा ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा बच्चों के भविष्य की नींव होती है। यदि शुरूआती स्तर पर ही बेहतर शैक्षणिक माहौल नहीं मिलेगा तो इसका प्रतिकूल प्रभाव बच्चों के भविष्य पर पड़ेगा। उन्होंने जिला प्रशासन से विद्यालय का निरीक्षण कर जल्द आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की।उन्होंने कहा कि यदि मांगों पर शीघ्र पहल नहीं की गई तो युवा कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीके से चरणबद्ध आंदोलन करेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह पहल किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि बच्चों को बेहतर शिक्षा और सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की जा रही है।

ग्रामीणों ने भी विद्यालय में शिक्षकों की कमी और संसाधनों के अभाव को दूर करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से चली आ रही इन समस्याओं के समाधान की उम्मीद अब जिला प्रशासन से है।

# शिवहर सांसद लवली ने अवध किशोर सिंह उर्फ दारा सिंह को बनाया चिरैया प्रखंड का सांसद प्रतिनिधि

**सिकरहना, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** शिवहर सांसद लवली आनंद ने चिरैया प्रखंड के लिए अवध किशोर सिंह उर्फ दारा सिंह को सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किया है। उनके मनोनयन की घोषणा होते ही चिरैया प्रखंड सहित आसपास के क्षेत्रों में खुशी का माहौल बन गया। समर्थकों, सामाजिक कार्यकताओं, जनप्रतिनिधियों तथा विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई देते हुए सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल की शुभकामनाएँ दीं। सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने के बाद अवध किशोर सिंह उर्फ दारा सिंह ने सांसद लवली आनंद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि सांसद द्वारा उन पर जताए गए विश्वास पर वे पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि चिरैया प्रखंड के प्रत्येक पंचायत और गाँव की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर सांसद के समक्ष रखेंगे तथा उनके शीघ्र समाधान के लिए लगातार प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, बिजली, पेयजल तथा अन्य जनसुविधाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। गरीब, किसान, मजदूर, छात्र, महिलाएँ और समाज के सभी वर्गों की समस्याओं का समाधान कराने के लिए वे हमेशा उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि जनता और सांसद के बीच एक मजबूत कड़ी के रूप में कार्य करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

# पर्यटन को बढ़ावा देने व स्वरोजगार से जोड़ने के लिए होमस्टे के रूप में विकसित करने वाले को मिलेगा प्रोत्साहन राशि



**सासाराम, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** बिहार सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने एवं स्थानीय लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से ₹मुख्यमंत्री होमस्टे प्रोत्साहन योजना-2026₹ लागू की गई है। इस योजना के तहत रोहतास सहित राज्य के चिन्हित पर्यटन स्थलों पर स्थानीय नागरिक अपने घरों को होमस्टे के रूप में विकसित कर पर्यटकों को ठहरने की सुविधा उपलब्ध करा सकेंगे। इससे एक ओर पर्यटकों को स्थानीय संस्कृति और आतिथ्य का अनुभव मिलेगा, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण एवं पर्यटन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की आय में भी वृद्धि होगी।इस योजना के तहत रोहतास जिले के तीन प्रमुख पर्यटन स्थलों शेरशाह सूरी का मकबरा, मांझर कुंड और धुआं कुंड को शामिल किया गया है। जिसके बाद अब इन स्थलों के पांच किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोग अपने घरों को होमस्टे के रूप में विकसित कर योजना का लाभ उठा सकेंगे। इसके लिए पर्यटन विभाग द्वारा पंजीकरण शुरू हो चुका है। योजना के तहत अपने घर को होमस्टे के रूप में विकसित करने वाले लाभार्थियों को अधिकतम चार कमरों के लिए 10 लाख रुपये तक की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। वहीं महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों और 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को प्रति कमरा 25 हजार रुपये की अतिरिक्त सहायता मिलेगी। इस प्रकार उन्हें अधिकतम 11 लाख रुपये तक का लाभ प्राप्त हो सकेगा। इसके लिए आपको जमीन और घर के दस्तावेज देने होंगे। इसके अलावा आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाते की जानकारी भी देनी होगी। सरकारी कर्मचारी और कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स के अलावा कोई भी इस योजना के लिए अप्लाई कर सकता है।

योजना में स्वच्छता, सुरक्षित आवास, पेयजल, शौचालय, बिजली, प्राथमिक उपचार सहित पर्यटकों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। पर्यटन विभाग द्वारा होमस्टे संचालकों को प्रशिक्षण, पंजीकरण, गुणवत्ता मानकों के पालन तथा प्रचार-प्रसार में भी सहयोग प्रदान किया जाएगा। विभागीय पोर्टल के माध्यम से पंजीकृत होमस्टे की जानकारी देश-विदेश के पर्यटकों तक पहुंचाई जाएगी, जिससे स्थानीय संचालकों को अधिक संख्या में पर्यटक मिलने की संभावना बढ़ेगी। जिला प्रशासन ने इच्छुक नागरिकों से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की है। इच्छुक व्यक्ति विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार आवेदन एवं पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी कर इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## मवेशी से भरा ट्रक पुलिस ने पकड़ा, जांच मे जुटी पुलिस

**कोचस (रोहतास), 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** स्थानीय नगर पंचायत के चौक पर सड़क हादसे में हुए किशोर के मौत के बाद गुस्साए स्थानीय लोगों द्वारा सड़क जाम के दौरान मवेशी से लदा ट्रक जाम में फंस गया। जहां लोगों की चिल्हाटी के बाद ट्रक में मवेशी कूदने लगे तभी लोगों ने मवेशी देख और आग बबुला हो गये।हालांकि लोगों की गुस्सा देख चालक समेत अन्य कर्मचारी डर के मारे सड़क पर हीं ट्रक छोड़कर भाग गये। स्थानीय पुलिस ने मवेशी लदा कन्टेनर को अन्य चालक के माध्यम से थाने लें आई।इस संबंध में एसडीपीओ दो संजीव कुमार ने बताया है कि ट्रक पर केवल भैंस लदी हुई थी। पशुपालक विभाग से बातचीत चल रही है। भैंस प्रतिबंधित जानवर नहीं है। इसलिए कानूनी प्रक्रिया पूरी कर छोड़ दी जाएगी।

## साइबर अपराधियों ने बैंक खाते से उड़ाए 89 हजार

**नासरीगंज (रोहतास), 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** साइबर अपराधियों ने एक ग्राहक के बैंक खाते से 89 हजार रुपये उड़ा लिए। पिपरडीह गांव निवासी पीड़ित कुमार अभिषेक ने थाने में आवेदन देकर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार वह गुजरात अपने बहनोई के यहां घूमने गया था। इसी क्रम में उसके बिक्रमगंज स्थित बैंक ऑफ इंडिया के खाते से गत 30 जून को रात में लगभग साढ़े आठ बजे कुल चौदह किश्तों में 89 हजार रुपए यूपीआई आनलाइन- फोन पे और गूगल पे के जरीए अवैध निकासी कर ली ग ई।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रदेश जदयू कमिटी में रोहतास से नवनियुक्त पदाधिकारी को दी बधाई

**सासाराम, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** विगत 8 जुलाई को प्रदेश जनता दल यूनाइटेड बिहार के अध्यक्ष श्री उमेश कुशवाहा जी के द्वारा बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड कमेटी की घोषणा की गई। इस कमेटी में रोहतास जिला के कर्मठ, योग्य ,ईमानदार और पार्टी के प्रति समर्पित कार्यकताओं को सम्मान देते हुए स्थान दिया गया। इस क्रम में श्री महाबली सिंह को उपाध्यक्ष श्री अनंत कुमार गुप्ता को महासचिव ,श्री ओम प्रकाश सिंह सेतु श्री धनजी चौधरी श्रीमती अरुणा सिंह श्रीमती सविता नटराज श्रीमती नीलम पटेल तथा श्रीमती मानति मौर्या को सचिव और चंदन कुमार सिंह को प्रवक्ता मनोनीत किया गया।इस अवसर पर रोहतास जिला जनता दल यूनाइटेड की ओर से बधाई और शुभकामना देते हुए जिला अध्यक्ष श्री बिंदा चंद्रवंशी ने कहा की हम प्रदेश नेतृत्व के इस निर्णय का स्वागत करते हैं और रोहतास जिला सहित सभी नवमनोनीत प्रदेश के पदाधिकारीयों को हार्दिक बधाई और शुभकामना देते हैं। साथ ही हम यह विश्वास भी रखते हैं की सभी नवमनोनीत पदाधिकारी आदरणीय श्री नीतीश कुमार जी तथा जनता दल यूनाइटेड के सिद्धांतों और नीतियों का पालन करते हुए पार्टी और प्रदेश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।बधाई देने वालों में धनंजय भाई पटेल अलख निरंजन तौसीफ आलम हाजी जमालुद्दीन सिद्दीकी राज सोनी निखिल जय सिंह प्रमोद पटेल मजहरुल हक ऊषा पटेल बनारसी पटेल शशि कुशवाहा उषा कुशवाहा दानिश मन्शुरी सहित कई अन्य सम्मिलित है।

### छत से गिरकर घायल कक्षा एक के छात्र की वाराणसी में मौत, गांव में पसरा मातम

**दिनारा, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मनिहारी के कक्षा एक के छात्र की छत से गिरने के बाद इलाज के दौरान गुरुवार को वाराणसी के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि शव गांव पहुंचते ही परिजनों और ग्रामीणों ने विद्यालय पहुंचकर आक्रोश जताया।मृतक की पहचान मनिहारी गांव निवासी राम पुकार चौधरी के लगभग छह वर्षीय पुत्र प्रीतम कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि गत मंगलवार को प्रीतम परीक्षा देने विद्यालय गया था। परीक्षा समाप्त होने के बाद वह अन्य बच्चों के साथ घर की छत पर बने कमरे में खेल रहा था। इसी दौरान उसका इंस्ट्रूमेंट बॉक्स रेलिंग के बाहर छज्जे पर गिर गया। बॉक्स उठाने के प्रयास में वह छज्जे की ओर झुका, तभी संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर पड़ा। गिरने से उसके सिर में गंभीर चोट लगी।घटना के बाद शिक्षकों और परिजनों ने आनन-फानन में उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दिनारा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल, सासाराम रेफर कर दिया। बाद में बेहतर इलाज के लिए वाराणसी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां गुरुवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।शव गांव पहुंचते ही परिजनों और ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। लोगों ने विद्यालय पहुंचकर घटना को लेकर नाराजगी जताई। मृतक के दादा धरिक्षण चौधरी ने शिक्षकों पर लापरवाही का आरोप लगाया।सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस तथा प्रखंड प्रभारी शिक्षा पदाधिकारी मधुरेंद्र कुमार विद्यालय पहुंचे और परिजनों व ग्रामीणों को समझाकर शांत कराया। प्रभारी बीईओ ने घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए कहा कि विद्यालयों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर सभी शिक्षकों को आवश्यक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही मृतक के परिजनों को सरकार की ओर से मिलने वाली हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।प्रीतम कुमार अपने माता-पिता की तीन संतानों में दूसरे स्थान पर था। उसकी असमय मौत से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

### छोटे अस्पतालों को भी आयुष्मान कार्ड स्वीकार करने की अनुमति मिले : डेहरी विधायक

**नासरीगंज (रोहतास), 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** छोटे अस्पतालों को भी आयुष्मान कार्ड स्वीकार करने की अनुमति सरकार द्वारा दिया जाना चाहिए। ताकि छोटी जगहों पर भी लोग अपना इलाज आसानी से करवा सकें। उक्त बातें डेहरी विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने नासरीगंज में पत्रकारों से बातचीत में कहीं। वे यहां एक निजी संस्थान श्री इमेजिंग अल्ट्रासाउंड का उद्घाटन करने आए थे। विधायक ने कहा कि सूबे की सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए कृत संकल्पित है। और पीएचसी व सीएचसी में आधुनिक तकनीक वाली जांच मशीनें उपलब्ध कराई जा रही है। विधायक ने कहा कि सरकार हर जिला में मेडिकल कॉलेज खोलने की योजना बना रही है। ताकि लोगों को उच्च स्तरीय शिक्षा स्थानीय स्तर पर मिल सके। उन्होंने आशा कार्यकताओं के एक साल से लंबित मानदेय का मुद्दा विधानसभा के पटल पर उठाने का आश्वासन दिया। इसी के साथ विधायक ने जानकारी दी कि पाली पुल के नाम से प्रसिद्ध ध्वस्त हो चुका डेहरी का रेलवे ओवर ब्रिज का पुनर्निर्माण बहुत जल्द शुरू होगा। मौके पर लोजपा( आर ) के प्रखंड अध्यक्ष देवमुनी पासवान, बीस सूत्री अध्यक्ष डॉ. अमरेंद्र कुमार, जदयू नेता संजर खां और भाजपा नेता सिकंदर सिंह इत्यादि उपस्थित थे।

### 4 क्रेडिट इंटर्नशिप पर कार्यशाला आयोजित

**बिक्रमगंज /रोहतास, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** इंदु तपेश्वर महिला कॉलेज, बिक्रमगंज में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के 4 क्रेडिट इंटर्नशिप कार्यक्रम के संबंध में एक जागरूकता एवं मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनोद कुमार द्वारा किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने छात्राओं को इंटर्नशिप के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कार्यक्रम उनके व्यावहारिक ज्ञान, कौशल विकास एवं रोजगार क्षमता को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।कार्यशाला कैंपस की ओर से प्रतिनिधि किशन श्रीवास्तव, रिंकू सिन्हा एवं सुनीता ने छात्राओं को 4 क्रेडिट इंटर्नशिप की संपूर्ण प्रक्रिया, पंजीकरण, प्रशिक्षण, प्रोजेक्ट, प्रमाण-पत्र तथा विभिन्न डोमेन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए इंटर्नशिप से जुड़े सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

# श्रावण मास को लेकर डीएम व एसपी ने की समीक्षा बैठक

**सासाराम, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** श्रावण मास 2026 के अवसर पर चेनारी प्रखंड स्थित प्रसिद्ध गुप्ताधाम में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, विधि-व्यवस्था एवं आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को वन विश्रामागार बादलगढ़, चेनारी में जिला पदाधिकारी, रोहतास श्री दीपक कुमार मिश्र की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में पुलिस अधीक्षक, वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी, सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सासाराम-1, गुप्ताधाम पूजा समिति के अध्यक्ष, संबंधित विभागों के पदाधिकारी तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में श्रावण मास के दौरान श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए सुरक्षा, यातायात, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत, भीड़ नियंत्रण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक के उपरांत जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों के साथ गुप्ताधाम का स्थलीय निरीक्षण कर गुफा परिसर एवं आसपास की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में गुप्ताधाम पूजा समिति के अध्यक्ष ने बताया कि श्रावण मास में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु गुप्ताधाम पहुंचते हैं तथा व्यवस्था बनाए रखने के लिए समिति द्वारा बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों की प्रतिनियुक्ति की जाती है।

इस पर जिला पदाधिकारी ने पूजा समिति को सभी स्वयंसेवकों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि उनका पहचान-पत्र निर्गत किया जा सके और वे सुव्यवस्थित ढंग से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकें।जिला पदाधिकारी ने गुफा के भीतर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पर्याप्त ऑक्सीजन उपलब्ध कराने तथा गुफा की ऑक्सीजन क्षमता बढ़ाने के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। सावन माह में गुप्ताधाम क्षेत्र में चार पहिया एवं बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। दोपहिया वाहनों का परिचालन जारी रहेगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यकतानुसार विभिन्न स्थानों पर बैरिकेडिंग लगाने का निर्देश दिया।जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि गुफा के प्रवेश द्वार से लगभग 50 मीटर पहले बैरिकेडिंग कर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं स्वयंसेवकों की तैनाती सुनिश्चित की जाए, जिससे श्रद्धालुओं को नियंत्रित एवं व्यवस्थित तरीके से गुफा में प्रवेश कर सके। उन्होंने निर्देश दिया कि गुफा से 50 मीटर की परिधि के भीतर किसी भी प्रकार की दुकान लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।भीड़ प्रबंधन एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं प्रशासनिक अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। श्रद्धालुओं की मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए गुप्ताधाम परिसर में महिला एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालयों की व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत कराने हेतु कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी को निर्देशित किया।

## वन विभाग की तत्परता से हिरण की बची जान

**नोखा, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** रोहतास जिले के नोखा प्रखंड अंतर्गत डेरा गांव में गुरुवार को वन विभाग की तत्परता से एक हिरण की जान बच गई। गांव के समीप आवारा कुत्तों के झुंड ने हिरण को घेरकर उस पर हमला कर दिया था। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और सफलतापूर्वक हिरण का रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया।वन विभाग के फॉरेस्टर शरद कुमार ने बताया कि डेरा गांव से सूचना मिली थी कि एक हिरण पर कुत्तों का झुंड हमला कर रहा है। सूचना मिलते ही विभाग की टीम घटनास्थल के लिए रवाना हुई। मौके पर पहुंचकर वनकर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद हिरण को कुत्तों के चंगुल से सुरक्षित निकाला। रेस्क्यू के दौरान हिरण डरा-सहमा हुआ था, लेकिन टीम ने सावधानीपूर्वक उसे सुरक्षित अपने कब्जे में ले लिया।रेस्क्यू के बाद हिरण का प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके बाद बेहतर देखभाल और आवश्यक उपचार के लिए उसे वन विभाग की टीम सासाराम लेकर रवाना हुई।

## बिजली विभाग का अभियान जारी, अवैध बिजली उपयोग पर तीन लोगों पर कार्रवाई

**विक्रमगंज, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** बिजली चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं राजस्व संरक्षण के उद्देश्य से विद्युत विभाग द्वारा विशेष जांच एवं छापेमारी अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विद्युत आपूर्ति प्रशाखा, बिक्रमगंज की टीम ने पंचायत शिवपुर में अभियान चलाकर बिना वैध विद्युत कनेक्शन के अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा का उपयोग करते हुए तीन लोगों को पकड़ा। सभी के विरुद्ध आर्थिक दंड अधिरोपित करते हुए बिक्रमगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।कनीय विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज नवदीप गोयल ने बताया कि जांच के दौरान ग्राम रमाहीं टोला निवासी बंगाली सिंह पिता-ज्वाला सिंह पर 8640, नन्द कुमार पिता-राजा राम सिंह पर 15306 तथा झूमक टोला निवासी श्रीभगवान सिंह पिता-हरी सिंह पर 23946 का आर्थिक दंड लगाया गया है। तीनों लोगों के विरुद्ध विद्युत अधिनियम के प्रावधानों के तहत बिक्रमगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।उन्होंने बताया कि जांच के दौरान संबंधित परिसरों में कोई वैध विद्युत कनेक्शन अथवा विद्युत मीटर स्थापित नहीं पाया गया। साथ ही बिजली उपयोग से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहने पर संबंधित व्यक्तियों द्वारा कोई भी आवश्यक अभिलेख उपलब्ध नहीं कराया गया, जिससे अवैध रूप से बिजली उपयोग की पुष्टि हुई। बताया की बिजली चोरी के विरुद्ध विभाग का विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। अभियान के दौरान सर्विस तार, विद्युत मीटर, मीटर की सील, बिलिंग व्यवस्था, बकाया राशि एवं समय पर बिल भुगतान की सघन जांच की जा रही है। यदि किसी परिसर में मीटर से छेड़छाड़ (टेम्परिंग), बाईपास, बिना वैध कनेक्शन के बिजली उपयोग अथवा किसी भी प्रकार की बिजली चोरी पाई जाती है, तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध आर्थिक दंड के साथ-साथ विद्युत अधिनियम के तहत विधिसम्मत कार्रवाई एवं प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

## जल-जीवन-हरियाली दिवस' पर डीएवी पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

**बिक्रमगंज, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।**शिक्षा विभाग, बिहार के निदेर्शानुसार राज्य स्तरीय 'जल-जीवन-हरियाली दिवस' के अवसर पर 1 जुलाई 2026 से 8 जुलाई 2026 तक डी ए वी पब्लिक स्कूल में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय की प्राचार्या 'प्रमिला सिंह' ने किया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से चित्रकला, स्लोगन लेखन, प्रेरणादायक भाषण तथा जन-जागरूकता गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। अरविन्द कुमार सिंह जिला संगठन आयुक्त, रोहतास के द्वारा विद्यालय की स्काउट एवं गाइड इकाई के छात्र-छात्राओं–आदित्य रंजन, अमन कुमार, जीतू सिंह, प्रकाश कुमार, सांवली सिंह, सोनाक्षी, आरुषि एवं अन्य विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।प्राचार्या प्रमिला सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जल एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला तथा सभी से अधिकाधिक वृक्षारोपण करने, जल का विवेकपूर्ण उपयोग करने और स्वच्छ एवं हरित वातावरण के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का सहयोग एवं योगदान अत्यंत सराहनीय रहा। विद्यालय परिवार ने शिक्षा विभाग, बिहार के इस जनहितकारी अभियान को समाज में पर्यावरण संरक्षण एवं जल संवर्धन के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

# अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार किशोर को कुचला,मौत



**कोचस (रोहतास), 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** रोहतास जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर शुक्रवार की सुबह एक सड़क हादसे में 16वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। घटना कोचस थाना क्षेत्र के महात्मा गांधी चौक के समीप की है, जहां मृतक की पहचान हरनाथपुर गांव निवासी रामानंद यादव के 16 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार के रूप में हुई है।घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि मृतक किशोर अपने गांव से बाइक से दूध का बलटा लेकर कोचस बाजार स्थित एक दुकानदार को देने जा रहा था, तभी महात्मा गांधी चौक के समीप एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि किशोर की घटनास्थल पर हीं मौत हो गई। इधर हादसे की सूचना मिलते हीं परिवार में कोहराम मच गया और माता-पिता का रो रो कर बुरा हाल है।हादसे के तुरंत बाद घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

घटना से नाराज लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 319 को चार घंटो तक जाम कर दिया और प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने स्थानीय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग करने लगे। बता दें कि सड़क जाम के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात लगभग चार घंटे तक पूरी तरह बाधित रहा और और पुलिस को सड़क खाली कराने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।वहीं प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय प्रशासन पर अव्यवस्था का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि महात्मा गांधी चौक पर लंबे समय से अतिक्रमण कर दुकानें लगाई जाती हैं और सड़क किनारे आटो व ई-रिक्शा आदि खड़े रहने से सड़क संकरी हो जाती है। इस अव्यवस्था से आए दिन दुर्घटना होती रहती है, लेकिन प्रशासन इसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करता।वहीं हादसे की सूचना पर पहुंची कोचस थाने की पुलिस ने सड़क को खाली करने के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया।

मामले में कोचस अपर थानाध्यक्ष बबलू कुमार ने बताया कि घटना के बाद आरोपी ट्रक चालक फरार हो चुका है और पुलिस ने दोनों वाहनों को जप्त कर आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# हवा में तीर चला रहा पर्यटन विभाग : अखिलेश

## सरकार के योजना में हो रही भारी लापरवाही



**सासाराम, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** बिहार की सम्राट सरकार तो पर्यटन विकास को लेकर गंभीर है, लेकिन सचिवालय और जिला मुख्यालय में बैठे पर्यटन विभाग के अधिकारी केवल हवा में तीर चला रहें हैं, ऐसे में सरकार द्वारा पर्यटन विकास और पर्यटन स्थलों के आस-पास रहने वाले लोगों का आर्थिक विकास के लिए चलाए जा रहे योजनाओं को धरातल पर उतारना असंभव है। उक्त बातें शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने गुरुवार को यहां कही। उन्होंने कहा कि इसका जीता-जागता उदाहरण "मुख्यमंत्री होमस्टे प्रोत्साहन योजना 2026 के लिए सरकार पर्यटन सचिव द्वारा जारी पत्र में रोहतास जिला का चयनित स्थल है, जिसमें मांझरकुंड, धुआं कुंड तथा शेरशाह सूरी के मकबरे को शामिल किया गया है।

अखिलेश कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा इस योजना को लागू करने का मुख्य उद्देश्य यह है कि ऐसे महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल, जहां अभी तक कम लोग पहुंच रहे हैं वहां पर्यटकों के आवागमन में वृद्धि हो। साथ हीं वहां के रहन-सहन , खान-पान , पर्व त्योहार के साथ रोजमर्रा की जिंदगी से बाहरी लोग रूबरू हों। और स्थानीय लोगों का आर्थिक विकास भी हो सके। इसके लिए पर्यटन स्थलों के पांच किलोमीटर दायरे में रहने वाले लोगों को सरकार 11 लाख रुपए तक आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है।लेकिन आश्चर्य के साथ हीं साथ हास्यास्पद बात यह है कि इस योजना में रोहतास जिला जिस तीन जगहों को चयनित किया गया है उससे न तो पर्यटकों को आकर्षित करने में मदद मिलेगी और ना हीं होमस्टे प्रोत्साहन योजना का लाभ हीं लोग उठा सकेंगे ! जो तीन जगहों पर योजना लागू करने की बात पर्यटन सचिव के पत्र में किया गया है उसमें मांझरकुंड और धुआंकुंड दो स्थान दिखाया गया है। जबकि वह दोनों मात्र पांच सौ मीटर दायरे का एक हीं वाटर फॉल है। उपर से आ रही जलधारा को मांझरकुंड और चंद मीटर आगे पहाड़ी से गिरने वाले पानी के जगह को धुआं कुंड कहा जाता है। सबसे दिलचस्प बात यह भी है कि मापदंड पर खरा उतरने वाला आसपास वैसा कोई गांव घर भी नहीं है, जहां के लोग इस योजना का लाभ उठा सकते हैं ! वहीं दूसरी तरफ शेरशाह सूरी मकबरा जिला मुख्यालय के बीच अवस्थित है, जहां पांच किलोमीटर के दायरे में होटल लॉज की भरमार है।अखिलेश कुमार ने कहा कि रोहतास जिले में 'मुख्यमंत्री होमस्टे प्रोत्साहन योजना' के लिए रोहतास गढ़ किला, तुतला भवानी, कशिश वाटर फॉल, महादेव खोह, जैसे स्थानों को चयनित किया जाना चाहिए।

## मीटर बायपास मे छः उपभोक्ता धराए, लगाए गए जुर्माना

**कोचस (रोहतास), 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** विद्युत विभाग के धावा दल ने चोरी से मीटर बायपास कर विद्युत उपयोग कर रहे छः लोगों को पकड़ जुमार्ना करते हुए स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एसडीओ अमन कुमार ने बताया कि चोरी से मीटर से बायपास कर बिजली उपयोग करते छः लोगों को पकड़ा गया है जिसमे छापेमारी के दौरान वार्ड संख्या 10 निवासी प्रमोद सिंह की पत्नी मीरा कुमारी पर 37660 रुपए का जुमार्ना लगाया गया. इसी वार्ड के रामनाथ सिंह की पत्नी लवंगा देवी पर 29400 रुपए और जोखू शर्मा के पुत्र बबन शर्मा पर 20046 रुपए का दंड निर्धारित किया गया. जबकि वार्ड संख्या 7 में जांच के दौरान तीन उपभोक्ता पकड़े गए जिसमे सतेन्द्र नारायण सिंह की पत्नी रिंकू देवी पर 24650 रुपए, नंदकिशोर चौधरी पर 21472 रुपए और निर्मल कानू पर 15436 रुपए का जुमार्ना लगाया गया है।

# नारायण कृषि विज्ञान संस्थान में राइस ट्रांसप्लांटर' से शुरू हुई धान की रोपनी



**सासाराम, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण कृषि विज्ञान संस्थान में धान की रोपाई की आधुनिक मशीन ' राइस ट्रांसप्लांटर' से धान की रोपाई की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति गोविंद नारायण सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने कृषि में आधुनिक मशीनों के उपयोगिता पर विचार साझा किया एवं संस्थान के निदेशक प्रो एच के सिंह एवं अधिष्ठाता प्रो एस एस सिंह को इस नवाचार को कृषि में शामिल करने के लिए बधाई दी।

साथ ही उन्होंने कृषि विज्ञान संस्थान में और आधुनिक मशीनों को सम्मिलित करने की आशा की जिससे संस्थान के छात्रों एवं कृषक समाज को बदलते परिवेश में आधुनिकीकरण की जानकारियों से सशक्त बनाया जाए ।संस्थान के निदेशक प्रो एच के सिंह ने बताया कि खरीफ मौसम में धान की समय पर रोपाई अच्छी उपज का आधार होती है। रोपाई के समय मजदूरों की कमी, मजदूरी की बढ़ती लागत तथा अनिश्चित मानसून किसानों के सामने बड़ी चुनौती बनकर उभरते हैं। ऐसे समय में राइस ट्रांसप्लांटर किसानों के लिए एक प्रभावी एवं आधुनिक विकल्प है।संस्थान के अधिष्ठाता प्रो एस एस सिंह ने राइस ट्रांसप्लांटर से धान की रोपाई का तरीका सीखने आए किसानों को बताया कि राइस ट्रांसप्लांटर से धान की रोपाई करने पर कम समय में अधिक क्षेत्र की रोपाई की जा सकती है। इससे श्रम की आवश्यकता 70-80 प्रतिशत तक कम हो जाती है तथा रोपाई समान दूरी और समान गहराई पर होने से पौधों का विकास बेहतर होता है। समय पर रोपाई होने से फसल की बढ़वार अच्छी रहती है और उत्पादन में भी वृद्धि होती है।संस्थान के शस्य विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ धनंजय ने बताया कि राइस ट्रांसप्लांटर के सफल उपयोग के लिए 18-25 दिन की स्वस्थ मैट नर्सरी तैयार करना आवश्यक है। खेत की अच्छी तरह पडलिंग एवं समतलीकरण किया जाए ।

स्वत्याधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं समूह सम्पादक कैलाशनाथ के द्वारा अजीमाबाद प्रिन्टर 5-47 प्लाट न0 905 वाचस्पती कॉलनी रोड कुम्हरार गुमटी संदलपुर रोड, पटना से मुद्रित होकर 302, रघुवंशम अपार्टमेन्ट किदवईपुरी, पटना से प्रकाशित। कार्यकारी संपादक-योगेन्द्र विश्वकर्मा। फोन/फैक्स 0612-2522597, 2529927 मो. 8578001500 पोस्ट पंजीयनः CO- 174/2002 आर.एन.आई BIHHIN/2002/9030, इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होंगे। email ID-tarunmitrapatna@gmail.com

# पुलिस बूथ से 50 मीटर दूर अचेत मिला युवक, तीन घंटे तक नहीं पहुंची पुलिस



**तमकुहीराज/कुशीनगर, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता पर सवाल खड़ा करने वाली एक सनसनीखेज घटना गुरुवार सुबह सामने आई। बरवाराजापाकड़ पुलिस बूथ से महज 50 मीटर पश्चिम झुरमुट में एक युवक हाथ-पैर बंधे, गले में रस्सी और मुंह में सफेद रुमाल ठूंसे अचेत अवस्था में पड़ा मिला। पुलिस बूथ के इतने करीब हुई इस वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया और लोगों में दहशत फैल गई। गुरुवार सुबह करीब सात बजे उधर गए एक ग्रामीण ने युवक को अचेत हालत में देखा तो शोर मचाया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लोगों ने

**● हाथ-पैर बंधे, गले में रस्सी और मुंह में रुमाल ठूंसा मिला- पुलिस गश्त और कार्यशैली पर उठे सवाल, लोगों में नाराजगी**

तत्काल पुलिस को सूचना दी। युवक की पहचान सेवरही थाना क्षेत्र के दुमही निवासी गुड्डू शर्मा (30) के रूप में हुई।

मौके पर केवल 112 नंबर पुलिस पहुंची, जिसने युवक को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमकुही भिजवाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना को लेकर सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि पुलिस बूथ से चंद कदम की दूरी पर इतनी गंभीर घटना होने के बावजूद करीब तीन घंटे तक एसओ या जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। लोगों का आरोप है कि यदि ग्रामीण समय रहते युवक को नहीं देखते तो उसकी जान भी जा सकती थी। स्थानीय लोगों ने पुलिस की गश्त, सतर्कता और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। घटना के बाद क्षेत्र में अपहरण, मारपीट और आपराधिक वारदात को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं।

# बरियारपुर थाने का एसपी ने किया औचक निरीक्षण

**देवरिया, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक अभिजात आर. शंकर ने गुरुवार को बरियारपुर थाने का औचक निरीक्षण कर पुलिस व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कार्य, अभिलेखों के रखरखाव तथा साफ-सफाई की व्यवस्था का निरीक्षण किया। साथ ही थाना परिसर की सुरक्षा व्यवस्था और लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एसपी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में आने वाले प्रत्येक फरियादी की शिकायत को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए उसका गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाए। उन्होंने अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा, रात्रि गश्त तथा संदिग्ध व्यक्तियों की नियमित चेकिंग को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने नवनियुक्त रिक्रूट आरक्षियों से भी संवाद किया और उन्हें अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा तथा जनता के प्रति सकारात्मक व्यवहार बनाए रखने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी की पहचान उसके व्यवहार और कार्यशैली से होती है। इसके अलावा थाना परिसर की स्वच्छता, अभिलेखों को अद्यतन रखने तथा शासन के अभियानों के प्रभावी क्रियान्वयन के भी निर्देश दिए। इस दौरान थानाध्यक्ष दीपक सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक दीप मंजरी पाण्डेय सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## पुलिस लाइन में फेस रिकग्निशन से होगी जवानों की उपस्थिति



**देवरिया, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों की उपस्थिति अब डिजिटल फेस रिकग्निशन सिस्टम से दर्ज होगी। पुलिस अधीक्षक अभिजात आर. शंकर ने बुधवार को दो डिजिटल फेस रिकग्निशन सिस्टम का शुभारंभ किया। इसका उद्देश्य उपस्थिति व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और तकनीक आधारित बनाना है। एसपी ने कहा कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से पुलिस कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनेगी। फेस रिकग्निशन प्रणाली के माध्यम से पुलिस कर्मियों की गणना और उपस्थिति का सत्यापन अधिक सटीक, त्वरित और विश्वसनीय तरीके से हो सकेगा। इससे मैनुअल प्रक्रिया में लगने वाला समय बचेगा और प्रशासनिक कार्यों में दक्षता बढ़ेगी। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को डिजिटल प्रणाली के संचालन, उपयोग और रखरखाव के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस तकनीकी पहल से पुलिस लाइन की उपस्थिति व्यवस्था में पारदर्शिता और सुगमता बढ़ेगी तथा कार्यों की निगरानी पहले की अपेक्षा अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सुनवाई के दौरान विवाद, युवक की मौत

**देवरिया, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** रुद्रपुर थाना क्षेत्र के पिड़हनी गांव में आईजीआरएस प्रकरण की सुनवाई के दौरान हुए विवाद में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार सुनवाई के दौरान दो पक्षों में कहासुनी हुई, जिसमें धक्का लगने से सर्वजीत यादव गिर पड़े और घायल हो गए। परिजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

### मिशन शक्ति: महिलाओं को किया जागरूक

**देवरिया, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत जिले के सभी थानों की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीमों ने स्कूलों, गांवों और सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं व छात्राओं को जागरूक किया। टीमों ने हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181, 1098, 1930 सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए सुरक्षा संबंधी पंपलेट वितरित किए।

### यातायात अभियान: 120 वाहनों का चालान, दो सीज

**देवरिया, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** यातायात पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों और ओवरब्रिजों पर विशेष अभियान चलाया। इस दौरान बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना लाइसेंस, बिना फिटनेस वाले वाहन, नो-पार्किंग में खड़े वाहन तथा सड़क पर सवारी भर रहे बस, ऑटो व ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अभियान में 120 वाहनों का ई-चालान किया गया, जबकि दो वाहनों को सीज किया गया।

### चलती ट्रेन में मोबाइल झपटने वाला गिरफ्तार

**देवरिया, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** गौरीबाजार पुलिस ने चलती ट्रेन में यात्री से मोबाइल झपटने के आरोपित को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से छीना गया मोबाइल बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार बैतालपुर स्टेशन के पास हुई घटना के मामले में राज चौहान (19) को भगुआ मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में नई धाराएं बढ़ाई गई हैं। घटना में शामिल दूसरे आरोपित की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है।

### स्वाति गोंड ने बीडीओ का कार्यभार संभाला



**देवरिया, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** विकास खंड गौरीबाजार को नई खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) मिल गई हैं। सुश्री स्वाति गोंड ने बुधवार को बीडीओ पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया। देवरिया जनपद में उनकी यह पहली नियुक्ति है। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध क्रियान्वयन उनकी प्राथमिकता होगी। साथ ही विकास कार्यों की नियमित समीक्षा कर पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ समन्वय बनाकर विकास कार्यों को गति देने की बात कही।

### डीएम की अध्यक्षता में मत्स्य विभाग की ओर से संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

**संत कबीर नगर, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा मत्स्य विभाग द्वारा संचालित राज्य सेक्टर की योजनाओं यथा-मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना में पात्र आवेदकों के चयन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक का संचालन मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण, सदस्य/सचिव द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप निदेशक कृषि डॉ0 राकेश कुमार सिंह, लीड बैंक अधिकारी पवन कुमार सिन्हा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण सहित जिला स्तरीय समिति के सदस्यगण आदि उपस्थित रहे।

### सचिव ने किया सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण

**गाजीपुर, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** उच्च न्यायालय, किशोर न्याय समिति, इलाहाबाद के निदेश पर राजकीय प्लेस ऑफ सेफ्टी गाजीपुर एवं राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) गाजीपुर का औचक निरीक्षण श्री नीरज गोंड, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजीपुर द्वारा किया गया। राजकीय प्लेस ऑफ सेफ्टी गाजीपुर में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे, तथा आवासित किशोर उपस्थिति पंजिका दिनांक 09.07.2026 के अनुसार किशोर उपस्थित पाये गये। राजकीय प्लेस ऑफ सेफ्टी गाजीपुर एवं राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) गाजीपुर को निर्देशित किया गया कि मीनू के अनुसार भोजन, साफ-सफाई, कपडे.तथा स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य परीक्षण व्यवस्था करना सुनिश्चित करें, बच्चों से प्रतिदिन शारीरिक गति विधि कराने एवं शिक्षा के लिए निर्देशित किया गया। किसी भी बालक द्वारा किसी उत्पीड़न अथवा परेशानी का कोई उल्लेख नहीं किया गया है।

# संकल्पों के साथ मनाया गया श्री कृष्णा मिशन हॉस्पिटल का स्थापना दिवस



**बस्ती, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** शहर के बड़े बन बरगदवा स्थित श्री कृष्णा मिशन हॉस्पिटल का 10वां स्थापना दिवस रविवार को भव्य एवं गरिमामय समारोह के साथ मनाया गया। वर्ष 2016 में स्थापित इस अस्पताल ने पिछले दस वर्षों में क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराकर अपनी अलग पहचान बनाई है। स्थापना दिवस समारोह में विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं, चिकित्सकों तथा गणमान्य नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद राम प्रसाद चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि श्री कृष्णा मिशन हॉस्पिटल ने पूर्वांचल के लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को 10वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी जनसेवा के कार्यों को इसी समर्पण के साथ जारी रखने का आह्वान किया। अस्पताल के चेयरमैन बसंत चौधरी ने अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि यह अस्पताल केवल उनका नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की जनता का है। सभी के सहयोग, विश्वास और स्नेह के कारण अस्पताल लगातार प्रगति कर रहा है तथा आने वाले समय में इसे और अधिक

**● सांसद राम प्रसाद चौधरी ने किया शुभारंभ, जल्द शुरू होंगे हृदय रोग एवं न्यूरो विभाग**

आधुनिक सुविधाओं, नई तकनीकों से सुसज्जित किया जाएगा। मरीजों की सेवा सर्वोच्च प्राथमिकता है। डायरेक्टर पंकज चौधरी ने कहा कि क्षेत्र के मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए अस्पताल में शीघ्र ही हृदय रोग (कार्डियोलॉजी) एवं न्यूरो विभाग की स्थापना की जाएगी। इन विभागों के शुरू होने के बाद गंभीर मरीजों को इलाज के लिए लखनऊ या अन्य महानगरों का रुख नहीं करना पड़ेगा, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, विधायक महेंद्र नाथ यादव, विधायक राजेंद्र चौधरी, पूर्व विधायक दयाराम चौधरी, संजय प्रताप जायसवाल, नगर पंचायत नगर के अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राना दिनेश प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा, रामनगर ब्लॉक प्रमुख यशकांत सिंह, पूर्व विधायक अंबिका सिंह, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप नारायण पांडेय, नगर पंचायत कप्तानगंज अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चौधरी, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख आसमान सिंह, युवा वाहिनी के महामंत्री विनय सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश शुक्ला, विनोद चौधरी, मनमोहन श्रीवास्तव 'काजू', लोकदल के मंडल अध्यक्ष विवेक चौधरी, जिला अध्यक्ष महिपाल पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# डीएम के निर्देश पर अधिकारियों ने किया गौशालाओं का निरीक्षण

**गाजीपुर, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निदेशानुसार जनपद गाजीपुर में संचालित समस्त अस्थायी एवं स्थायी गौशालाओं का व्यापक निरीक्षण आज विभिन्न अधिकारियों द्वारा किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य गौवंशों के संरक्षण, उनके समुचित भरण-पोषण, स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण तथा शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप व्यवस्थाओं का प्रभावी सत्यापन करना है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि निरीक्षण केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि प्रत्येक बिंदु का तथ्यात्मक एवं गुणवत्तापूर्ण मूल्यांकन किया जाए। निरीक्षण के दौरान यदि किसी गौशाला में कोई कमी अथवा अनियमितता पाई जाती है तो उसका स्पष्ट उल्लेख निरीक्षण आख्या में करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निरीक्षण पूर्ण होने के उपरांत निर्धारित प्रारूप में विस्तृत निरीक्षण आख्या समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि प्राप्त रिपोर्टों के आधार पर आवश्यक निर्णय लेते हुए गौशालाओं की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि गौवंशों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक गौशाला में बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# पूर्व सैनिकों की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

**देवरिया, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** जिला सैनिक बंधु की बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रेम नारायण सिंह ने पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभागों को त्वरित एवं नियमानुसार निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव सहयोग करेगा और किसी भी प्रकरण में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए।

बैठक में पिछली बैठक के निर्णयों की समीक्षा की गई। करीब 35 पूर्व सैनिक एवं उनके परिजन शामिल हुए, जबकि 15 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए। इनमें स्वामित्व योजना (घरौनी) के तहत ड्रोन सर्वे की तकनीकी त्रुटियों में सुधार, आवास के सामने इंटरलॉकिंग, अवैध अतिक्रमण हटाने, भूमि की पैमाइश, चकरोड विवाद तथा अन्य राजस्व मामलों से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं। एडीएम ने सभी शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने और नियमित प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल (डॉ.) सुधाकर त्यागी ने बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं आश्रितों को दी।

# 'सेफ फ्यूचर' अभियान के तहत वाहनों की हुई जांच



**महराजगंज, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** बच्चों की सुरक्षित एवं मानक अनुरूप विद्यालयीय परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा संचालित मिशन सेफ फ्यूचर अभियान के अंतर्गत गुरुवार को जनपद में व्यापक जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सुरक्षा मानकों एवं आवश्यक अभिलेखों में कमियां पाए जाने पर तीन स्कूली वाहनों का चालान किया गया, जबकि एक ऐसे निजी वाहन को तत्काल बंद कर दिया गया, जिसका पंजीयन समाप्त हो चुका था फिर भी स्कूली बच्चों का परिवहन किया जा रहा था।

कार्रवाई के दौरान वाहन में मौजूद सभी बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उन्हें परिवहन विभाग के कर्मियों की निगरानी में सुरक्षित उनके विद्यालय तक पहुंचाया गया, जिससे विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ), महराजगंज ने बताया कि 'मिशन सेफ फ्यूचर' अभियान का शुभारंभ 01 जुलाई 2026 से किया गया है। अभियान के प्रथम चरण में 01 जुलाई से 07 जुलाई तक जनपद के विभिन्न विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यालय प्रबंधन, वाहन संचालकों एवं चालकों को बच्चों के सुरक्षित परिवहन से संबंधित नियमों और सुरक्षा मानकों की जानकारी दी गई।

उन्होंने बताया कि विद्यालय प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि बच्चों के परिवहन में केवल फिटनेस प्रमाणित, वैध दस्तावेजों से युक्त तथा निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करने वाले वाहनों का ही उपयोग किया जाए। सभी विद्यालयों को अपने वाहनों की नियमित जांच एवं समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

एआरटीओ ने बताया कि 08 जुलाई से अभियान के दूसरे चरण के अंतर्गत नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा तथा बच्चों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। परिवहन विभाग ने सभी विद्यालय प्रबंधनों एवं वाहन संचालकों से अपील की है कि वे निर्धारित मानकों का पूर्ण पालन कर सुरक्षित विद्यालय परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करें।

# शातिर वाहन चोर दो बाइक के साथ गिरफ्तार



**महराजगंज, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** नौतनवा पुलिस ने वाहन चोरी के एक शातिर अंतरजनपदीय आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो चोरी की मोटरसाइकिलें तथा नेपाल में चोरी की एक बाइक बेचने से प्राप्त 5120 नेपाली रुपये और 630 भारतीय रुपये बरामद किए हैं। पुलिस का दावा है कि गिरफ्तारी से नौतनवा, फरेंदा और पुरंदरपुर थानों में दर्ज वाहन चोरी के तीन मामलों का सफल खुलासा हुआ है।

थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुरुवार तड़के मुखबिर की सूचना पर एसएसबी रोड स्थित डंडा नदी पुल के पास चेकिंग के दौरान सोनरा निवासी बलिराम गुप्ता उर्फ डॉक्टर (45) को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई। पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर झाड़ियों में छिपाकर रखी गई दूसरी चोरी की बाइक भी बरामद कर ली गई। तलाशी के दौरान नेपाल में चोरी की बाइक बेचने से प्राप्त 5120 नेपाली रुपये और 630 भारतीय रुपये भी मिले। पुलिस के अनुसार आरोपी डुप्लीकेट चाबी से वाहनों का लॉक खोलकर मोटरसाइकिल चोरी करता था और उन्हें नेपाल में औने-पौने दाम पर बेच देता था। बरामद मोटरसाइकिलों में रतनपुर

**● नेपाल में बेचता था चोरी का वाहन**
**● 40 से अधिक मुकदमे आरोपी पर दर्ज**

बाजार से चोरी हुई बाइक भी शामिल है। आरोपी के विरुद्ध महराजगंज और गोरखपुर के विभिन्न थानों में वाहन चोरी, गैंगस्टर, एनडीपीएस समेत 40 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करते हुए उसे न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम मे उपनिरीक्षक शेरबहादुर यादव, उपनिरीक्षक दिव्यांशु राय, उपनिरीक्षक मनीष पटेल, मुख्य आरक्षी दीपक यादव, आरक्षी मनीष यादव तथा आरक्षी रणजीत कुमार शामिल रहे।

# कोतवाली खलीलबाद परिसर में श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर की स्थापना, पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ने की प्राण-प्रतिष्ठा



**संत कबीर नगर, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना के कर-कमलों द्वारा आज दिनांक 09.07.2026 को कोतवाली खलीलाबाद थाना परिसर में नवनिर्मित श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर की विधि-विधान से स्थापना एवं मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न की गई।

इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण और शंखध्वनि से पूरा थाना परिसर भक्तिमय हो उठा। आयोजन के दौरान विधि-विधान से हवन-पूजन कराया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक ने मुख्य यजमान के रूप में सम्मिलित होकर क्षेत्र की सुख, समृद्धि, शांति और पुलिस विभाग के कल्याण की कामना की, इसके पश्चात मंदिर में भगवान शिव (श्री पिपलेश्वर महादेव) सहित अन्य देवी-देवताओं की विग्रह मूर्तियों को पूरे आदर और श्रद्धा भाव के साथ स्थापित कर उनकी प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि थाना परिसर में मंदिर की स्थापना से पुलिसकर्मियों को मानसिक शांति मिलेगी और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। दिन-रात तनावपूर्ण ड्यूटी करने वाले पुलिस जवानों के लिए यह स्थान आत्मिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बनेगा। धार्मिक अनुष्ठान की पूर्णाहुति के बाद उपस्थित समस्त अधिकारीगण, पुलिसकर्मियों और स्थानीय संभ्रांत नागरिकों के बीच प्रसाद वितरित किया गया।

# 10 हजार युवाओं को उद्यम से जोड़ने का लक्ष्य, बैंकर्स को सीडीओ के निर्देश



**देवरिया, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बैंकर्स की समीक्षा बैठक में वित्तपोषित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और स्वरोजगार को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से पात्र लोगों तक पहुंचाया जाए, ताकि अधिक से अधिक रोजगार का सृजन हो सके।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में सीडीओ ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अधिकाधिक घरों में सोलर पैनल लगाने के लिए बैंकर्स से सहयोग मांगा। साथ ही केसीसी, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, एक जनपद एक उत्पाद, मुख्यमंत्री ग्रामीण स्वरोजगार योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, बैंक क्रेडिट लिंकेज और पीएमएफएमई समेत विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद के क्रेडिट-डिपॉजिट अनुपात में सुधार पर भी जोर दिया।

बैठक में सीडीओ ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत 10 हजार युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य तय करते हुए प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगर पंचायत में एक ब्यूटी पार्लर, एक सिलाई सेंटर तथा एक ई-रिक्शा उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करने को कहा। प्रत्येक नगर पंचायत में एक फोटो स्टूडियो स्थापित कराने का भी लक्ष्य निर्धारित किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं सभी बैंकर्स उपस्थित रहे।

# डीएफओ साहब! पहले पुराने पौधे खोजिए, फिर नया रिकॉर्ड बनाइए, कहां गए 1.20 करोड़ पौधे




**कुशीनगर, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** जनपद में एक बार फिर वृक्षारोपण महाभियान का शंखनाद हो चुका है। सरकारी विभागों को लक्ष्य बांट दिए गए हैं, गड्ढे खोदे जा रहे हैं, पौधशालाओं से पौधे निकलने लगे हैं और कुछ ही दिनों में 45 लाख 17 हजार पौधे लगाने का दावा भी पूरा कर लिया जाएगा। लेकिन इस बार माहौल पहले जैसा नहीं है। सबब यह है आम जनमानस इस बार पौधे लगाने की संख्या नहीं, बल्कि पुराने पौधों का हिसाब मांग रही है।

बतादे कि, पिछले कई दिनों से मीडिया लगातार वन विभाग के पौधरोपण अभियानों की परतें खोल रहा है। पहले 39 लाख पौधों के दावे पर सवाल उठे, फिर ₹जंगलर₹ नाम वाले गांवों में हरियाली गायब होने की हकीकत सामने आई और अब नए लक्ष्य के साथ पुराना सवाल और बड़ा हो गया है जब पिछले तीन वर्षों में 1 करोड़ 20 लाख से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं, तो फिर कुशीनगर में हरियाली दिखाई क्यों नहीं देती? आखिर यह कैसा वृक्षारोपण अभियान है, जिसमें हर वर्ष वन विभाग द्वारा लाखों पौधे लगाए जाने का दावा किया जाता है, लेकिन जिले की तस्वीर बदलती नजर नहीं आती है। सवाल यह है कि यदि इतने पौधे वास्तव में धरती पर मौजूद हैं, तो कुशीनगर की पहचान आज भी हरियाली के बजाय धूल, खाली जमीन और कटते पेड़ों से क्यों हो रही है? सरकारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024 में 37.42 लाख और वर्ष 2025 में 39.72 लाख पौधे लगाए गए। अब वर्ष 2026 में 45.17 लाख पौधों का लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। यानी तीन वर्षों में कुल आंकड़ा 1 करोड़ 20 लाख पौधों से ऊपर पहुंच चुका है। लेकिन जिले के गांवों, सड़कों, नहरों, ग्राम समाज की जमीनों और सार्वजनिक स्थलों पर नजर डालिए, कहीं भी करोड़ों पौधों की मौजूदगी का अहसास नहीं होता।

# नि:शुल्क चिकित्सा व जांच शिविर में 230 लोगों को चश्मे व 300 को वितरित किए गए छाते



**बस्ती, 09 जुलाई (तरुणमित्र)।** स्वर्गीय राजेश दूबे जी की पुण्यतिथि के अवसर पर गांधीनगर स्थित एस.आर.डी. हॉस्पिटल में गुरुवार को विशाल निःशुल्क चिकित्सा एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में किडनी, लीवर, रक्त, कोलेस्ट्रॉल, शुगर, ब्लड प्रेशर तथा थायराइड की निःशुल्क जांच की गई। इसके साथ ही नेत्र रोगियों की जांच कर 230 लोगों को निःशुल्क चश्मे तथा बरसात से बचाव हेतु 300 छाते वितरित किए गए। शिविर का शुभारम्भ एस.पी. ग्रुप के निदेशक आशीष दूबे एवं एस.आर.डी. हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. रोहन दूबे ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने स्व. राजेश दूबे जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि स्व. राजेश दूबे का जीवन समाज सेवा, सरलता और आत्मीयता का प्रतीक था तथा उनकी स्मृति में आयोजित यह शिविर जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। शिविर में कुल 1360 मरीजों ने विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों से निःशुल्क परामर्श प्राप्त किया। इनमें जनरल फिजीशियन डॉ. अश्विनी सिंह, डॉ. अभिनव मिश्र, डॉ. हुसैन, महिला रोग विशेषज्ञ, न्यूरो फिजीशियन डॉ. के.के. दूबे, हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ सहित अन्य चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

# सचिन ने गांगुली को दी बधाई, कहा-आईसीसी हॉल ऑफ फेम में देखकर बेहद खुशी हुई

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने पर उन्हें लगातार बधाइयां मिल रही हैं। क्रिकेट के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और 2011 विश्व कप विजेता ऑलराउंडर युवराज सिंह ने भी गांगुली को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं। गांगुली अपने 54वें जन्मदिन पर आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किए गए। वह यह सम्मान पाने वाले भारत के 12वें और पुरुष वर्ग में 10वें भारतीय क्रिकेटर बने हैं।

**सचिन ने खास अंदाज में दी बधाई**

सचिन तेंदुलकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, '14 साल की उम्र से हम एक-दूसरे को जानते हैं, इसलिए अब बहुत कम चीजें चौंकाती हैं। यह भी उनमें से एक नहीं थी। बधाई हो सौरव। आपको आईसीसी हॉल ऑफ फेम में देखकर बेहद खुशी हुई।' सचिन के इस संदेश का जवाब देते हुए गांगुली ने लिखा, 'धन्यवाद चैंपियन। आपके साथ उसी सूची में शामिल होना मेरे लिए सबसे बड़ा संतोष है।'



**युवराज सिंह ने भी किया सम्मान**

पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह, जिन्होंने गांगुली की कप्तानी में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरूआत की और सफलता हासिल की, उन्होंने भी अपने पूर्व कप्तान की जमकर तारीफ की। युवराज ने लिखा, 'दादा, आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने पर हार्दिक बधाई। आपने सिर्फ एक टीम नहीं बनाई, बल्कि क्रिकेटरों की पूरी पीढ़ी में आत्मविश्वास पैदा किया। आपकी कप्तानी में खेलना और यादगार पल साझा करना मेरे लिए गर्व की बात है।'

**गांगुली ने आईसीसी और जय शाह का जताया आभार**

सम्मान की घोषणा के बाद सौरव गांगुली ने आईसीसी और आईसीसी चेयरमैन जय शाह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने लिखा, 'आईसीसी और चेयरमैन जय शाह का धन्यवाद। हॉल ऑफ फेम में शामिल होना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। भारत के चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल होना गर्व की बात है और महान खिलाड़ियों की सूची का हिस्सा बनना अविस्मरणीय अनुभव है।'

**शानदार रहा गांगुली का अंतरराष्ट्रीय करियर**

सौरव गांगुली ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 424 मैच खेले, जिनमें 18,575 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 38 शतक और 107 अर्धशतक लगाए। टेस्ट क्रिकेट में उनके नाम 113 मैचों में 7,212 रन, जबकि 311 वनडे मैचों में 11,363 रन दर्ज हैं। शानदार ऑफ-साइड बल्लेबाजी के कारण उन्हें 'गॉड ऑफ ऑफसाइड' के नाम से भी जाना जाता है।

**कप्तान के रूप में बदल दी भारतीय क्रिकेट की तस्वीर**

गांगुली ने भारतीय टीम की कप्तानी ऐसे दौर में संभाली जब टीम कठिन समय से गुजर रही थी। उन्होंने 196 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत की कप्तानी की, जिसमें टीम को 97 जीत दिलाई।

उनकी कप्तानी में भारत ने 2001 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऐतिहासिक बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीती। 2004 में पाकिस्तान में पहली टेस्ट सीरीज अपने नाम की। 2000 आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी के फाइनल और 2003 क्रिकेट विश्व कप के फाइनल तक का सफर तय किया।

इसके अलावा गांगुली को महेंद्र सिंह धोनी, युवराज सिंह, वीरेंद्र सहवाग, हरभजन सिंह, जहीर खान, इरफान पठान और गौतम गंभीर जैसे युवा खिलाड़ियों पर भरोसा जताने का श्रेय भी दिया जाता है।

यही खिलाड़ी आगे चलकर भारत की कई आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाली टीमों की मजबूत नींव बने।

## तमिलनाडु प्रीमियर लीग का 4 अगस्त से आगाज, 28 अगस्त को चेन्नई में होगा फाइनल



**चेन्नई।** तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन ने तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) 2026 के 10वें संस्करण का पूरा कार्यक्रम जारी कर दिया है। टूनामेंट का आगाज 4 अगस्त को नाथम (डिंडीगुल) में होगा, जबकि 28 अगस्त को चेन्नई के एम. ए. चिदंबरम स्टेडियम में फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इस बार प्रतियोगिता को दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। पहला चरण 4 से 15 अगस्त तक नाथम में खेला जाएगा। इसके बाद 16 और 17 अगस्त को विश्राम रहेगा।

दूसरा चरण 18 अगस्त से चेन्नई में शुरू होगा, जहां लीग मुकाबलों के साथ नॉकआउट मैच भी खेले जाएंगे। पूरे टूनामेंट में 22 डबल हेडर (एक दिन में दो मैच) और 10 सिंगल मैच डे होंगे।

**पहले दिन होगा डिंडीगुल ड्रैगन्स और तिरुप्पुर तमिझांस का मुकाबला :** टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में आईड्रीम तिरुप्पुर तमिझांस का सामना डिंडीगुल ड्रैगन्स से 4 अगस्त को शाम 7:30 बजे नाथम में होगा। लीग चरण में चेपॉक सुपर गिलीज, नेल्लई रॉयल किंग्स, कोवाई किंग्स, मदुरै पैंथर्स, त्रिची ग्रैंड चोलाज, एसकेएम सेलम स्पार्टन्स, डिंडीगुल ड्रैगन्स और आईड्रीम तिरुप्पुर तमिझांस की टीमें खिताब के लिए मुकाबला करेंगी।

दूसरे चरण के मुकाबले 18 अगस्त से चेन्नई में खेले जाएंगे और शीर्ष चार टीमें नॉकआउट चरण में प्रवेश करेंगी। टीएनपीएल का 10वां संस्करण एक बार फिर तमिलनाडु के क्रिकेट प्रशंसकों के लिए रोमांचक मुकाबलों से भरपूर रहने की उम्मीद है।

# भारतीय स्पिनर साई किशोर फिर खेलेंगे काउंटी क्रिकेट, ग्लॉस्टरशायर से किया करार

**नई दिल्ली।** भारत के बाएं हाथ के स्पिनर आर. साई किशोर एक बार फिर इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेलते नजर आएंगे। 29 वर्षीय साई किशोर ने ग्लॉस्टरशायर के साथ 2026 काउंटी चैंपियनशिप सीजन के अंतिम छह मुकाबलों के लिए अनुबंध किया है। वह 20 अगस्त से वॉर्सेस्टरशायर के खिलाफ चेल्टनहैम में होने वाले मैच से टीम के साथ जुड़ेंगे। इसके बाद वह डबीर्शायर और मिडिलसेक्स के खिलाफ ब्रिस्टल में तथा डरहम, लंकाशायर और केंट के खिलाफ होने वाले अवे मुकाबलों में भी ग्लॉस्टरशायर का प्रतिनिधित्व करेंगे। साई किशोर ने तमिलनाडु के लिए 54 प्रथम श्रेणी मैचों में 223 विकेट लिए हैं। इस दौरान उन्होंने 14 बार पांच विकेट और 11 बार चार विकेट लेने का कारनामा किया है। इससे पहले वह 2025 में सरे की ओर से काउंटी चैंपियनशिप खेल चुके हैं, जहां उन्होंने डरहम के खिलाफ जीत के दौरान प्रतियोगिता में अपना पहला पांच विकेट हॉल हासिल किया था।



साई किशोर ने क्लब की ओर से जारी बयान में कहा, 'मैं जॉन और ग्लॉस्टरशायर के सभी लोगों का दिल से आभारी हूं जिन्होंने मुझे यह अवसर दिया। ग्लॉस्टरशायर एक समृद्ध इतिहास वाला क्लब है और यहां का शानदार माहौल मुझे बेहद उत्साहित करता है।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं हमेशा इंग्लैंड की परिस्थितियों में अपने खेल को परखना चाहता था। प्रबंधन से बातचीत के बाद मुझे लगा कि यही मेरे लिए सही जगह है। मैं ग्लॉस्टरशायर की जर्सी पहनने, ब्रिस्टल और चेल्टनहैम में प्रशंसकों से मिलने और टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का इंतजार कर रहा हूं।'

ग्लॉस्टरशायर के मुख्य कोच जॉन लुईस ने कहा, 'हम साई किशोर का टीम में स्वागत करते हुए बेहद उत्साहित हैं। वह एक अनुभवी और साबित खिलाड़ी हैं, जो हमारी टीम को काफी मजबूती देंगे। क्लब अंतिम छह काउंटी चैंपियनशिप मैचों में बेहतर प्रदर्शन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और यह देखना दिलचस्प होगा कि इस चरण में एक विदेशी स्पिनर टीम पर कितना प्रभाव डालता है।' उन्होंने आगे कहा, 'सीजन के इस समय इंग्लैंड की पिचें आमतौर पर स्पिन गेंदबाजी के लिए अनुकूल होती हैं। हमें उम्मीद है कि साई किशोर टीम के लिए अहम योगदान देंगे और सकारात्मक प्रभाव छोड़ेंगे।'

# फीफा विश्व कप 2026 ; मोरक्को से महामुकाबले के लिए तैयार फ्रांस, लगातार तीसरे सेमीफाइनल पर नजर

**बोस्टन।** फीफा विश्व कप 2026 के क्वार्टर फाइनल में मोरक्को से होने वाले हाई-वोल्टेज मुकाबले से पहले फ्रांस ने सोशल मीडिया पर खास अंदाज में तैयारी का संदेश दिया है। फ्रांस की टीम ने विंगर माइकल ओलीसे का शतरंज खेलते हुए वीडियो साझा किया और लिखा, 'खेल शुरू हो चुका है, आज रात मिलते हैं।' इस पोस्ट को मोरक्को के खिलाफ होने वाली रणनीतिक जंग का प्रतीक माना जा रहा है। दिदिएर डेसचैम्प की टीम इस टूर्नामेंट में अब तक शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने सभी पांच मुकाबले जीत चुकी है। ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के बाद फ्रांस ने नॉकआउट मुकाबलों में स्वीडन और पैराग्वे को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। राउंड ऑफ-16 में पैराग्वे के खिलाफ कप्तान किलियन एमबाप्पे की पेनाल्टी टीम की 1-0 की जीत का निर्णायक क्षण रही। फ्रांस ने टूर्नामेंट में अब तक 13 गोल किए हैं। एमबाप्पे, उस्मान डेम्बेले, माइकल ओलीसे और ब्रैडली बारकोला की आक्रामक तिकड़ी विपक्षी टीमों के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है। वहीं, युवा मिडफील्डर डिजायर डुए ने भी अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है।



**डेसचैम्प के नाम दर्ज हो सकता है बड़ा रिकॉर्ड :** फ्रांस के मुख्य कोच दिदिएर डेसचैम्प इस मुकाबले के साथ फीफा विश्व कप में अपने 25वें मैच में टीम की कोचिंग करेंगे और जर्मनी के दिग्गज हेल्मुट शोन के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे। इसके अलावा वह विश्व कप में फ्रांस के कोच के रूप में अपनी 20वीं जीत दर्ज करने से भी सिर्फ एक कदम दूर हैं।

**मोरक्को भी शानदार लय में :** दूसरी ओर मोरक्को की टीम भी पूरे आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरेगी। विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज मोरक्को ने ग्रुप चरण में उपविजेता रहते हुए नॉकआउट में नीदरलैंड्स को पेनाल्टी शूटआउट में हराया और फिर राउंड ऑफ-16 में सह-मेजबान कनाडा को 3-0 से मात दी।

कनाडा के खिलाफ अज्जेदीन औनाही ने दो गोल किए, जबकि सौफियान रहीमी ने एक गोल दागा। मोरक्को जनवरी में हुए अफ्रीका कप ऑफ नेशंस के फाइनल के बाद से लगातार 10 मैचों में अजेय है। हालांकि फ्रांस के खिलाफ खेले गए पिछले छह मुकाबलों में उसे अब तक एक भी जीत नहीं मिली है। दोनों टीमों की पिछली प्रतिस्पर्धी भिड़ंत फीफा विश्व कप 2022 के सेमीफाइनल में हुई थी, जिसमें फ्रांस ने 2-0 से जीत दर्ज की थी।



## केंद्र ने इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के प्रमुख कलपुर्जों पर मूल सीमा शुल्क माफ किया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने स्मार्टफोन, लैपटॉप, वियरेबल्स (स्मार्टवॉच, फिटनेस बैंड) और स्मार्ट टीवी जैसे इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज बनाने में इस्तेमाल होने वाले सामान से बेसिक कस्टम ड्यूटी (बीसीडी) हटा दी है। यह छूट 31 मार्च, 2029 तक लागू रहेगी, जो गुरुवार से प्रभावी हो गई है। वित्त मंत्रालय ने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में इस्तेमाल होने वाले इन तीन प्रमुख कलपुर्जों के विनिर्माण में उपयोग होने वाले सामान पर मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) छूट लागू करने के लिए तीन अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी की हैं। अधिसूचना के मुताबिक सरकार ने देश में घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण को बढ़ावा देने और आयात निर्भरता कम करने के लिए डिस्प्ले असेंबली, लिथियम-आयन सेल और इंडक्टर कॉयल मॉड्यूल के निर्माण में उपयोग होने वाले सामान पर मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) माफ कर दिया है।

मंत्रालय के मुताबिक सरकार ने यह कदम स्मार्टफोन, लैपटॉप, वियरेबल्स और स्मार्ट टीवी जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए उठाया है। यह छूट उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को बढ़ावा देने के सरकार के प्रयासों के अनुरूप है।

# एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड का आईपीओ 14 जुलाई को खुलेगा, प्राइस बैंड 545-574 रुपये प्रति शेयर

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े लेंडर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की सब्सिडियरी एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड (एसबीआईएफएमएल) का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 14 जुलाई को खुलेगा। निवेशक इसमें निवेश के लिए 16 जुलाई तक बोली लगा सकते हैं।




इसके लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 545-574 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी ने गुरुवार को प्रेसवार्ता में बताया कि एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड का आईपीओ 14 जुलाई, को खुलेगा और 16 जुलाई को बंद होगा। एंकर निवेश 13 जुलाई को इसमें निवेश के लिए बोली लगा सकते हैं। कंपनी ने इसके लिए लिए मूल्य दायरा (प्राइस बैंड) 398-419 रुपये प्रति शेयर तय किया है। इसके शेयर 21 जुलाई को बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध होने की उम्मीद है।

एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड का 1 रुपये फेस वैल्यू वाला ये इश्यू पूरी तरह से 20 करोड़ से ज्यादा शेयरों का 'ऑफर फॉर सेल' (ओएफएस) है, जिसमें इक्विटी का कोई नया इश्यू नहीं है। निवेशक इसमें निवेश करने के लिए कम से कम 26 इक्विटी शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं और उसके बाद 26 इक्विटी शेयरों के मल्टीपल में बोली लगा सकते हैं। कंपनी की योजना इस इश्यू के जरिए 11,963 करोड़ रुपये जुटाने की है। एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड का ये ऑफर बुक-बिल्डिंग प्रोसेस के जरिए किया जा रहा है, जिसमें नेट ऑफर का 50 फीसदी से ज्यादा हिस्सा योग्य संस्थागत खरीदार (क्यूआईबी) के लिए रखे हैं, जबकि गैर-संस्थागत निवेशक (एनआईआई) के लिए कम से कम 15 फीसदी और खुदरा निवेशकों के लिए कम से कम 35 फीसदी हिस्सा आरक्षित है। एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड देश की सबसे बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनी है।

ये स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की सब्सिडियरी कंपनी है। इस कंपनी को 1993 में एसबीआई म्यूचुअल फंड के लिए एसेट मैनेजमेंट का काम करने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी से मंजूरी मिली।

## एडीबी ने 2026-27 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान घटाकर 6.60 फीसदी किया

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के बाद अब एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने पश्चिम एशिया संकट के कारण ऊर्जा कीमतों में संभावित बढ़ोतरी के मद्देनजर चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर का अनुमान 6.90 प्रतिशत से घटाकर 6.60 फीसदी कर दिया है। एडीबी ने गुरुवार को जारी एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) जुलाई 2026 रिपोर्ट में कहा गया कि भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए घटाकर 6.6 फीसदी किया गया है। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2027-28 के लिए इसे 7.3 फीसदी पर बरकरार रखा गया है। हालांकि, आर्थिक वृद्धि दर में इस कमी के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। एशियाई विकास बैंक की रिपोर्ट में कहा गया, "चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान अप्रैल में लगाए गए 6.9 फीसदी से घटाया गया है क्योंकि ऊर्जा की ऊंची कीमतों से वास्तविक आय पर दबाव पड़ रहा है।" इस रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2027-28 के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को अप्रैल के स्तर पर ही रखा गया है।

रिपोर्ट में कहा गया कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और मौसम संबंधी कारणों से कृषि क्षेत्र में संभावित कमजोरी जैसे जोखिम बने हुए हैं। एशियाई विकास बैंक की रिपोर्ट में महंगाई (मुद्रास्फीति) के अनुमान को अप्रैल के 4.5 फीसदी से बढ़ाकर 5.2 फीसदी कर दिया गया है। हालांकि, वित्त वर्ष 2027-28 के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान चार फीसदी पर बरकरार रखा गया है।

# भारत बना वैश्विक खेल आयोजनों का पसंदीदा केंद्र, दो वर्षों में की 36 अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की सफल मेजबानी : डॉ. मंडाविया

**नई दिल्ली।** भारत राष्ट्रमंडल खेल 2030 (कॉमनवेल्थ गेम्स) की मेजबानी की तैयारियों को तेज करने और ओलंपिक एवं पैरालंपिक 2036 की मेजबानी की अपनी दावेदारी को मजबूत करने के साथ-साथ दुनिया के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों के पसंदीदा केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा है।

भारत ने जनवरी, 2025 से जून, 2026 के बीच देश के 15 से अधिक शहरों में 36 अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया। इन आयोजनों ने न केवल भारत के विश्वस्तरीय खेल बुनियादी ढांचे को प्रदर्शित किया, बल्कि विभिन्न ओलंपिक और गैर-ओलंपिक खेलों की मेजबानी में देश की बढ़ती संगठनात्मक क्षमता को भी साबित किया। इन प्रतियोगिताओं में विश्व चैंपियनशिप, एशियाई चैंपियनशिप, विश्व कप, अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग टूर्नामेंट और महाद्वीपीय क्वालीफायर शामिल रहे। इनमें एथलेटिक्स, हॉकी, बैडमिंटन, निशानेबाजी, मुक्केबाजी, टेबल टेनिस, फुटबॉल, एक्वेटिक्स, पैरा स्पोर्ट्स, शतरंज, साइक्लिंग, फेंसिंग, वॉलीबॉल, रग्बी, सर्फिंग सहित कई खेल शामिल थे। इनमें से कई प्रतियोगिताएं भारत में पहली बार आयोजित हुईं और भारतीय खिलाड़ियों ने घरेलू मैदान पर कई ऐतिहासिक और रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन भी किए। केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने एक आधिकारिक बयान में कहा, 'भारत में अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी हमारे खेल पारिस्थितिकी तंत्र का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन चुकी है। इससे न केवल देश की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ती है, बल्कि भारतीय खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय प्रतिस्पर्धा का अवसर भी मिलता है। विदेशी दौरों पर होने वाला खर्च कम होता है, अधिकारियों और स्वयंसेवकों की तकनीकी दक्षता बढ़ती है तथा विभिन्न शहरों में खेल अवसंरचना और आयोजन क्षमता का स्थायी विकास होता है।'

**भारत में 2028 तक 29 और अंतरराष्ट्रीय आयोजन प्रस्तावित**



उन्होंने आगे कहा, 'हम 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की तैयारी कर रहे हैं और 2036 ओलंपिक की दावेदारी पेश कर रहे हैं। ऐसे में 15 शहरों में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी से मिला अनुभव हमारी क्षमताओं को और मजबूत करेगा।'

**2026 के शेष महीनों में 11 और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं**

जुलाई से दिसंबर, 2026 के बीच भारत में 11 और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इनमें प्रमुख रूप से–राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैंपियनशिप, विश्व स्नूकर चैंपियनशिप, पैरा तीरंदाजी एशिया कप, वर्ल्ड सर्फ लीग प्रतियोगिताएं, एशियाई जूनियर शतरंज चैंपियनशिप अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन, फुटबॉल और रग्बी प्रतियोगिताएं शामिल हैं।

**2027 और 2028 के लिए भी तैयार है बड़ा खेल कैलेंडर**

भारत ने 2027 और 2028 के दौरान आयोजित होने वाली 19 प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी के अधिकार भी हासिल कर लिए हैं। इनमें विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2028 (भुवनेश्वर), आईएसएसएफ विश्व कप, एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप, एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप, एफआईएच प्रो लीग का घरेलू चरण, अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिताएं, वर्ल्ड सर्फ लीग, टेबल टेनिस और पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं शामिल हैं। इसके अलावा कई राष्ट्रीय खेल महासंघ भविष्य में और अधिक एशियाई तथा विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी के लिए बोली लगाने की प्रक्रिया में जुटे हुए हैं।

**देश के कई शहर बन रहे अंतरराष्ट्रीय खेल केंद्र**

नई दिल्ली, अहमदाबाद, भुवनेश्वर, चेन्नई, गोवा, गुवाहाटी, राजगीर, पटना, हैदराबाद, पुणे, लखनऊ और महाबलीपुरम जैसे शहर लगातार अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों के प्रमुख केंद्र बनते जा रहे हैं।

भारत 2025 से 2028 के बीच 65 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की पुष्टि के साथ यह साबित कर रहा है कि वह 2030 राष्ट्रमंडल खेलों और 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। यह देश की क्षमता, दूरदृष्टि और वैश्विक खेल महाशक्ति बनने की दिशा में मजबूत कदम माना जा रहा है।